राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 196
लखनऊ, शुक्रवार 20 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



लूट का 25 हजार ईनामी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार 10

आर्बिटेशन कमेटी में अब पांच की जगह होंगे तीन सदस्य : दयाशंकर सिंह 03

## द्वितीयं ब्रह्मचारिणी



**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू। देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। इन्होंने भगवान शंकर को पति रूप में पाने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कारण इन्हें ब्रह्मचारिणी नाम से जाना जाता है। इनके हाथ में कमंडल सुशोभित होता है।

# राष्ट्रपति ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में स्थापित किया श्रीराम यंत्र

## श्रीराम यंत्र की स्थापना के साथ ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर बना नए इतिहास का साक्षी

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण पूर्ण होने पर चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस एवं सनातन नव संवत्सर (विक्रम संवत 2083) के पावन अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने यहां श्रीराम यंत्र की स्थापना की। यह श्रीराम यंत्र जन्मभूमि मंदिर के द्वितीय तल के गर्भगृह में अभिजीत मुहूर्त में वैदिक आचार्यों ने मंत्रोच्चार विधिवत पूजा अर्चना कर स्थापित कराया।

राष्ट्रपति मुर्मु ने श्रीराम मंदिर पहुंचने पर सर्वप्रथम प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कर पूजा व आरती की, तत्पश्चात श्रीराम यंत्र स्थापना का विधान सम्पन्न कराया।

संपूर्ण विधि विधान से श्रीराम यंत्र की स्थापना के साथ ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण नए इतिहास का साक्षी बन गया। श्रीराम यंत्र की स्थापना होते ही श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में प्रभु श्री राम के जयघोष से गुंजायमान हो गया।

इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, केरल से आईं माता अमृतानंदमई अम्मा जी, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी, पूज्य साधु संत एवं देश विदेश से आए सात हजार से अधिक गणमान्य उपस्थित रहे।



### दुनिया में युद्ध चल रहे और हम कर रहे हैं रामराज्य की अनुभूति : योगी

चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना पर गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब पीढ़ी नववर्ष पर ऐसे किसी टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर नहीं जाती, जहां सनातन के विरोध में कोई कार्य हो रहा है। वह नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिर जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरयू मैया अयोध्या धाम को पवित्र करते हुए अपने निर्मल जल से पूरे क्षेत्र को पवित्र करती हैं। रामराज्य की अनुभूति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में युद्ध चल रहे हैं और हम श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना कार्यक्रम में सहभागी बन रहे हैं।

### रामराज्य के आदर्शों से ही नैतिक और धर्माचरण आधारित राष्ट्र निर्माण संभव : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने जिस अयोध्या नगरी में जन्म लिया उसकी पवित्र धूलि का स्पर्श प्राप्त करना ही मैं अपना परम सौभाग्य मानती हूं। स्वयं प्रभु श्रीराम ने अपनी इस जन्मभूमि को स्वर्ग से भी श्रेष्ठ बताया था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, रामलला के दिव्य विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर के शिखर पर धर्म-ध्वजारोहण की तिथियां हमारे इतिहास और संस्कृति की स्वर्णिम तिथियां हैं। उन्होंने कहा कि रामराज्य के आदर्शों के पालन से ही नैतिक और धर्माचरण आधारित राष्ट्र निर्माण हो सकता है। राष्ट्रपति मुर्मु गुरुवार को अयोध्या में प्रभु श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में श्रीराम यंत्र की स्थापना के बाद देश की जनता को संबोधित कर रहीं थीं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि इसी अयोध्या यानी अवधपुरी और आस-पास की लोक-भाषा में संत कवि तुलसीदासजी ने 'श्री रामचरितमानस' की रचना की थी। रामचरितमानस में प्रभु श्रीराम सीताजी से कहते हैं कि यद्यपि सबने वैकुंठ का बखान किया है तथा वह वेद पुराणों में वर्णित है, जग-प्रसिद्ध है, लेकिन वैकुंठ भी मुझे अवधपुरी जितना प्रिय नहीं है। राष्ट्रपति ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, संवत्सर 2083 के शुभारंभ के दिन और नवरात्र के प्रथम दिवस पर यहां आकर मैं स्वयं को कृतार्थ अनुभव कर रही हूं। मैं देश-विदेश में रहने वाले सभी भारतवासियों और रामभक्तों को नव वर्ष की आत्मिक बधाई देती हूं। नवरात्र के अंत में रामनवमी के दिन हम सब प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाएंगे। मैं सभी को 'नवमी तिथि, मधुमास पुनीता' यानी रामनवमी के दिन मनाए जाने वाले पावन पर्व की अग्रिम बधाई देती हूं।

# नहीं दिखा चांद, ईद शनिवार को



**यूपी समेत अन्य राज्यों से भी ईद का चांद देखे जाने की नहीं मिली सूचना**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को ईद का चांद नजर नहीं आया। ईद की नमाज अब शनिवार को होगी। शुक्रवार यानी जुमा के दिन ईद होने से इसका आनंद काफी बढ़ जाता है। अब सभी घरों में उस दिन की तैयारी शुरू हो गई। आज काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग चांद को देखने के लिए प्रयास करते रहे। लेकिन, चांद नहीं दिखा। कहीं से भी चांद दिखने की सूचना नहीं मिली है।

ईदगाह के इमाम खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि यूपी समेत अन्य राज्यों से भी ईद का चांद देखे जाने की सूचना नहीं मिली।

शुक्रवार को रमजान का अंतिम रोजा रखा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मार्च इक्वीनॉक्स : 20 मार्च को सूर्य ठीक पूर्व में उदित व पश्चिम में होगा अस्त

**भोपाल।** इस साल 2026 में पहली बार सूर्य शुक्रवार, 20 मार्च को ठीक पूर्व दिशा (ईस्ट) से उदित होकर ठीक पश्चिम (वेस्ट) में अस्त होने जा रहा है। यह घटना 6 महीने के अंतराल (23 सितम्बर 2025) के बाद होने जा रही है। मप्र की नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने गुरुवार को इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 20 मार्च को भारतीय समय के अनुसार शाम 8 बजकर 16 मिनट की स्थिति में मार्च इक्वीनॉक्स की घटना होने जा रही है। इसमें पृथ्वी के झुकाव में सूर्य की परिक्रमा करते रहने के कारण सूर्य भूमध्य रेखा के ठीक लंबवत होगा। सारिका ने बताया कि आज मार्च को सूर्य भूमध्यरेखा के ठीक लंबवत होगा। इससे सूर्य ठीक पूर्व दिशा में उदित होगा तथा ठीक पश्चिम दिशा में अस्त होगा। यह घटना साल में सिर्फ दो ही दिन होती है। इस साल इसके बाद यह घटना 23 सितम्बर 2026 को होगी।

### बंगाल विस चुनाव : चुनाव आयोग ने 15 आईपीएस अधिकारियों को राज्य से भेजा बाहर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अगले महीने होने वाले दो चरणों के विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए 15 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों की राज्य सरकार द्वारा की गई वैकल्पिक तैनाती रद्द कर दी है। आयोग ने इन अधिकारियों को अन्य चुनावी राज्यों में पुलिस पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त करने का निर्णय लिया है। बुधवार देर रात जारी अधिसूचना में आयोग ने स्पष्ट किया कि जिन अधिकारियों को पहले उनके पदों से हटाकर चुनाव संबंधी जिम्मेदारियों से अलग किया गया था, उन्हें राज्य के भीतर अन्य पदों पर रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### एयर इंडिया व एयर इंडिया एक्सप्रेस आज 48 उड़ानें करेंगी संचालित

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच विमानन कंपनियां सीमित और चरणबद्ध तरीके से अपनी उड़ानों का संचालन कर रही हैं। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस तथा इंडिगो ने दुबई के लिए अपनी सेवाएं फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। साथ ही एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस मिलकर पश्चिम एशिया क्षेत्र से आने-जाने वाली 48 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित करेंगी। टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइन ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस मिलकर 19 मार्च को पश्चिम एशिया के लिए कुल 48 उड़ानों का संचालन करेंगी। एयर इंडिया के आधिकारिक बयान के आज कुल 48 उड़ानें संचालित की जाएंगी। इनमें 16 नियमित और 32 विशेष उड़ानें शामिल होंगी, जो दुबई के लिए भी उपलब्ध रहेंगी। इंडिगो ने एक्स पोस्ट पर कहा कि दुबई नागरिक उड्डयन प्राधिकरण से मिले नवीनतम अपडेट के बाद दुबई से और दुबई के लिए उड़ान संचालन 18 मार्च को 1600 बजे (डीएक्सबी स्थानीय समय) से फिर से शुरू हो गया है। अकासा एयर ने कहा कि सुरक्षा आकलन और मौजूदा स्थिति की समीक्षा के बाद वह क्षेत्र में चुनिंदा सेवाओं को धीरे-धीरे बहाल करेगी।

# देश के ऊर्जा क्षेत्र में योगदान दें वैश्विक निवेशक : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वैश्विक निवेशकों को बिजली क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री ने उनसे भारत में ''निर्माण, निवेश, नवाचार एवं विस्तार'' करने का भी आग्रह किया।

यशोभूमि में आयोजित 'भारत बिजली शिखर सम्मेलन' 2026 में केंद्रीय ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लिखित संदेश पढ़ा, जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत अपनी ऊर्जा यात्रा के निर्णायक मोड़ पर खड़ा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैं वैश्विक समुदाय को भारत में निर्माण करने, भारत में नवाचार करने, भारत में निवेश करने और भारत के साथ विस्तार करने के लिए आमंत्रित करता हूं। मुझे विश्वास है कि यह शिखर सम्मेलन सार्थक संवाद एवं स्थायी साझेदारियों को बढ़ावा देगा, जो भारत की वृद्धि को ऊर्जा प्रदान करेंगी।'' उन्होंने कहा कि इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य पूरे बिजली व ऊर्जा तंत्र को एक मंच पर लाना है, ताकि विचारों का आदान-प्रदान हो, सहयोग को बढ़ावा मिले और विकास व जीवन स्तर सुधार के लिए साझा मार्ग तैयार किया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा, ''यह विकास को ऊर्जा प्रदान करने एवं स्थिरता लाने, वैश्विक स्तर पर जुड़ने और 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के हमारे साझा संकल्प को दर्शाता है।'' उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत अपनी ऊर्जा यात्रा के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है और हम अवसंरचना को मजबूत कर रहे हैं तथा सभी के लिए विश्वसनीय ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा में भारत की प्रगति इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मोदी ने कहा कि 50 फीसदी से अधिक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता पहले ही हासिल की जा चुकी है और 2030 तक 500 गीगावाट का स्पष्ट लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' जैसी पहल वैश्विक सहयोग के हमारे दृष्टिकोण को दर्शाती हैं।



**वैश्विक निवेशकों को बिजली क्षेत्र में निवेश के लिए किया आमंत्रित**

### शांति अधिनियम 2025 परमाणु ऊर्जा में नया अवसर

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण, बैटरी विनिर्माण को आगे बढ़ाने, हरित रोजगार सृजन और साहसिक सुधारों के माध्यम से निवेश को सक्षम बनाने में एक विश्वसनीय ऊर्जा भागीदार के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि 'शांति अधिनियम 2025' परमाणु ऊर्जा में नए अवसर खोलता है, जबकि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना विकेंद्रीकृत उत्पादन एवं टिकाऊ खपत को बढ़ावा दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वितरण सुधार एवं दक्षता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिससे वित्तीय स्थिति सुधारने में मदद मिली है। इससे अधिक कुशल व टिकाऊ क्षेत्र का संकेत मिलता है, जिसमें मूल्य श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर व्यापक अवसर हैं और भारत बड़े पैमाने पर निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बन रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह शिखर सम्मेलन भारत के विकास को गति प्रदान करने हेतु सार्थक संवाद और दीर्घकालिक साझेदारियों को उत्प्रेरित करेगा।

# स्वदेशी ड्रोन निर्माण का वैश्विक केंद्र बनने के लिए मिशन मोड में काम करे भारत : राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत को मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को देखते हुए रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने, रक्षा तैयारी को सुदृढ़ करने तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी ड्रोन निर्माण का वैश्विक केंद्र बनने के मिशन मोड में कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों को अपनाना आवश्यक है। श्री सिंह ने रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा आयोजित दो दिन के राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में गुरुवार को उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियां विषय पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, नव-उद्यमों, रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार विजेताओं, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, निजी रक्षा कंपनियों, नवोन्मेषकों, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों को संबोधित किया। उन्होंने वर्तमान भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को देखते हुए रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने, रक्षा तैयारी को सुदृढ़ करने तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर ईरान और इज़राइल के बीच तनाव तक चल रहे संघर्ष इस बात के प्रमाण हैं कि भविष्य के युद्धों में ड्रोन और प्रतिरोधी ड्रोन प्रौद्योगिकियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, और ड्रोन निर्माण में आत्मनिर्भरता केवल उत्पाद स्तर पर ही नहीं बल्कि कलपुर्जे के स्तर पर भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ड्रोन के ढांचों से लेकर उसके सॉफ्टवेयर, इंजन और बैटरियों तक, सब कुछ भारत में ही निर्मित होना चाहिए। यह कोई आसान कार्य नहीं है। अधिकांश देशों में जहां ड्रोन बनाए जाते हैं, वहां अनेक महत्वपूर्ण कलपुर्जे वर्तमान में चीन से आयात किए जाते हैं। श्री सिंह ने कहा कि किसी भी देश के रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण बड़े उद्योगों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, नव-उद्यमों और नवोन्मेषकों के योगदान पर निर्भर करता है, साथ ही सरकार की स्पष्ट नीतिगत दिशा भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है, जो देश की विशिष्ट रक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप हो।




# देश में गैस की सप्लाई सामान्य : केंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते एलपीजी की स्थिति चिंताजनक होने के बावजूद देश में एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की सप्लाई सामान्य है।

सरकार ने दावा किया है कि कच्चे तेल की आपूर्ति पर्याप्त है। रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और पेट्रोल पंपों पर कोई कमी नहीं है। फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में सभी भारतीय जहाज सुरक्षित हैं और व्यापार प्रभावित नहीं हुआ है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कुवैत के क्राउन प्रिंस से बातचीत कर क्षेत्रीय शांति और भारतीय समुदाय की सुरक्षा पर चर्चा की है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने गुरुवार को रोजाना अंतर्मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते एलपीजी की स्थिति चिंताजनक है लेकिन देशभर में सभी ऑपरेशन सामान्य हैं। एलपीजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को उच्चतम प्राथमिकता दी गई है। कच्चे तेल की आपूर्ति पर्याप्त है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं और कहीं भी कमी की स्थिति नहीं है। घरेलू पीएनजी और सीएनजी की सप्लाई 100 फीसदी सुनिश्चित है।



## सांप का विष मामला

### सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की एल्विश यादव के खिलाफ प्राथमिकी व कार्यवाही

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सांप के विष मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ यूपी पुलिस द्वारा 2023 में वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी और उससे जुड़ी कार्यवाही को बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने कहा कि यह मामला कानून के तहत टिक नहीं सकता क्योंकि वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत शिकायत अधिकृत व्यक्ति द्वारा दाखिल नहीं की गई थी। न्यायालय ने कहा कि यादव के खिलाफप्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत लगाए गए आरोप गुरुग्राम में पहले दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित थे, जिसमें क्लोजर रिपोर्ट पहले ही दाखिल की जा चुकी है।

# खुलासा : आश्रम की आड़ में छप रहे थे नकली नोट

**एजेंसी, अहमदाबाद।**

गुजरात के अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने बीती देर रात अमराईवाड़ी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये की नकली भारतीय मुद्रा जब्त की है। इस मामले में सूरत की एक महिला समेत कुल 6 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपितों के पास से कुल 2.90 करोड़ की नकली नोट बरामद हुए हैं। इनमें से 2.10 करोड़ अहमदाबाद से और 80 लाख सूरत से जब्त किए गए हैं। इतनी बड़ी मात्रा में नोटों की गिनती करने में पुलिस को लगभग 6 घंटे का समय लगा। क्राइम ब्रांच के डीसीपी अजीत राजियन ने आज बताया कि आरोपित चीन से हाई क्वालिटी का पेपर मंगाकर नकली नोट तैयार करते थे। इन नोटों का इस्तेमाल वे खास तौर पर जमीन के सौदों में खपाने के लिए करते थे और इसके लिए आंगड़िया नेटवर्क का भी उपयोग किया जाता था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित पहले भी अहमदाबाद में 3-4 वित्तीय लेनदेन कर चुके हैं। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक संदिग्ध लग्जरी कार को अमराईवाड़ी में रोका, जिस पर सत्यम योग फाउंडेशन लिखा हुआ था। जांच के दौरान कार से भारी मात्रा में नकली नोट बरामद हुए। आरोपित खुद को सरकारी वाहन दिखाने के लिए भारत सरकार और आयुष मंत्रालय के नाम का दुरुपयोग कर रहे थे। पूछताछ के दौरान इस पूरे रैकेट के तार सूरत तक जुड़े पाए गए। इसके बाद सूरत क्राइम ब्रांच को सूचना दी गई, जहां उधना इलाके में छापेमारी कर हाईटेक प्रिंटिंग मशीन और अन्य उपकरण बरामद किए गए। साथ ही 80 लाख की नकली नोट भी जब्त किए गए। क्राइम ब्रांच ने अहमदाबाद और सूरत में कार्रवाई करते हुए अहमदाबाद से 2.10 करोड़ और सूरत से 80 लाख की नकली नोट बरामद किए।




**दो करोड़ की नकली करेंसी बरामद**

### लिपुलेख दर्रे से फिर शुरू होगा भारत-चीन सीमा व्यापार

**एजेंसी, पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में वर्ष 2026 के लिए भारत-चीन सीमा व्यापार को पुनः प्रारम्भ करने की दिशा में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। व्यापार अवधि जून से सितम्बर तक निर्धारित है। जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में जिला आपदा परिचालन केंद्र सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय की ओर से लिपुलेख दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार पुनः शुरू करने के लिए अनापत्ति प्रदान की जा चुकी है। इसके मद्देनजर प्रस्तावित व्यापार सत्र - 2026 को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# पाकिस्तान को अमेरिकी खुफिया प्रमुख ने बताया खतरा, भारत ने कहा-इतिहास इसकी गवाही देता है

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को लेकर दुनिया को आगाह किया है। भारत का कहना है कि पाकिस्तान का इतिहास परमाणु हथियारों के प्रसार का रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का यह बयान अमेरिकी खुफिया एजेंसी की प्रमुख की तरफ से पाकिस्तान से संभावित खतरे को लेकर दिए गए बयान पर आया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में पड़ोसी देश पर निशाना साधा। उन्होंने पाकिस्तान के गुप्त परमाणु प्रसार के दस्तावेजी इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा कि पाकिस्तान का गुप्त परमाणु प्रसार का इतिहास रहा है और इस तरह के बयान एक बार फिर यह स्पष्ट करते हैं कि उनके गुप्त परमाणु अभियानों के कारण वे दुनिया के लिए किस तरह का खतरा पैदा करते हैं।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया (डीएनआई) के निदेशक के रूप में तुलसी गैबार्ड ने सीनेट की खुफिया मामलों की चयन समिति (एसएससीआई) के समक्ष बयान दिए। उन्होंने अमेरिका को होने वाले खतरे का आकलन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि खुफिया विभाग का आकलन है कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान और पाकिस्तान परमाणु और पारंपरिक पेलोड से लैस कई प्रकार की नवीन, उन्नत या पारंपरिक मिसाइल वितरण प्रणालियों पर शोध और विकास कर रहे हैं, जो हमारी धरती को खतरे की सीमा में ला सकती हैं।



**सहूलियत** — चुनाव प्रक्रिया को अधिक समावेशी व सुलभ बनाने की दिशा में उठाया कदम

# बुजुर्गों-दिव्यांगों, सेवा मतदाताओं को मिलेगी डाक मतपत्र की सुविधा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने आगामी विधानसभा चुनावों में बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, सेवा मतदाताओं और चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करने का ऐलान किया है। यह कदम चुनाव प्रक्रिया को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने की दिशा में उठाया गया है, ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

निर्वाचन आयोग ने 15 मार्च को पांच राज्यों असम, केरल, पुदुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के आम चुनावों तथा 6 राज्यों गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा में उप-चुनावों का कार्यक्रम घोषित किया। अधिसूचनाएं 16 मार्च को असम, केरल और पुदुचेरी के लिए जारी कर दी गई हैं। मतदान की प्रक्रिया अप्रैल-मई में पूरी होगी, जबकि मतगणना 4 मई को होगी। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने गुरुवार को विज्ञप्ति जारी कर सुविधा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता और मतदाता सूचियों में चिह्नित दिव्यांगजन डाक मलपत्र के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि आवेदन फॉर्म 12घ के माध्यम से किया जाएगा। अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के जरिए रिटर्निंग अधिकारी को जमा करना होगा। उन्होंने कहा कि मतदान दल घर जाकर वोट एकत्र करेगा, जहां गोपनीयता सुनिश्चित की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि अग्निशमन, स्वास्थ्य, बिजली, यातायात, एम्बुलेंस, विमानन, सरकारी सड़क परिवहन आदि सेवाओं के कर्मचारी नोडल अधिकारी के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अधिकृत मीडियाकर्मी भी इस श्रेणी में शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि डाक मतपत्र प्राप्त कर मत दर्ज करेंगे और सुविधा केंद्र पर जमा करेंगे। ईसीआई ने गोपनीयता सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। उम्मीदवारों की अंतिम सूची के बाद इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र के जरिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतपत्र भेजे जाएंगे। सेवा मतदाताओं को डाक खर्च की कोई आवश्यकता नहीं। महत्वपूर्ण समय-सीमा और निर्देश डाक मतपत्रों का मतगणना दिवस यानी 4 मई को सुबह 8 बजे तक संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) के पास पहुंचना अनिवार्य है। रिटर्निंग अधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारी को राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को इन प्रावधानों की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं।

# गोंडा में रोजगार मेले का आयोजन 21 को

- 25 से अधिक कंपनियां देंगी नौकरी के अवसर
- रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य, ऑनलाइन-ऑफ लाइन दोनों से मिलेगा अवसर
- हाईस्कूल से लेकर बीटेक तक के अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा द्वारा उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत 21 मार्च 2026 को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला शहर के प्रतिष्ठित जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में आयोजित होगा, जिसमें 25 से अधिक निजी एवं प्रतिष्ठित नियोजक भाग लेकर युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

सहायक निदेशक (सेवायोजन) ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में अभ्यर्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थियों को सबसे पहले सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद अभ्यर्थी पोर्टल पर उपलब्ध रोजगार मेले की सूचना देखकर आवेदन कर सकेंगे।

रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, बीटेक, डिप्लोमा, आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के विभिन्न ट्रेडों से उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। सभी प्रतिभागियों से अपील की गई है कि वे अपने समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों



की मूल प्रतियां, बायोडाटा एवं चार पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 21 मार्च को प्रातः 10 बजे आयोजन स्थल पर समय से पहुंचना सुनिश्चित करें।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि रोजगार मेले में शामिल होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा। यह आयोजन युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में बेरोजगार अभ्यर्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

# अभिषेक आत्महत्या मामले में सोनल सिंह को नहीं मिली जमानत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में इंजीनियर अभिषेक श्रीवास्तव आत्महत्या मामले में सोनल सिंह की जमानत अर्जी गोंडा जिला जज दुर्ग नारायन सिंह ने खारिज कर दी है। सोनल सिंह पर अभिषेक को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है।

घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के गायत्री पुरम में 17 दिसंबर 2025 को हुई थी। सोनल सिंह फिलहाल गोंडा जेल में बंद हैं। सोनल सिंह ने गोंडा जिला जज के न्यायालय में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर 27 फरवरी से सुनवाई चल रही थी, जहां कल जिला जज दुर्ग नारायन सिंह ने सोनल सिंह की जमानत अर्जी को निरस्त कर दिया है।

आज आए कोर्ट के आदेश से यह स्पष्ट हो गया है कि सोनल सिंह को फिलहाल जमानत नहीं मिली है और वह जेल में ही रहेंगी। न्यायालय में सोनल ने तर्क दिया था कि उन्हें गलत तरीके से फंसाया गया है और उनके द्वारा कोई घटना न तो की गई है और न ही देखी गई है।

उन्होंने यह भी कहा था कि पैसे मांगने के आरोप का कोई भी डिजिटल साक्ष्य मौजूद नहीं है और न ही मृतक की बहन ने ऐसा कोई बयान दिया है। सोनल ने अपनी स्थिति बताते हुए कहा था कि वह एक महिला हैं और उनके 6 और 2 साल के दो छोटे बच्चे हैं।

गोंडा जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) ने जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए कहा था कि सोनल ने अपने पति के साथ मिलकर मृतक के खिलाफ एक फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों मृतक से पैसे की मांग कर उसे प्रताड़ित कर रहे थे, जिसके कारण अभिषेक ने आत्महत्या की है।

# सदर तहसील में लंबित पड़े सामूहिक विवाह योजना के सैकड़ों आवेदन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

सदर तहसील क्षेत्र में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बड़ी संख्या में आवेदन लंबित पड़े होने से गरीब परिवारों में निराशा बढ़ती जा रही है। विभिन्न ब्लॉकों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इटियाथोक ब्लॉक में 255, मुजेहना ब्लॉक में 299, पंडरी कृपाल ब्लॉक में 178, रूपईडीहा ब्लॉक में 196 तथा झंझरी ब्लॉक में सबसे अधिक 442 आवेदन अभी तक लंबित हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि सैकड़ों पात्र परिवार योजना का लाभ लेने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। सरकार द्वारा गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु चलाई जा रही इस योजना का उद्देश्य आर्थिक बोझ को कम करना है, लेकिन स्थानीय स्तर पर लापरवाही के कारण इसका लाभ



- गरीबों को करना होगा अगले वित्तीय वर्ष का इंतजार : जिला समाज कल्याण अधिकारी

समय पर नहीं मिल पा रहा है। कई लाभार्थियों का कहना है कि उन्होंने महीनों पहले आवेदन किया था, लेकिन अब तक कोई सूचना नहीं मिली है। इससे उनकी आर्थिक और सामाजिक परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय उदासीनता और समन्वय की कमी के चलते यह स्थिति उत्पन्न हुई है। यदि समय रहते इन आवेदनों का निस्तारण नहीं किया गया, तो योजना का उद्देश्य ही प्रभावित होगा। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर सदर तहसील में इन लंबित आवेदनों पर कब कार्रवाई होगी और गरीब परिवारों का सामूहिक विवाह कब कराया जाएगा। संबंधित विभाग और अधिकारियों को इस गंभीर समस्या पर जल्द ध्यान देकर आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह से दूरभाष परिवर्तन की गई तो उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में जितना हमारा लक्ष्य था वह पूरा हो चुका है किंतु जिला अधिकारी महोदय ने अपने प्रयास से कुछ लक्ष्य बनवाया है जिसे हम अगले वित्तीय वर्ष में इन सब की शादी करवा कर पूरा कर लेंगे।

## खबरें एक नजर में

### एमएलसी ने नए स्कूल का किया उद्घाटन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रामगांव में नवनिर्मित एवीएम ग्लोबल स्कूल का उद्घाटन किया गया। भारतीय जनता पार्टी की एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी और नारियल मैन के नाम से प्रसिद्ध धर्मेंद्र राजभर ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक गिरजा शंकर शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज की उन्नति का आधार है और यह नया स्कूल बच्चों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। धर्मेंद्र राजभर ने भी बच्चों को खेल और साहस के प्रति प्रोत्साहित किया।समारोह का मुख्य आकर्षण स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत, लोक नृत्य और देशभक्ति कार्यक्रमों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय के आधुनिक परिवेश और उसके प्रबंधन की सराहना की। अंत में, विद्यालय के प्रबंधक गिरिजा शंकर शुक्ला ने सभी अतिथियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### भारतीय नववर्ष पर सरस्वती विद्या मंदिर ने निकाली प्रभात फेरी




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बेहड़ा खैरीघाट ने एक प्रभात फेरी का आयोजन किया। इस दौरान आकर्षक झांकियों के माध्यम से सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं का प्रदर्शन किया गया। प्रभात फेरी में विद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने मां दुर्गा, भारत माता, भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और महर्षि दयानंद की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं, जिन्होंने सभी उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्यगण और प्रबंध समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रभात फेरी के मार्ग में ननकऊ सोनी, अम्बरीष मेडिकल के अमित जायसवाल और ऑटोसेल्स के अंकित ज्वेलर्स जैसे समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने बच्चों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया और जलपान की व्यवस्था भी की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने क्षेत्रवासियों को भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस आयोजन में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा द्वितीय ने सवा पांच वर्ष पुराने हत्या के एक मामले में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला कैसरगंज थाना क्षेत्र के मंझारा तौकली स्थित गंधूनाला का है। 17 सितंबर 2020 को शाम पांच बजे पुत्तीलाल अपने खेत में मवेशियों के लिए चारा काट रहे थे। इसी दौरान गांव के रामजस यादव पुत्र बेंचई ने कुदाल से उन पर हमला कर उनकी हत्या कर दी थी। इस घटना के संबंध में 18 सितंबर 2020 को कैसरगंज थाने में रामजस यादव के खिलाफ हत्या की धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचक ने 7 नवंबर 2020 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। एडीजीसी क्रिमिनल प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि अपराध तय होने के बाद कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई। इस मामले में 8 फरवरी 2023 से साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने लगे और 29 जुलाई 2023 को साक्ष्य की गवाही समाप्त हुई। न्यायालय ने निर्णय सुरक्षित रखने के बाद रामजस को दोषी पाया। बुधवार को अदालत ने रामजस को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस पर 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

### उतरौला बजाज पावर प्लांट में इंटर-यूनिट क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न, ललितपुर टीम बनी विजेता

**उतरौला, समृद्धि न्यूज।** बजाज एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, यूनिट उतरौला में आयोजित तीन दिवसीय इंटर-यूनिट क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन उत्साह और रोमांच के साथ हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बजाज एनर्जी उतरौला की टीम को 100 से अधिक रनों से हराकर एक बार फिर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम ललितपुर को इकाई उतरौला के समीर साबत एवं यूनिट हेड (शुगर) श्याम सिंह द्वारा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में उपविजेता के रूप में उतरौला की टीम रही, जबकि बजाज एनर्जी लिमिटेड, कुंदरकी (गोंडा) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बजाज ग्रुप की विभिन्न इकाइयों — ललितपुर, नोएडा, बर्खेड़ा, खंभा खेड़ा, कुंदरकी, उतरौला, एवं। मकसूदापुर — की टीमों ने भाग लेकर खेल भावना का परिचय दिया।

# अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, सात ट्रैक्टर ट्राली व एक लोडर जब्त

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हड़कंप मचा दिया है। जिला खनन अधिकारी अभय रंजन के नेतृत्व में देर रात कटरा बाजार और खरगूपुर थाना क्षेत्रों में तीन अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की गई। इस कार्रवाई के दौरान कुल 7 ट्रैक्टर-ट्रालियां और एक लोडर वाहन को अवैध खनन करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

? टीम ने कटरा बाजार के भेड़िया घाट अहिरनपुरवा से तीन ट्रैक्टर-ट्रालियां और खरगूपुर के मनोहर जोत व ककरा बलुआ से चार ट्रैक्टर-ट्रालियों सहित एक लोडर को जब्त कर संबंधित थानों के सुपुर्द कर दिया है।

# मेधावी बच्चों का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण व व्याख्यान कार्यक्रम संपन्न

- बच्चों ने 3D शो में जंगल सफारी कार्यक्रम को देखा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण व व्याख्यान कार्यक्रम जनपद के मेधावी विद्यार्थियों हेतु आंतरिक विज्ञान नगरी लखनऊ में संपन्न हुआ। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम को मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र तथा जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद ने हरी झंडी देकर रवाना किया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों से मेरिट के आधार पर चुनकर आए मेधावी 100 बच्चों को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कराया गया, जिसमें बच्चों ने आंचलिक विज्ञान केंद्र में अंडरवाटर एक्सप्लोरेशन जिसमें मरीन पॉल्यूशन, महासागरीय अंतः स्थल के परिदृश्य, कोस्टल स्पोर्ट, वाटर स्कूबा डाइविंग, लिविंग रीफ, ओसियन एंड क्लाइमेट सबमरीन, वेव जेनरेशन, कार्बन ऑफ़ द ओसियन, नेविगेशन टूल्स, वाटर साइकिल,व लिमिट्स एंड एल्टीट्यूड तथा वॉटरी प्लेनेट के बारे में विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। बच्चों ने कैक्टस कॉर्नर, सिंपल कैमरा, अनूकंपी झूला, पेंसिल कैक्टस, फर्स्ट टाइम लीवर, सूर्य घड़ी, न्यूटन डिस्क, नलिका, आकार व दूरी के बारे में गहराई से अध्ययन किया। नॉलेज ऑन स्फीयर शो को आंचलिक विज्ञान नगरी की होस्ट दीपाली ने अच्छे तरीके से समझाया।

बच्चों ने 3ड्ड शो में जंगल सफारी कार्यक्रम को देखा तथा उसका भरपूर मनोरंजन किया। समस्त शैक्षिक भ्रमण तथा वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की देखरेख में संपादित किया गया। डॉ आनंद कुमार श्रीवास्तव तथा अखिलेश कुमार उपाध्याय द्वारा वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम को संपादित किया गया। भ्रमण कार्यक्रम में जिला समन्वयकम डॉ नंदकुमार शुक्ला, ततीर फातिमा, जितेंद्र वाजपेई, सत्य चरण तथा योगेश बाजपेई अध्यापक शामिल रहे।

# संघ का लक्ष्य संस्कार देना है : डॉ. मनोज

## नव वर्ष प्रतिपदा पर आयोजित हुए कार्यक्रम



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वर्ष प्रतिप्रदा नव संवत्सर के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सह जिला संघचालक मनोज त्रिपाठी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह शिवम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ मनोज त्रिपाठी ने कहा कि संघ के 6 उत्सव अपनी कार्यपद्धति का हिस्सा हैं। संपूर्ण कार्य पद्धति का लक्ष्य संस्कार देना है कि मैं समाज के साथ एकात्म हूं। संघ के जो उत्सव हैं वो हिंदू समाज के परंपरागत उत्सव हैं।आज ही के दिन संघ के प्रतिष्ठाता आद्य सरसंघचालक पूज्य डॉ साहब का जन्म दिवस हैं । हम सभी ने आद्य सरसंघचालक प्रणाम निवेदित किया व्यक्ति के नाते नहीं। भक्त भगवान का द्वैत, व्यक्ति और ध्येय का द्वैत उनका समान था इसलिए प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति चिर पुरातन नित्य नूतन है। इसका स्मरण अपरिवर्तनीय शाश्वत सिद्धांत के प्रकाश में अखंड परिवर्तन शील समाज रचना संघ की कार्य पद्धति स्वयं पूर्ण है। इस अवसर पर विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार ,जिला प्रचारक अजय,जिला कार्यवाह भूपेंद्र, धर्मेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, रमेश, नरेंद्र शंकर, कृष्ण कुमार , राम सकल, राकेश कुमार , मस्तराम गुप्ता, विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# पयागपुर थाना प्रभारी भेजे गए लाइन, दीपक सिंह नए प्रभारी

- जगदेव हत्याकांड का खुलासा न होने पर कार्रवाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पयागपुर थाना क्षेत्र में दो माह पुराने जगदेव हत्याकांड का खुलासा न होने पर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई की है।

पयागपुर थाना प्रभारी संजय सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है, और कुंडासर चौकी प्रभारी दीपक सिंह को पयागपुर थाने का नया प्रभारी बनाया गया है।

यह मामला पयागपुर थाना क्षेत्र का है, जहां बीते 13 जनवरी को जगदेव यादव नामक व्यक्ति की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी। परिजनों ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया



था। घटना के दो माह बाद भी हत्याकांड का खुलासा न होने पर पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने यह कदम उठाया। उन्होंने संजय सिंह को लाइन हाजिर करते हुए कुंडासर चौकी प्रभारी दीपक सिंह को पयागपुर थाने का दायित्व सौंपा। इसके साथ ही, रायपुर चौकी प्रभारी पूर्णेश नारायण पांडे को कुंडासर चौकी का नया प्रभार दिया गया है।

# गैस एजेंसी संचालकों के साथ एसडीएम नानपारा ने की बैठक

- पारदर्शी एवं समयबद्ध गैस आपूर्ति के दिये निर्देश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



तहसील सभागार नानपारा में उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने तहसील क्षेत्र अन्तर्गत संचालित समस्त गैस एजेन्सियों के प्रबन्धकों के साथ आयोजित बैठक में दो टूक शब्दों में सचेत किया कि गैस वितरण में शासन द्वारा जारी गाईड लाइन का पालन सुनिश्चित करें।

गैस वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। उपभोक्ताओं की शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम ने गैस एजेन्सी संचालकों को सुझाव दिया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शी एवं समयबद्ध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करें। गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं उपभोक्ता हितैषी बनाने के लिए संचालकों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक एजेंसी पर ई-केवाईसी, सिलेंडर बुकिंग तथा उपभोक्ता पूछताछ के लिए अलग-अलग काउंटर अनिवार्य रूप से बनाए जाएं, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए कि एजेंसी परिसर में एक स्पष्ट एवं बड़ा बैनर लगाया जाए, जिसमें नियम, सेल्स ऑफिसर का नाम, मोबाईल नम्बर, एरिया मैनेजर का नाम, मोबाइल नम्बर, टोल-फ्री नंबर तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदर्शित की जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को एक नज़र में ही सही जानकारी उपलब्ध हो सके। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि राजकीय विद्यालयों, कस्तूरबा विद्यालयों एवं अन्य शासकीय संस्थानों से प्राप्त मांग पत्र के आधार पर ऑयल कंपनी से स्वीकृति प्राप्त कर नियमानुसार गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी संस्थानों में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर पूर्ति निरीक्षक बलहा, शिवपुर व नवाबगंज तथा गैस एजेंसियों के प्रबंधक एवं सहायक मौजूद रहे।

# एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से सरकारी भूमि कब्जा मुक्त

- जनसुनवाई में प्राप्त हुई शिकायत का तत्काल हुआ निस्तारण
- एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने राजस्व टीम को मौके पर भेज कर हटवाया कब्ज़ा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की जनसुनवाई में ग्राम खटीकन, परगना चर्दा, तहसील नानपारा निवासी सफीकन पुत्री घसीटे द्वारा इस आशय की शिकायत की गई कि गाटा संख्या 323, रकबा 0.111



हेक्टेयर भूमि, जो कि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के नाम दर्ज (सरकारी भूमि) है, उस पर ग्राम निवासी मेंराज पुत्र मकबूल द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई। राजस्व टीम की जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर सरकारी भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जे को ध्वस्त करवा दिया गया और सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया तथा भूमि को कब्जा मुक्त कराकर पुनः सरकारी अभिलेखों के अनुसार सुरक्षित कराया गया। उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने बताया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी भूमि, चकमार्ग अथवा सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों के संज्ञान में आने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई अमल में लायी जाय।

# पयागपुर थाना की कमान संभालते ही दीपक सिंह सख्त

## अपराध पर अंकुश का दिया भरोसा



**पयागपुर-बहराइच, समृद्धि न्यूज।** थाना पयागपुर में उपनिरीक्षक दीपक सिंह को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने की बात कही। दीपक सिंह ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिसिंग को सक्रिय और जवाबदेह बनाने का आश्वासन भी दिया। नवागत थाना अध्यक्ष दीपक सिंह के सामने सबसे बड़ी चुनौती जगदेव हत्याकांड का खुलासा करने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को पटरी पर लाने की है। स्थानीय लोगों की नजरें अब पुलिस की कार्यप्रणाली और नए प्रभारी पर टिकी हैं।

# हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर भजन संध्या आयोजित भक्तिमय माहौल में हुआ नववर्ष का स्वागत

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

सीमाक्षेत्र के ग्राम पिपरा दुर्गानगर में हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर बुधवार शाम भव्य भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर को फूलों और पत्तियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर दिव्यता और आस्था के रंग में रंग गया।

स्थानीय भक्तों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्रीय गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजन संध्या में राधा-कृष्ण के भजन, नवदुर्गा स्तुति, पचरा, सोहर तथा मंगलगीतों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। देर रात तक चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में पुरुष और महिला श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजन-अर्चन और सुमिरन के माध्यम से नववर्ष का स्वागत किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सनातन नववर्ष और चैत्र नवरात्रि की शुरुआत ईश्वर की आराधना एवं मंगल कामनाओं के साथ करना रहा। श्रद्धालुओं ने मां विंध्यवासिनी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर परिवार और



क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पंडित नवरत्न मिश्र ने कहा कि सनातन नववर्ष प्रकृति और सृष्टि के नवजीवन का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस समय पेड़ों में नई पत्तियां और कलियां आती हैं, जिससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे शुभ समय में ईश्वर की भक्ति के साथ वर्ष की शुरुआत करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। कार्यक्रम में रामकुमार, पप्पू मिश्रा, अध्यक्ष रामउजागर, अमन वकील, राधेश्याम, कोटेदार शिवकुमार, गुरु दर्जी, संजय, नीरज, अंकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता में स्थानीय ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया और नववर्ष के स्वागत को यादगार बना दिया।

# गैस सिलेंडर महंगाई व अव्यवस्था पर कांग्रेस का प्रहार, सुधार न हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों, आपूर्ति व्यवस्था में अव्यवस्था और उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कतों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को जोरदार विरोध दर्ज कराया। पार्टी नेताओं ने विभिन्न गैस एजेंसियों पर पहुंचकर उपभोक्ताओं से बातचीत की और उनकी समस्याओं को करीब से समझा।

इस दौरान जिलाध्यक्ष शिवलाल कोरी ने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने आम जनता, खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि पहले ही महंगाई से जूझ रही जनता के लिए रसोई गैस अब एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है।

प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि गैस सिलेंडर आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर ओवरचार्जिंग और कालाबाजारी की




शिकायतें मिल रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे स्थिति और गंभीर होती जा रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है और उन्हें घंटों लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही गैस वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी व्यापक स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगी।

कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की कमी है, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और होम डिलीवरी व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मारकंडे मिश्र, अवधेश पाल सिंह, विजय कुमार उपाध्याय, अनिल सिंह डिपर, राजेश सिंह, राजेश कुलदीप, विशाल कश्यप, अमेरिका, राधेश्याम यादव, दादू सिंह, लाखन सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि पार्टी आम जनता के हितों के लिए संघर्षरत है और गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी तथा आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त कराने के लिए आगे भी आवाज उठाती रहेगी।

**कार्यालय नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच**

पत्रांक संख्या- 283/न0प0रि0/2026 दिनांक- 19.03.2026

(पुनः अल्पकालिक ई- निविदा सूचना)

समस्त विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारोंह्य/फर्मों को सूचित किया जाता है 15वां वित्त आयोग योजना से बायो कम फाइटो रेमिडेशन कार्य हेतु ई- निविदा के माध्यम से दिनांक 20/03/2026 से दिनांक 30/03/2026 को अपराह्न 12.30 बजे तक निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। जिसकी तकनीकि विड को दिनांक 30/03/2026 को अपराह्न 04.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों व अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। ई- निविदा सम्बंधी समस्त कार्य शर्तें एवं अन्य विवरण ई निविदा की वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अध्यक्ष
नगर पंचायत रिसिया
जनपद-बहराइच।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रिसिया
जनपद-बहराइच।

# मजबूत हो रही गांवों की अर्थव्यवस्था : जयवीर



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में अहम पहल करते हुए पर्यटन विभाग के अंतर्गत संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट एमकेआईटीएम में प्रदेश भर से आए होम-स्टे मालिकों के लिए पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

20 मार्च तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में 31 प्रतिभागियों को होम-स्टे के कुशल संचालन, आधुनिक पर्यटन कौशल और बेहतर आतिथ्य सेवाओं की बारीकियों की जानकारी दी जा रही हैं। यह पहल आतिथ्य से आत्मनिर्भरता के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एमकेआईटीएम में होम-स्टे मालिकों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम में प्रतिभागियों को होम-स्टे की अवधारणा, आवश्यकता और उपलब्धता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कम लागत में प्रभावी होम-स्टे सिस्टम विकसित करने के तरीके सिखाए गए। टैरिफप्लान, बजट और लागत नियंत्रण की तकनीकों पर जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को समस्या समाधान, सेवाओं में सुधार, होम-स्टे के रखरखाव और इंटीरियर साज-सज्जा के महत्वपूर्ण पहलुओं से भी अवगत कराया गया। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम-स्टे संचालकों को अब पारंपरिक ढर्रे से निकालकर आधुनिक और पेशेवर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। लखनऊ, वाराणसी, लखीमपुर खीरी, बरेली, सिद्धार्थनगर, अम्बेडकर नगर, शाहजहांपुर, कासगंज और उन्नाव से पहुंचे प्रतिभागियों ने इस पहल को ग्रामीण पर्यटन के लिए गेमचेंजर बताया। शाहजहांपुर के यादव होम स्टे के संचालक देवेंद्र सिंह, कासगंज के गुप्ता होम स्टे के आकाश सिंह और उन्नाव के बक्सर स्थित राहुल होम स्टे के राहुल कुमार समेत अन्य प्रतिभागियों ने कहा कि प्रशिक्षण से उन्हें अपने व्यवसाय को बेहतर तरीके से संचालित करने और पर्यटकों को बेहतर अनुभव देने में बड़ी मदद मिलेगी। सरकार का मानना है कि आने वाले समय में होम-स्टे राज्य के पर्यटन की मजबूत नींव बनेंगे। पर्यटकों को सुरक्षित,आरामदायक सुविधाएं, बेहतर खान-पान और घर सा अपनापन मिले ताकि हर सैलानी खास अनुभव लेकर लौटे।

**▸ होम-स्टे मालिकों ने सीखे आधुनिक प्रबंधन के गुर**

**उद्यमिता विकास कार्यक्रम आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर नवाचार और कौशल विकास पर जोर दे रही है। होम-स्टे मालिकों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण पर्यटन को सशक्त कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। देशी-विदेशी पर्यटकों की बढ़ती आमद के बीच उत्तर प्रदेश में होम-स्टे मॉडल उभर रहा है।

# आर्बिटेशन कमेटी में अब पांच की जगह होंगे तीन सदस्य : दयाशंकर सिंह

**▸ चालकों व परिचालकों के प्रकरणों के निस्तारण में आयेगी तेजी**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने संविदा चालकों, परिचालकों के अनुबन्ध क्रियान्वयन पर विवाद की स्थिति में आर्बिटेशन समिति नामित किये जाने के संबंध में नये प्राविधान किये हैं। आर्बिटेशन समिति अब 5 की जगह 3 सदस्यीय गठित की जायेगी।

परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि चालकों, परिचालकों की संविदा सेवा को लेकर आ रही परेशानियों को देखते हुए परिवहन निगम ने आर्बिटेशन समिति में परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। काफी संख्या में चालकों,परिचालकों के अनुबंध संबंधी प्रकरण सामने आ रहे थे, जिनके निस्तारण में काफी समय लग रहा था। अभी तक की व्यवस्था के तहत आर्बिटेशन एक्ट-1996 की धारा-10 (1) के अनुसार 5 सदस्यीय आर्बिटेशन समिति का गठन किया जाता था, जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक, सेवा प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त क्षेत्र के वरिष्ठतम सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, सहायक विधिय अधिकारी शामिल होते थे। नये बदलाव के अनुसार अब क्षेत्रीय प्रबंधक के अलावा ऊपर वर्णित अधिकारियों में से कोई दो अधिकारी को शामिल करते हुए समिति का गठन किया जायेगा। इससे आर्बिटेशन संबंधी प्रकरणों में तेजी आयेगी,समय से चालकों परिचालकों का प्रकरण निस्तारित हो सकेगा।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ यूनिवर्सिटी में आउटसोर्सिंग कर्मचारीयों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ यूनिवर्सिटी में कर्मचारियों ने आउटसोर्सिंग पर करने का विरोध किया है। नगर अध्ययन एवं पर्यावरण केंद्र के कर्मचारियों ने अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि काम के दौरान अधिकारी मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। लगातार ऐसी स्थिति होने के बावजूद परिवार को पालने के लिए नौकरी कर रहे थे, लेकिन अब हम लोगों को लखनऊ यूनिवर्सिटी के क्षेत्रीय नगर अध्ययन एवं पर्यावरण केंद्र के कर्मचारी धरने पर बैठे अधिकारियों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप।आउटसोर्सिंग पर नौकरी कर दी जा रही है, जिसके चलते हमारी नौकरी पर खतरा है हमारी मांग है। अस्थायी नहीं स्थायी नौकरी दी जाए। इसको लेकर वह विभाग के खिलाफधरना दे रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि हम लोग यहां पर 20 सालों से कोई 15 साल और कोई आठ साल से काम कर रहा है। पर अब यह लोग आउटसोर्सिंग से हम लोगों को नियुक्त करेंगे। इसको लेकर विरोध हो रहा है।

### राजधानी में नौ बाइक व थार सीज पुलिस ने स्टंटबाजों को पकड़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ की सड़कों पर फर्राटा भरते और स्टंट कर दहशत फैलाने वाले युवकों पर गुरुवार तड़के पुलिस ने शिकंजा कसा। गोमतीनगर विस्तार इलाके में सुबह-सुबह पुलिस ने 9 मॉडिफाइड और तेज रफ्तार बाइकों को सीज कर दिया। बिना नंबर प्लेट के दौड़ रही एक थार को भी कब्जे में ले लिया। स्टंटबाज युवक लड़कियों को बैठाकर रील बनाते हुए मॉडिफाइड बाइकों को उड़ा रहे थे। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर सब पर कार्रवाई कर दी। कार्रवाई पुलिस कमिश्नर और संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) के निर्देश पर की गई। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में टीम ने अलग-अलग प्वाइंट पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच की। चेकिंग के दौरान पकड़ी गई अधिकांश बाइकों में साइलेंसर से छेड़छाड़ कर तेज आवाज निकाली जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, यह न सिर्फमोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है, बल्कि ध्वनि प्रदूषण बढ़ाने के साथ आम लोगों के लिए परेशानी का कारण भी बनता है। अधिकारियों ने साफ कहा कि ऐसे वाहनों के खिलाफलगातार अभियान जारी रहेगा। पूछताछ में खुलासा हुआ कि कुछ युवक बाराबंकी से लखनऊ सिर्फरील बनाने के लिए आए थे। ये जनेश्वर मिश्र पार्क के पास स्टंट कर वीडियो शूट कर रहे थे। पुलिस ने मौके पर ही उन्हें पकड़ लिया और उनकी गाड़ियां सीज कर दीं। पुलिस ने सभी जब्त वाहनों को थाने में खड़ा करा दिया है। चालकों के खिलाफविधिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि सार्वजनिक सड़कों पर स्टंट, रेसिंग और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफआगे भी इसी तरह सख्ती जारी रहेगी।

### वन विभाग के कर्मचारियों की समस्या का जल्द होगा समाधान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वन विभाग के कर्मचारियों की मांगों पर जल्द ही बैठक हो सकती है। जिससे कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। यह कहना है राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा का। इससे पहले उन्होंने आज पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रमुख सचिव वी.हेकाली झिमोमी से मुलाकात की और कर्मचारियों की समस्याओं की जानकारी दी। महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से सम्बद्ध वन विभाग के कर्मचारी संगठनों की विभिन्न मांगों से भी प्रमुख सचिव को अवगत कराया, साथ ही कर्मचारी हित में सार्थक निर्णय किये जाने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव वी. हेकाली झिमोमी ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने वन विभाग के कर्मचारियों को यह संदेश दिया गया कि प्रदेश के वन कर्मी पूरी तन्मयता से अपने राजकीय कार्यों का सम्पादन करें। जिससे प्रदेश सरकार की नीतियों को शत-प्रतिशत फील्ड स्तर पर लागू कराया जा सके। उन्होने संगठन को भी आश्वस्त किया और कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के लिये सरकार पूर्ण रूप से संवेदनशील है व कर्मचारियों के लिये सार्थक कदम उठाये जायेंगे। उन्होने यह भी कहा कि जल्द ही वे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिशद के साथ सम्बद्ध वन विभाग के संगठनों के साथ बैठक करके उनकी मांगों पर भी विचार कर उन्हें पूरा कराने का कार्य करेंगी।

### 20 जनपदों में 32 प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र के लिए आवेदन एक अप्रैल से

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** परिवहन विभाग ने योग्य चालक मुहैया कराने के दृष्टिगत प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना एवं रखरखाव हेतु पारदर्शितापूर्ण पर्यवेक्षण हेतु पोर्टल का विकास किया है। विकसित पोर्टल पर आवेदन ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किये जायेगे। आवेदकों के आवेदन प्रपत्र वांछित अभिलेखों के साथ पोर्टल पर स्वीकार किये जायेगे। अध्यक्ष राज्य परिवहन प्राधिकरण किंजल सिंह ने बताया कि इच्छुक चालन प्रशिक्षण केन्द्र की अर्हता व अन्य शर्तों के क्रम में आवेदन पोर्टल पर 1 अप्रैल को अपराह्न 12 बजे से प्रस्तुत कर सकते हैं। 20 जनपदों मे 32 रिक्तियां हैं। बलिया में रिक्तियों की संख्या 4, कानपुर नगर, बदायू में 3-3, महराजगंज, लखीमपुरखीरी, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, बलरामपुर में 2-2 एवं रामपुर, हरदोई, फिरोजाबाद, अम्बेडकरनगर,महोबा कुशीनगर, बहराइच, फर्रुखाबाद, चन्दौली, फतेहपुर, चित्रकूट, श्रावस्ती में 1-1 रिक्तियां हैं।

# डॉ. हेडगेवार के आदर्शों से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सरकारी आवास, 7-कालिदास मार्ग पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं प्रथम सरसंघचालक परम पूज्य डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी की जयंती के अवसर पर उनके स्मृति चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

श्री मौर्य ने कहा कि डॉ. हेडगेवार जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन शक्ति और सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी हमें एक सशक्त, संगठित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की प्रेरणा देते हैं।

हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में एकता, समरसता और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। डॉ. हेडगेवार जी द्वारा स्थापित मूल्यों के अनुरूप कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अंत्योदय के सिद्धांत को अपनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने को प्रतिबद्ध है।

**▸ डॉ. हेडगेवार की जयन्ती पर उप मुख्यमंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि**

**चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष पर उपमुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बधाई व शुभकामनायें**

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पावन पर्व चैत्र नवरात्रि एवं भारतीय हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह पावन पर्व आदिशक्ति माँ जगदम्बा की उपासना, श्रद्धा और आत्मशक्ति के जागरण का प्रतीक है। चैत्र नवरात्रि हमें सकारात्मक ऊर्जा, संयम, साधना और नवचेतना का संदेश देता है, हिन्दू नववर्ष भारतीय संस्कृति, परंपरा और नवआरंभ का प्रतीक है। श्री मौर्य ने कहा कि माँ दुर्गा की आराधना से जीवन में साहस, शक्ति और आत्मविश्वास का संचार होता है। यह पर्व हमें समाज में सद्भाव, सेवा और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कामना की कि माँ जगदम्बा की असीम कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य का वास हो। प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहे तथा प्रत्येक नागरिक के जीवन में उन्नति, खुशहाली और कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो।उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि इस पावन अवसर पर सभी लोग आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं स्वच्छता का संकल्प लेते हुए उत्सव को श्रद्धा, सादगी और उल्लास के साथ मनाएं।



### श्याम शरण में आजा रे की शूटिंग संपन्न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री खाटू श्याम महाराज पर आधारित भक्ति फिल्म श्याम शरण में आजा रे की शूटिंग गुरुवार को बिजनौर, लखनऊ में संपन्न हुई। सनातन धर्म की मूल भावना श्रद्धा ,सेवा, करुणा और ईश्वर के प्रति समर्पण को दर्शाने वाली फिल्म का निर्माण खरी कसौटी प्रोडक्शन हाउस द्वारा किया जा रहा है इसके निर्माता कृष्ण चंद्र विश्नोई और सहनिर्माता सरोज त्रिवेदी हैं लेखक एवं निर्देशक संदीप सिंह है कार्यकारी निर्माता सलीम खान एवं छायांकन योगेश साहनी का है फिल्म में बबलू चक्रवर्ती, शिव मिश्रा ,राज द्विवेदी ,संजना मिश्रा, वंदना बाजपेई, आयुषी गुप्ता, मोनिका अग्रवाल, रमजान शाह, प्रमोद शुक्ला, कार्तिक त्रिवेदी एवं अनुवी त्रिवेदी सहित कई कलाकार शामिल हैं। निर्माता का कहना है कि यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं बल्कि एक अध्यात्मिक संदेश है जो समाज को अपनी जड़ों और सनातन परंपराओं से जोड़ने का कार्य करेगी।

# पुनर्निर्मित रेलवे यूनियन भवन का उद्घाटन



**▸ डिप्टी सीएम और महापौर ने फीता काटा**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ के आर्य नगर, नाका हिंडोला स्थित पुनर्निर्मित नार्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन भवन का आज भव्य उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम को नव संवत्सर के साथ जोड़कर आयोजित किया गया, जिससे इसका महत्व और बढ़ गया। सुबह से ही यूनियन से जुड़े कर्मचारी और पदाधिकारी बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने लगे थे। माहौल पूरी तरह उत्सव जैसा रहा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस तरह के भवन कर्मचारियों के संगठन और कामकाज को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी कार्यक्रम में मौजूद लोगों को नव वर्ष की बधाई दी। उन्होंने कहा कि नए भवन के बनने से कर्मचारियों को बेहतर बैठने, मीटिंग और संगठनात्मक कामों के लिए अच्छी जगह मिलेगी, जिससे उनका काम और आसान होगा। इस कार्यक्रम में नगर आयुक्त गौरव कुमार भी शामिल हुए। इसके अलावा नार्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन के कई केंद्रीय पदाधिकारी जैसे प्रवीण कुमार, हरप्रीत सिंह, मो. रफीक, प्रेम सोनकर और प्रवीणा सिंह भी मौजूद रहे। साथ ही दिल्ली, मुरादाबाद, लखनऊ, कारखाना और अन्य मंडलों से आए अध्यक्ष और मंत्री भी कार्यक्रम में शामिल हुए। बड़ी संख्या में शाखा स्तर के पदाधिकारी और कर्मचारी भी पहुंचे, जिससे कार्यक्रम में काफी भीड़ और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन मंडल मंत्री विभूति मिश्रा और मंडल अध्यक्ष सुधीर तिवारी ने किया। दोनों ने पूरे कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया। अंत में कारखाना मंडल के मंडल मंत्री अनूप बाजपेई ने सभी अतिथियों और कर्मचारियों का धन्यवाद किया और कार्यक्रम का समापन किया।

# बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी पूर्वोत्तर रेलवे की शताब्दी वर्ष हेरिटेज प्रदर्शनी

**▸ शताब्दी वर्ष मे एनईआर की हेरिटेज प्रदर्शनी-बच्चों ने जाना रेलवे का सुनहरा इतिहास**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी के लखनऊ जंक्शन के शताब्दी वर्ष में भारतीय रेलवे के इतिहास से सम्बन्धित एक हेरिटेज प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जो कल दिनांक 20 मार्च तक चलेगी।

हमारी विरासत प्रदर्शनी का आयोजन पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग स्थित लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर किया गया है। प्रदर्शनी में रेलवे के पुरातन गौरवशाली इतिहास के साथ आज की आधुनिकतम् रेलवे का सजीव प्रदर्शन किया गया है। जो स्कूली बच्चों के साथ-साथ आज के बड़ों के लिए भी प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जखनऊ जंक्शन पहॅुच रहे है। हेरिटेज प्रदर्शनी में भाप से चलने वाला नेरो गेज का इंजन ऐरावत लोगों के लिए सेल्फी प्वाइंट का केन्द्र बना है। लोग भारतीय रेलवे से रिप्लेस या विलुप्त हो चुके अनेक उपकरणों तथा पुरानी कार्य प्रणाली के साथ आज की आधुनिकतम उपकरणों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर रहे है। लखनऊ जंक्शन के उप-स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि अबतक सैकड़ों की संख्या में विभिन्न विद्यालयों के बच्चो ने इस हेरिटज प्रदर्शनी का भ्रमण किया है। आज राजाजीपुरम् स्थित सेंट जोसेफ मॉन्टेसरी स्कूल के कक्षा आठ व नौ के साठ बच्चों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बच्चों तथा आमलोगों को विस्तार से सम्झााने के जिये पूर्वोत्तर रेलवे ने लोगों की पूरी टीम लगा रखी है। इस अवसर पर आरपीएफ ने भी अपने स्टाल तथा उपकरणों के माध्यम से रेलवे तथा यात्रियों की सुरक्षा प्रणाली के साथ रेलवे के 139 हेल्पलाइन के बारे में भी विस्तार से बताया। शताब्दी वर्ष में आयोजित यह हेरिटेज प्रदर्शनी वास्तव में राजधानी वासियों व स्कूली बच्चों के लिए अपनी विरासत भारतीय रेलवे के इतिहास व वर्तमान कार्य प्रणाली को जानने व देखने के लिए एक सुनहरा अवसर है।

परन्तु प्रचार के अभाव में अभी भी लोगों को इस अद्भुत निःशुल्क प्रदर्शनी की जानकारी नहीं है। 20 मार्च अंतिम तिथि होने के कारण बच्चों ने इसे आगे बढ़ाये जाने को कहा है, ताकि और अन्य बहुत से लोग इसे देखकर भारतीय रेलवे के बारे मे दूसरों को बता भी सकें।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज, कई सामान जब्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम लखनऊ ने शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को व्यापक अभियान चलाया। अभियान के दौरान नगर निगम के प्रवर्तन दल-296 और कर अधीक्षक बनारसी दास की देखरेख में अवरोधक सामग्री हटाकर यातायात को सुचारु कराया गया। मौके से 2 ठेले, 2 लोहे के काउंटर और 5 लकड़ी की बेंच जब्त की गई।जोन-7 में भी जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में नालियों, नालों और सड़कों के किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। मालविय चौराहा और मटियारी चौराहा के आसपास अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान 2 लोहे के काउंटर, 1 ड्रम और 1 कुर्सी जब्त की गई।

# सोशल मीडिया क्रिएटर्स से मिले अखिलेश यादव, सकारात्मक कंटेंट पर दिया जोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया कंटेंट को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए इन्फ्लुएंसर्स से सकारात्मक संदेश देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किया जाने वाला हर पोस्ट केवल व्यक्तिगत अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदारी भी है। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने इन्फ्लुएंसर्स को उनके कंटेंट को लेकर सुझाव भी दिए। बैठक के बाद सोशल मीडिया के जरिये अखिलेश यादव ने कहा कि एक इन्फ्लुएंसर के रूप में यह दायित्व बनता है कि वह समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करे। सकारात्मक सोच और संदेश न केवल समाज को बेहतर बनाते हैं, बल्कि इससे जुड़ने वाली ऑडियंस भी अधिक भरोसेमंद और स्थायी होती है। उन्होंने कहा कि नकारात्मक कंटेंट से लोग जल्दी ऊब जाते हैं, क्योंकि कोई भी लंबे समय तक नकारात्मक माहौल में रहना पसंद नहीं करता।

अखिलेश यादव ने कहा कि जल्द ही लखनऊ स्थित मुख्यालय में सभी सकारात्मक सोच रखने वाले सोशल मीडिया क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स से मुलाकात करेंगे। इसके लिए पूर्व सूचना दी जाएगी, ताकि सभी लोग अपनी सुविधा के अनुसार शामिल हो सकें।

**समस्या** | **यूपीएसआईएफएस में जल्द स्थापित होगी लैब**

# योगी सरकार अपराध के बदलते तरीकों पर पांच नई लैब्स से लगाएगी ब्रेक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




योगी सरकार ने अपराध के बदलते तरीकों पर रोक लगाने के लिए यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज में पांच नई लैब स्थापित करने का निर्णय लिया है। लैब के जरिये इंस्टीट्यूट के छात्र अपराध के विभिन्न स्वरूपों की जांच करने के तरीके सीख सकेंगे।

यूपी पुलिस के जांबाज लैब्स से विभिन्न तरीकों से होने वाले अपराधों पर लगाम लगाने के गुण सीख सकेंगे। योगी सरकार इंस्टीट्यूट में क्वांटम कंप्यूटिंग लैब, चैलेंज्ड ऑडियो-वीडियो लैब, 3-डी प्रिंटिंग लैब, आईटी,ओटी सिक्योरिटी के लिए एससीएडीए लैब और डिजिटल फॉरेंसिक लैब शुरू करेगी। लैब्स के शुरू होने से प्रदेश में अपराधों की जांच और साक्ष्य विश्लेषण की क्षमता में बड़ा सुधार होगा।

वर्तमान में इंस्टीट्यूट में पांच लैब्स संचालित हैं। इनमें एडवांस्ड साइबर फॉरेंसिक, एडवांस्ड डीएनए प्रोफाइलिंग, एआई-ड्रोन एंड रोबोटिक्स, डॉक्यूमेंटेशन एग्जामिनेशन और इंस्ट्रूमेंटेशन लैब्स शामिल हैं। स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा मॉर्डन टेक्नोलॉजी अपनाने पर जोर देते हैं। सीएम योगी की मंशा अनुरूप इंस्टीट्यूट में पांच नई लैब की स्थापना की तैयारी की जा रही है। इसमें क्वांटम कंप्यूटिंग लैब के माध्यम से जटिल डाटा एनालिसिस और एन्क्रिप्शन से जुड़े मामलों को तेजी और सटीकता से सुलझाया जा सकेगा।

यह लैब साइबर अपराधों की जांच में विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी। 3-डी प्रिंटिंग लैब अपराध स्थलों के मॉडल तैयार करने, हथियारों के प्रतिरूप बनाने और घटनाओं के रीक्रिएशन में मदद करेगी। इससे जांच एजेंसियों को केस को बेहतर तरीके से समझने और अदालत में प्रभावी प्रस्तुति देने में सहायता मिलेगी। वहीं, एससीएडीए लैब आईटी और ओटी सुरक्षा से जुड़े मामलों की जांच के लिए महत्वपूर्ण होगी, खासकर औद्योगिक संस्थानों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर होने वाले साइबर हमलों की पड़ताल में अहम भूमिका निभाएगी। डिजिटल फॉरेंसिक लैब से मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों से डाटा रिकवरी और विश्लेषण की क्षमता बढ़ेगी। साइबर क्राइम, वित्तीय धोखाधड़ी और तकनीकी अपराधों की जांच और भी प्रभावी हो सकेगी।

योगी सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश में न्याय प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया जाए। नई लैब्स के शुरू होने से केसों के निस्तारण में तेजी आएगी और दोषियों को जल्द सजा दिलाने में मदद मिलेगी।

# नवरात्रि में भक्तिमय हुआ लखनऊ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



चैत्र नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को राजधानी लखनऊ के प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मां दुर्गा के जयकारों और भक्ति गीतों के बीच शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। यहां लखनऊ समेत प्रदेशभर से देवी मां के दर्शन करने आ रहे हैं।

शहर के विभिन्न मंदिरों में लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। भक्तों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। चन्द्रिका देवी मंदिर के पंडित राम गोपाल दुबे का कहना है कि ये एक प्राचीन मंदिर है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्त मंदिर में पहुंचने लगे समय बढ़ाने के साथ भक्तों की भीड़ बढ़ाने लगी। अब नवरात्र भर यहां मेला लगेगा। देवी दुर्गा का एक ही मंदिर है जिसकी वृहद मान्यता हैं। नवरात्र भर भक्त परिवार संग माँ दुर्गा के दर्शन कर उपासना करेंगे और माता दुर्गा से मन्नते मागेंगे। बताया जाता है कि प्राचीन परंपरा के अनुसार यहाँ जो भक्त कराही (पूड़ी लपसी का चढ़ावा) देता है सकी मान्यता देवी मां अवश्य पूरा करती हैं। जिस भक्त की मान्यता पूरी हो जाती है। और मान्यता के अनुसार लोग अपने बच्चों का मुंडन कराते हैं तो यही चढ़ावा चढ़ते हैं। उनका कहना है कि यहां जो भी भक्त सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसकी मनोकामना जरुर पूरी होती है।

नवरात्रि एवं आगामी त्योहारों के मद्देनजर लखनऊ में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार ने बताया कि सभी प्रमुख मंदिरों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# जनगणना-2027: दूसरे दिन प्रशिक्षण सत्र का हुआ आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में भारत की जनगणना-2027 से संबंधित जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आज द्वितीय दिवस पर प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनगणना के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। चार्ज अधिकारियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, दायित्वों तथा तकनीकी प्रावधानों के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया। भारत की जनगणना 2027 के लिए समय सीमा, फ्रेम, जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कि जनगणना से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने जनगणना बिंदुओं पर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए।

एचएलबी काटने का कार्य 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से कार्य संपादित करने के निर्देश दिए, ताकि जनगणना संबंधी तैयारियों में किसी प्रकार की देरी न हो। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित स्थलों का पूर्व में स्थलीय निरीक्षण अवश्य कर लिया लें। निरीक्षण उपरांत वार्ड की सीमाओं एवं सड़कों का भली-भांति चिन्हांकन सुनिश्चित करें तथा सड़क सीमांकन के पश्चात ही इन्यूमरेटरों का निर्धारण किया, जिससे समस्त कार्य सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित रूप से संपादित हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इन्यूमरेटरों के प्रशिक्षण के लिए प्रत्येक बैच में 50 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाए तथा प्रत्येक बैच हेतु दो फील्ड ट्रेनरों को नामित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रशिक्षण प्रारंभ होने से पूर्व सभी इन्यूमरेटरों के नियुक्ति पत्र तैयार कर लिए जाएं, तत्पश्चात प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि इन्यूमरेटरों का समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए। इसके अतिरिक्त सभी कार्मिकों को शीघ्र ड्यूटी आवंटित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित करे, कि एक इन्यूमरेटर को दो वार्डों में तैनात न किया जाए तथा इस व्यवस्था का विशेष रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, सेल्फ एन्यूमरेटर व्यवस्था को लागू करने हेतु पृथक एवं विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे अधिक से अधिक नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से प्रपत्र भर सकें। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने अवगत कराया कि चार्ज अधिकारियों, सुपरवाइजरों एवं इन्यूमरेटरों की यूजर आईडी सीएमएमएस पोर्टल पर बनाई जाएगी। ड्यूटी नामांकन से लेकर ड्यूटी आवंटन तक की समस्त प्रक्रिया सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से ही संपन्न की जाएगी। इस हेतु एक टेस्ट साइट तैयार की गई है, जिसके माध्यम से चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। टेस्ट साइट test.census.gov.in है, जिसमें यूजर आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर प्रशिक्षण प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आधिकारिक पोर्टल census.gov.in है, जिस पर वास्तविक कार्य संपादित किए जाएंगे। अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) द्वारा जनपद के समस्त चार्ज अधिकारियों को जनगणना-2027 को सफलता पूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक अधिकारियों द्वारा जनपद में जनगणना किए जाने से संबंधित समस्त बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिला गणना अधिकारी श्री अरविंद जी की उपस्थित में समस्त चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## किसी की चेन पुलिंग से ट्रेन रही घंटों खड़ी

**रोजा, शाहजहांपुर।** एक 5211 दरभंगा से चलकर अमृतसर जाने वाली जनता एक्सप्रेस में यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी। जिससे काफी देर तक ट्रेन खड़ी रही। 5211 जननायक एक्सप्रेस रोजा जंक्शन से दोपहर 12:00 बजे चली अभी ट्रेन ने अपनी रफ्तार नहीं पकड़ पाई थी और वह गेट नंबर 318 ओवर ब्रिज के नीचे से निकलकर दुर्गा एनक्लेव के पास पहुंची थी तभी पीछे से चौथे पांच में कोच में किसी यात्रियों में चेन पुलिंग कर दी जिससे ट्रेन खड़ी रही काफी देर ट्रेन खड़ी होने के बाद सहायक ट्रेन चालक ने चेन पुलिंग सही की उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया इससे पहले ट्रेन मैनेजर और ट्रेन चालक ने वॉकी टॉकीज से स्टेशन मास्टर पावर केबिन और कंट्रोल को चेन पुलिंग की सूचना दी रेलवे पुलिस जब तक मौके पर पहुंचती तब तक सहायक रेल चालक ने चेन पुलिंग ठीक कर ट्रेन को रवाना किया 10 मिनट ट्रेन खड़ी रही जिस कारण पीछे से आने वाली ट्रेन को रोजा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर पांच पर रोका गया स्टेशन अधीक्षक ने बताया जननायक एक्सप्रेस में चेन पुलिंग हो गई थी चेन पुलिंग ठीक कर ट्रेन को रवाना किया गया।

# हवन-पूजन व प्रसाद वितरण कर हिंदू नव वर्ष मनाया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शाहजीपुर महानगर द्वारा महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर के संयोजन में भारतीय सनातन परंपरा, संस्कृति और नवचेतना के प्रतीक हिंदू नव वर्ष, नव संवत्सर,विक्रम संवत 2083 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर किडजी एलिमेंट्री स्कूल में सामूहिक हवन पूजन व प्रसाद वितरण कर हिंदू नव वर्ष मनाया गया और सम्पूर्ण रामभक्त हिन्दू समाज को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। अभिनव ओमर ने बताया कि यह दिवस सृष्टि के नव आरंभ, धर्म, सत्य और संस्कारों की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता है कि ब्रह्मा जी ने इसी दिन से सृष्टि का निर्माण शुरू किया था। और सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन से विक्रम संवत की शुरुआत की थी,जो एक नई शुरुआत और सुख-समृद्धि का प्रतीक है। यह समय ऋतु संधि का होता है, जब सर्दी कम होती है और गर्मी की शुरुआत होती है,जिसे स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है। आज से ही नौ दिनों की वासंतिक नवरात्रि की शुरुआत होती है। नए फूल-पत्ते आने से प्रकृति का नया चक्र शुरू होता है। कार्यक्रम में विभाग मंत्री अशनील सिंह,महानगर उपाध्यक्ष रमेश कोरी,महानगर मंत्री धर्मेंद्र,प्रचार-प्रमुख अनुभव गुप्ता, ओम गुप्ता विभाग समरसता प्रमुख, विभाग संयोजिका नीरा श्रीवास्तव, महानगर संयोजिका प्रतिमा यादव, सह संयोजिका सत्यभामा, महानगर सह कार्यवाह रामकुमार, सुरेश राठौर, महानगर विद्यार्थी प्रचारक रविन्द्र, सोनू सिंह, राजीव गौतम, गोविंद श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा का आयोजन

**मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर राजकुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**







प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद शाहजहांपुर में आज दिनांक 19 मार्च 2026 को दो दिवसीय वार्षिक कीड़ा समारोह का उद्घाटन हुआ। दो दिवसीय वार्षिक कीड़ा समारोह के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर राजकुमार सिंह, प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद शाहजहांपुर रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात अंशिका वर्मा एवं प्रवेशिका वर्मा ने सरस्वती वंदना एवं निशि पांडे साथियों ने स्वागत गीत का प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल का हमारे नैतिक जीवन में अत्यंत महत्व है उन्होंने बताया कि रील जीवन की अपेक्षा , रियल जीवन पर ध्यान केंद्रित करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव प्रयत्न करें। सरकार चाहती है कि देश का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ्य रहें है इसलिए जगह-जगह ओपन जिम की व्यवस्था है फिट इंडिया मूवमेंट के तहत खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर कर बाहर आए इसलिए कार्यक्रम चलाया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर श्री कृष्णा सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि खेल हमारे जीवन में अत्यंत उपयोगी है क्योंकि इससे शरीर के साथ-साथ मस्तिष्क का विकास होता है स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। उन्होंने आगे बताया कि खेल से अनुशासन एवं एकता की भावना पैदा होती है। क्रीड़ा सचिव डॉ अवधेश कुमार छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए खेलों के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालें एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। आज प्रथम दिन 100 मी, 200 मी, 400 मी, गोला फेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण के पश्चात छात्राओं द्वारा किए गए मार्च पास्ट की सलामी ली। प्रीति तृतीय सेमेस्टर की छात्रा ने मसाल को लेकर पूरे मैदान की दौड़ लगाई। मुख्य अतिथि ने खेल के प्रति सद्भावना की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डा यादवेंद्र कुमार आर्य ने किया, उन्होंने छात्र-छात्राओं को खेल के विविध आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। आज दिनांक 19 मार्च 2026 को 100 मी दौड़ में ( महिला ) प्रथम स्थान प्रीति बी .ए तृतीय सेमेस्टर, अंशिका वर्मा बीए तृतीय सेमेस्टर द्वितीय स्थान, तृतीय स्थान गुड़िया बीए तृतीय सेमेस्टर, 100 मी ( बालक) प्रथम स्थान आकाश सिंह बीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान योगेश शुक्ला बीए तृतीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान बी ए तृतीय सेमेस्टर, गोला प्रक्षेपण में (बालिका वर्ग) प्रथम स्थान प्रीति लिए तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान एकता बीए प्रथमसेमेस्टर, तृतीय स्थान गुड़िया बीए तृतीय सेमेस्टर गोला प्रक्षेपण में ( बालक वर्ग) प्रथम स्थान योगेश शुक्ला बीए तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान अनुराग बीए तृतीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान विशाल गुप्ता बी ए तृतीय सेमेस्टर, 200 मीटर दौड़ ( बालिका वर्ग) प्रथम स्थान प्रीति बीए तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पायल राजपूत बी ए पंचम सेमेस्टर, तृतीय स्थान प्रवेशिका वर्मा बी ए तृतीय सेमेस्टर , 200 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) प्रथम स्थान आकाश सिंह बीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान योगेश शुक्ला बीए तृतीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान अनूप सिंह बीए प्रथम सेमेस्टर 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग) प्रथम स्थान प्रीति बीए तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान अमृता बीए तृतीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान अंशिका वर्मा बी ए तृतीय सेमेस्टर, 400 मीटर दौड़ ( बालक वर्ग) प्रथम स्थान अजय बा प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान आकाश सिंह बीए प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान मोनू बीए तृतीय सेमेस्टर। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्री राम रईस, कोच रहे। धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा सचिव डॉ अवधेश कुमार ने किया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति, डॉ यादवेंद्र कुमार आर्य, डॉ जयेंद्र कुमार, पवन कुमार, सत्य प्रकाश, अभिनंदन शुक्ला, दिव्यांशी, पायल निशि पांडे, खुशबू, अंजलि, लक्ष्मीवर्मा, एकता मिश्रा, आकांक्षा शुक्ला, आंचल जैन, विजय शुक्ला, विशाल गुप्ता अंकित कुमार गौरी शंकर त्रिवेदी देवेश शुक्ला अशोक द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में



### टॉपर बच्चों को शील्ड, मेडल देकर किया सम्मानित

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** टापर छात्र प्राइमरी स्तर पर हमजा एवं जूनियर स्तर पर गुफरान खान को शील्ड मेडल अंकपत्र देकर सम्मानित किया गया। सिंधौली के मुड़िया मोड स्थित जी.एम. पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल घोषित किया गया जिसमें जी .एम. पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका इरम मंसूरी ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को लगातार मेहनत करके अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। सहायक अध्यापक मनीषा ने बच्चों से कहा कि सभी बच्चे अपना छोटा लक्ष्य बनाएं और पूरा करें उसके बाद बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरा दमखम लगाएं प्रधानाध्यापिका इरम मंसूरी ने प्राइमरी स्कूल टॉपर हमजा एवं जूनियर स्कूल टॉपर कक्षा 8 के गुफरान खान को ट्राफी एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कक्षा पी. एन. सी. में आयत अंसारी प्रथम, अब्दुल जयान व अभी कुमार द्वितीय एवं अनु यादव तृतीय स्थान पर रहे। कच्छा एनसी में लोकेश कुमार , मोहम्मद कमर, जयान हसन , आयशा, कक्षा केजी में अलीना, आदर्श सिंह, अनविया, कक्षा एक में रंजना, फिजा नूर, शौर्य राठौर, आशी, कक्षा दो में हमजा, शाद, दीपाली, सदफ़नूर, कक्षा तीन में राहुल सिंह, नुवैद, पल्लवी, कृष्णा बाबू, कक्षा चार में दिव्यांशी, सुनैना, उजैर खान, कक्षा पांच में हिमांशू, अंशिका, इकरा, कक्षा छः में हिमांशू यादव , जुनैद, समक्ष यादव कक्षा सात में स्वाति, मो. सुहेल, अर्पित, कक्षा आठ में गुफरान खान, आयुष, श्याम अग्निहोत्री क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। परीक्षा प्रभारी रोमाना खान सहायक परीक्षा प्रभारी मनीषा सिंह कार्यक्रम संचालक कृष्ण पाल गौतम स्कूल के लेखाकार मोहम्मद जैद मंसूरी ने अपने विचार व्यक्त किये इस मौके पर आदित्य सिंह सकीम खान आसना चौहान, रूमाना अख्तर, मनीष सिंह, गुलफिजा मंसूरी, गुलअफ़्शां शहजादी, शिवांगी वर्मा, अंचल त्रिवेदी आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी में क्षेत्र से आए गणमान्य नागरिकों एवं अभिभावक महोदय का गर्मजोशी से स्वागत किया एवं बच्चों में अनुशासन एवं कठिन परिश्रम करवाने की प्रेरणा दी एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर की जाने वाली शिकायतों के फर्जी निस्तारण से आमजन का विश्वास उठा



**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।** डीएम साहब ! आपके अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर की जाने वाली शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर शासन प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों का मुख्यमंत्री समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली से विश्वास उठ गया है। ऐसी ही एक शिकायत ब्लॉक स्तरीय ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर निवासी शिवशंकर दीक्षित पुत्र रामेश्वर दयाल दीक्षित ने मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर (1076) पर संदर्भ संख्या 92615200011857 तीन मार्च 2026 को शिकायत दर्ज करवाकर मिर्ज़ापुर कस्बे में कालीदेवी मंदिर सहित पूरे मोहल्ले में गंदगी से भरे नाले और कूड़े कचड़े के ढेर लगे होने से संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका व्यक्त की थी। मिर्जापुर ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ने उक्त शिकायत का निस्तारण ग्राम पंचायत अधिकारी मो0 आसिफ की फर्जी जांच आख्या और सफाईकर्मियों के सफाई करते हुए कहीं अन्यत्र के फोटो अपलोड कर कर दिया है। शिकायत के निस्तारण की जानकारी का मेसेज उसके मोबाइल पर आने पर हुई है। जबकि मोहल्ले में आज भी गंदगी के ढेर और चोक नालियां गंदगी से बज बजा रहीं हैं। शिकायतकर्ता शिवशंकर दीक्षित सहित कई ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 1076 (आईजीआरएस) पोर्टल पर की जाने वाली शिकायतों का फर्जी निस्तारण करने वाले मिर्जापुर ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी और मिर्जापुर ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत अधिकारी मो0 आसिफ के शिकायतों का फर्जी निस्तारण करने की जांच किसी उच्चाधिकारी से करवाकर सख्त कार्रवाई की जाय। जिससे ग्रामीणों के बीच शासन प्रशासन की विश्वसनीयता कायम रहे।

# प्रस्तावित पेंटिंग कार्य का किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** शहर के भारद्वाजी वार्ड स्थित गांधी पार्क में पार्षद सीमा सारस्वत ने गुरुवार को प्रस्तावित पेंटिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य के पूर्ण होने के पश्चात गांधी पार्क को एक नई भव्यता प्राप्त होगी तथा क्षेत्र के नागरिकों को एक स्वच्छ, सुंदर एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध होगा। वार्डवासियों से अनुरोध किया है कि पार्क के सौंदर्यीकरण को बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# कौशल ने डीएम को पौधा भेंट किया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा ने कलेक्ट्रेट में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को एक गमले में पौधा भेंट किया। जिस पौधे में ऊपर तने में टमाटर और नीचे जड़ में आलू का उत्पादन हो रहा है। जिसको देखकर डीएम ने सराहना की। कौशल ने बताया कि इस तरह से हम लोग अपनी मकान की गैलरी छत तथा बालकनी में भी प्रयोग करके अपने घर की रसोई में प्रयोग के लिए सब्जी का उत्पादन जैविक बिधि से कर सकते हैं। जोकि एक शुद्ध सब्जी के रूप में हम लोग खा सकते है। जिससे हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा और सस्ते में हमें ताजी सब्जी मिलती रहेगी।आज आवश्यकता के अनुसार प्रत्येक परिवार को खेत से लेकर अपने घरों में इस तरह के प्रयोग से लाखों कमा सकते है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने भी कौशल मिश्रा द्वारा खेती में किए जा रहे अच्छे कार्यो की सराहना की। किसान कौशल ने बताया कि वर्तमान समय में मांग के अनुसार आवश्यकता है कि कम लागत और कम एरिया में किस तरह से अधिक से अधिक उत्पादन करें जिसे किसान की आय बढे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लगातार यही सोच रहती है कि देश और प्रदेश का किसान किस तरह से खुशहाल हो।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण की मौत

**परिजनों ने जताई अनिष्ट की आशंका, पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** सड़क किनारे अचेतावस्था में पड़े व्यक्ति की खबर मिलने पर पहुंचे बेटा जिला अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मामले में परिजनों ने अनिष्ट की आशंका जताई है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। शाहजहांपुर के मोहल्ला मक्कू बजरिया निवासी शिवकुमार 47 बुधवार अपरान्ह करीब चार बजे घर से तिलहर के गांव गढ़ा ढका उधरनपुर जाने को निकले थे। शिव कुमार के बेटा अविरल ने बताया कि शाम करीब साढ़े सात बजे उन्हें उनके पिता शिव कुमार गांव की सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़े होने की सूचना मिली थी। वह ग्रामीणों के साथ अपने पिता को जिला अस्पताल लेकर गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अविरल ने बताया कि उनकी मां की करीब एक वर्ष पूर्व कैंसर बीमारी के कारण मौत हो गई थी। उसकी छोटी दो बहने लक्ष्मी और पूर्वी हैं। शिव कुमार की मौत की अचानक हुई मौत की खबर परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## भाकियू टिकैत का तीसरे दिन धरना जारी

**पुवायां, शाहजहांपुर।** किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा।कार्यकर्ताओं का कहना है जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नही होगा तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। तीसरे दिन भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन जारी रखा। जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव ने बताया कि किसानों की समस्याओं में गांव घनश्याम पुर खुर्द में गाटा संख्या 250 सरकारी चकमार्ग है जिसको पड़ोसी किसानों द्वारा जोत कर अपने अपने खेतों में मिला लिया है। जिस कारण सरकारी चकमार्ग पूरी तरह बंद पड़ा है। इसलिए पर चकमार्ग की पैमाइश कराकर रास्ता खुलवाया जाए, गांव गंगसरा में अरब सिंह ने मुनेश व राजेन्द्र से एक प्लाट खरीदा लेकिन अरब सिंह जब उस प्लॉट पर जाता है तो विक्रेताओं की महिलाएं उसे प्लॉट पर आकर गाली गलौज व हरिजन एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है जिसकी जांच कराकर कानूनी कार्यवाही की जाए, गांव गंगसरा में 18 लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में फर्जी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जिसको विवेचना के दौरान समाप्त किया जाए। साथ ही कहा कि अगर इन सभी समस्याओं का समाधान नही होने पर कार्यकर्ताओं ने मंडी परिसर में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन कर दिया किसानों का कहना है कि जब तक समस्याओं का समाधान नही होगा तब तक धरना जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन करने बालों में तहसील अध्यक्ष श्रीकृष्ण जाटव, विजय प्रकाश शर्मा, पातीराम, बदनसिंह, विजयपाल सिंह, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र शर्मा, जयसिंह, अरब सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कार्यक्रम में लोकगीतों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




स्वामी शुकदेवानंद कालेज में नवरात्रि के शुभारंभ पर संगीत, श्रद्धा और लोक संस्कृति से ओत-प्रोत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, प्रबंध समिति के सचिव प्रो. अवनीश मिश्रा एवं प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया। छात्रा काजल मिश्रा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने पूरे सभागार को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित कर दिया। संगीत विभाग की छात्राओं नेहा तिवारी एवं शिवांगी प्रजापति ने रोली, चंदन व पुष्प कलिकाओं से अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान प्रो. आदित्य सिंह, डॉ. श्रीकांत मिश्रा, डॉ. बलवीर शर्मा, डॉ. रामशंकर पाण्डेय एवं डॉ. दीपक सिंह ने किया। संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कविता भटनागर ने स्वागत उदबोधन देते हुए विषय स्थापना की। डॉ. प्रतिभा सक्सेना के देवी गीत एवं लांगुरिया लोकगीतों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत लोकगीतों ने क्षेत्रीय विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि का अद्भुत चित्र प्रस्तुत किया। हिंदी विभाग की प्रस्तुति आज मिथिला नजरिया... ने मिथिला अंचल की लोकभावना को जीवंत किया, वहीं समाजशास्त्र विभाग ने उड़ जाय रे उड़ जाय रे के माध्यम से लोकजीवन की उड़ान को स्वर दिया। मनोविज्ञान विभाग की पीपल के पात झड़े प्रस्तुति ने संवेदनाओं की गहराई को छुआ, जबकि कला विभाग ने है करेले से कड़वी हमारी ननदी के माध्यम से हास्य-व्यंग्य से भरपूर लोक रंग बिखेरा। पूर्व छात्रा आरती ने कोयल बिन बगिया ना सोभे राजा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संजीत कुमार ने अंगना में ठाड़ी चार गुइयां लोक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने अपने आशीर्वचनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और संगीत की महत्ता पर प्रकाश डालते विद्यार्थियों को निरंतर साधना के लिए प्रेरित किया। आभार संयोजक डॉ. प्रतिभा सक्सेना ने व्यक्त किया एवं संचालन व्याख्या सक्सेना ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के साथ हुआ। इस मौके पर उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, प्रो. आलोक मिश्रा, प्रो मधुकर श्याम शुक्ला,प्रो प्रभात शुक्ला, डा.आलोक कुमार सिंह, डा बरखा सक्सेना,सुयश सिन्हा,डा विकास खुराना, डा पूनम दोहरे, डा प्रतिभा शर्मा,डा सचिन खन्ना, सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# खराब रैंकिंग वाले अधिकारियों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई: डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के आधार पर विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा
- डीएम ने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष गुणात्मक प्रगति लाने के दिए निर्देश




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड विकास कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान डीएम द्वारा सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यो से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यों, योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाते हुए बेहतर परफॉर्मेंस बनाए रखें। उन्होंने अपेक्षाकृत प्रगति धीमी पाए जाने पर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों के संचालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण सीएम डैश-बोर्ड पर खराब रैंकिंग दर्शाने वाले विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। विकास कार्यों से संबंधित समस्त विभागों द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित होने वाले फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से आंकड़ेवार जानकारी प्राप्त करते हुए विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान डीएम ने विभागीय अधिकारीगणों को निर्देशित किया कि उनके विभाग से संबंधित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे।

समीक्षा के दौरान जनपद में विभागों,कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों व परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति, कार्यों में गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा सम्बंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ करते हुए निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें। कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहें निर्माण कार्य सहित जनपद में निर्माणाधीन समस्त परियोजनाओं के निर्माण कार्य में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति एवं गुणवत्ता आदि के बारे में सम्बंधित कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिये।

## जिलाधिकारी बोले- गांवों में रोस्टर बनाकर फागिंग करना शुरू कर दिया जाए

### डीएम की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक संपन्न




**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 1 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 से 30 अप्रैल दस्तक अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में जनपद स्तरीय अन्तरविभागीय बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। डीएम ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों की साफ–सफाई रोस्टर बनाकर करना सुनिश्चित करें। अभियान से पहले ही गांवों की अच्छे से साफ सफाई करनासुनिश्चित करें। गांवों के प्रमुख मार्गो पर पानी बहता एवं कीचड़ नजर नहीं आना चाहिए। गांव की आबादी से लगे तालाब में जला मोबिल ऑयल डलवाया जाए। गांवों में रोस्टर बनाकर फागिंग करना शुरू कर दिया जाए। गांव के उथले हैंड पंपों को सही कराया जाए। नगर निकायों के ईओ को निर्देश दिए कि गांवों की तरह अच्छे से नगर पालिका नगर पंचायतों में भी साफ सफाई करना सुनिश्चित करें। आयुष्मान कार्ड बनने की प्रगति धीमी होने पर डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्ड बनने की प्रगति 80 फीसदी से ऊपर होनी चाहिए।सीडीओ डा. अपराजिता सिंह,सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अवधेश राम,डीडीओ ऋषिपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन घर घर पूजी गईं मां शैलपुत्री

**तिलहर – शाहजहांपुर।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस पर मां भक्तों ने श्रीकलश स्थापित कर मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। वहीं मंदिरों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की भव्य सज सज्जा की गई और भजन कीर्तन के आयोजन भी हुए। वहीं नवरात्र प्रतिपदा से शुरू हुए हिंदू नव वर्ष पर सनातनियों ने परस्पर एक दूसरे को हर्षोल्लास के साथ बधाई दी। गुरुवार सुबह शुभ मुहूर्त व अभिजीत मुहूर्त में नवरात्र व्रत करने वाले भक्तों ने घरों में विधि विधान से पंच पल्लव व अन्य पूजन सामग्री के साथ श्री कलश स्थापित कर नौ देवियों में प्रथम देवी शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। उधर नगर के निजामगंज स्थित घोड़ी वाले बाबा मंदिर, श्री बालाजी दरबार मंदिर, पोटरगंज स्थित श्रीमाता मंदिर, स्टेशन रोड स्थित रस्तोगी धर्मशाला मंदिर, चीनीमिल कॉलोनी मंदिर , श्रीवंशी बाले मंदिर, हिन्दुपट्टी स्थित श्रीगुसाई जी महाराज मंदिर, पंजाबी कॉलोनी स्थित श्रीगीता मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में मां दुर्गा व भगवान श्री सीताराम समेत विभिन्न देव प्रतिमाओं की भव्य सज सज्जा की गई।



## खबरें एक नजर में

### त्योहार को शांति पूर्ण तरीके से मनाएं: कोतवाल



**गढ़िया रंगीन, शाहजहांपुर।** थाना गढ़िया रंगीन समृद्धि न्यूज़ परिसर में आगामी ईदुल फितर व नवरात्रि के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्रीय आयोजित की गई बैठक में क्षेत्रवासी नागरिकों धर्मगुरु एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी हरकेश सिंह ने की जिसमें उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और ईदुल फितर के त्यौहार को मिल जुल कर मनाने की अपील की उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन का सहयोग देने का भरोसा दिलाया और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया बैठक में साफ सफाई बिजली पानी की व्यवस्था को लेकर भी चर्चाएं की गई पीस कमेटी की मीटिंग में पहुंचे एकजुट होकर ईदुल फितर का पर्वशांति और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया पुलिस टीम के साथ क्षेत्रीय लोग अमीर हसन खान रिहान खान जानवर अली राशिद अंसारी पप्पू सक्सेना हीरो यादव जसवीर सिंह यादव, जयवीर सिंह प्रधान विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**पुवायां, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में मारपीट के एक मामले में दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना रहा, जबकि पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। गांव मरेना निवासी रीता पत्नी छत्रपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप बताया है कि पूर्व नियोजित ढंग से बाहर कूड़ा डलवाया गया और जब उसने इसका विरोध किया तो अंकित, हर्षित, दीपक और शिव औतार ने उसे मारा पीटा और उसका मोबाइल फेंककर तोड़ दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

उधर दूसरे पक्ष की निकिता वर्मा पुत्री शिव औतार वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि सुबह 6 बजे कूड़ा डालने को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसको लेकर रितिक, छत्रपाल रीता और सुभाष ने एकराय होकर घर पर चढ़ाई करते हुए उसे मारापीटा और अभद्रता की। जब उसके दाऊ बचाने लगे तो उक्त लोगों ने उन्हें भी मारापीटा। महिला ने शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने दोनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की हिदायत दी गई है।

### बीआरसी पर 'मेरा आंगन मेरे बच्चे' कार्यक्रम का आयोजन, निपुण छात्रों को किया गया सम्मानित



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बाल विकास पुष्टाहार विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'मेरा आँगन मेरे बच्चे' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व और बच्चों के समग्र विकास पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण देव यादव ने कहा कि शासन की मंशा है कि 3 से 6 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों का पंजीकरण आंगनबाड़ी केंद्रों की बाल वाटिकाओं में किया जाएगा। जबकि 6 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को कक्षा एक में प्रवेश दिलाया जाएगा, ताकि उनकी शिक्षा की मजबूत नींव रखी जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि खेल–खेल में दी जाने वाली शिक्षा से बच्चों को विद्यालय अपने घर के आँगन जैसा महसूस होगा। इस अवसर पर विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 निपुण छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम में एआरपी अतुल शुक्ला ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी दी। डॉ. रूपेंद्रजीत सिंह ने निपुण भारत मिशन पर प्रकाश डाला। उपेन्द्र तिवारी ने स्कूल रेडिनेस की रूपरेखा समझाई और वली मोहम्मद ने प्री–प्राइमरी शिक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में भाजपा नेता मुनेश्वर सिंह, मुकेश दीक्षित, एडीओ अनूप कुमार, नवेन्दु मिश्र, पंकज पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य लोग तथा शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा बाल विकास पुष्टाहार से संबंधित आकर्षक स्टॉल भी लगाए गए जो कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र बने। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा बल्कि अभिभावकों को भी बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के प्रति प्रेरित करना रहा।

### आईटीआई कॉलोनी में चला बुलडोजर, नाला निर्माण का रास्ता साफ



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा स्थित आईटीआई कॉलोनी में लंबे समय से बाधित चल रहे नाला निर्माण कार्य को आखिरकार प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए रास्ता साफ करा दिया। नगर निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में स्थानीय पुलिस, नगर निगम प्रवर्तन दल और भारी संख्या में पीएसी बल के साथ संयुक्त अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा काफी समय से नाला निर्माण कार्य में लगातार बाधा उत्पन्न की जा रही थी, जिसके चलते परियोजना अधर में लटकी हुई थी। कई बार समझाने और नोटिस देने के बावजूद जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तब प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए यह कार्रवाई की। अभियान के दौरान अधिकारियों की निगरानी में जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। मौके पर मौजूद पुलिस बल और पीएसी ने सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए किसी भी अप्रिय स्थिति को उत्पन्न नहीं होने दिया। नगर निगम अधिकारियों एवं वार्ड संख्या 37अहमदपुर नेवाजपुर के पार्षद अरुण कुमार सिंह ने बताया कि नाला निर्माण कार्य क्षेत्र के जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। अतिक्रमण हटने के बाद अब निर्माण कार्य तेजी से शुरू कराया जाएगा, जिससे बरसात के मौसम में होने वाली जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिल सकेगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में राहत की उम्मीद जगी है, वहीं अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# नौ साल बेमिसाल का आलम यह कि अपराधी कर रहे मौज: अजय राय

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बरेली से लखनऊ जाते समय कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कुछ देर यहां रुके। उन्होंने शहबाजनगर निवासी कांग्रेस नेता ताहिर अली गुड्डू मियां के आवास पहुंचे,जहां उन्होंने विगत दिनों मियां के भाई व बहन के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद एमनजई जलालानगर स्थित अमर शहीद अशफ़ाक उल्ला खां की मजार पर चादरपोशी कर उनको नमन किया। तदोपरांत अजय राय अल्पसंख्यक कांग्रेस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफ़ाक उल्ला खां के आवास पहुंचे यहां पार्टी पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के 9 साल बेमिसाल का आलम यह है कि अपराध अपनी चरम सीमा पर है और अपराधी खुली मौज कर रहे है। आप देखिए एक तरफ सरकार कह रही है कि गैस,पेट्रोल की कोई किल्लत नहीं है वही दूसरी तरफ गैस एजेंसियों के बाहर लम्बी लंबी लाइन सरकार के दावों की पोल खोल रही है। खैर इस सरकार का काम ही जनता को लाइन में लगाने का उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी राज्यों में गैस की सप्लाई की जा रही है,लेकिन कांग्रेस पार्टी खामोश बैठने वाली नहीं है इनकी हर साजिश का कांग्रेस पार्टी मुंहतोड़ जवाब देगी। अजय राय ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत और मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी और 27 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को लाइन में लगाने का काम करेगी। इशारों इशारों में अजय राय ने जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता को मैदान में डट जाने को कहा। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, अल्पसंख्यक कांग्रेस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफ़ाक उल्ला खां, ताहिर अली गुड्डू मियां, अनूप वर्मा, तनवीर सफदर, पवन सिंह, तसनीम अली खान, सुहेल बेग, सुरेश चंद्र शुक्ला,पार्षद तालिब खान, अब्दुल सत्तार लाले, फैजान अली खान, पूनम पांडेय, अर्चना वाल्मीकि,रामजी अवस्थी, रफ़ी उल हसन, नीरज अवस्थी, यूसुफ खान, भट्टू खान, रामजी शुक्ला, हरनाम कटियार, परवेज अहमद, फैजान शाह, सुधांशु मिश्रा सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 15 दिन बीतने के बावजूद पुलिस ने केस का अभी तक नहीं किया खुलासा

- पीड़ित जिला मुख्यालय से मंडल तक के लगा रहे हैं चक्कर
- आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं राजीनामा करने का बना रहे हैं दबाव

**सिंधौली –शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सिधौली थाना क्षेत्र के गांव बाजपुर मुकेश ने बताया की 5 मार्च को गांव के पूरब साइड संजीव के खेत में उसके भाई गोपाल उर्फ शेखू बीते बुधवार शाम 7बजे किसी परिचित के यहां पैर छूने के लिए गया था देर रात जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनो को शंका हुई और रात में तलाश करते रहे अगले दिन सुबह को गांव के व्यक्ति ने पॉपुलर के पेड़ से शव लटका होने की खबर गांव बालों को दी शव के पैर जमीन पर रखे हुए थे परिजनों ने घटना की सूचना थाने पर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया था। और नेतराम व नेतराम की पत्नी सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया लेकिन 15 दिन बीतने के बावजूद भी पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है पुलिस ने कुछ लोगों को पूछने के लिए हिरासत में लिया था। उनको भी छोड़ दिया है उसने बताया कि हम पीड़ित लोग जिला मुख्यालय से मंडल तक के तमाम चक्कर काट चुके हैं लेकिन हमारी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है आरोपी हम पर राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित ने मांग की जल्द ही आरोपी पकड़े जाए अगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो वह परिवार सहित धरने पर बैठने के लिए बाध्य होगा। कोतवाल ने बताया मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ईद पर घर आ रहे दोस्तों की बाइक ट्रक में घुसी

- एक दोस्त की मौत, दूसरा गंभीर रूप में घायल



**रोजा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के रोजा अंतर्गत सीतापुर लखनऊ हाईवे अटसलिया ओवर ब्रिज पर एक बड़ा हादसा हो गया। गुरूवार की तड़के सुबह दोस्त के साथ बाइक से ईद पर अपने घर आ रहे बाइक सड़क के किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। जिससे एक दोस्त की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप में घायल हो गया। जिसकी पहचान मोहसिन पुत्र अनीश मियां उम्र करीब 22 वर्ष निवासी लीची बाग चमेली बगिया थाना किला जनपद बरेली बताई जाती हैं। गुरुवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे लखनऊ सीतापुर हाईवे पर ट्रक एवं मोटरसाइकिल में दुर्घटना हो गई है।ट्रक लखनऊ की तरफ से आ रहा था। तभी अटसलिया ओवर ब्रिज पर अचानक ट्रक का टायर फट गया और वह साइड में खड़ा हो गया। तभी पीछे से आ रहे दो बाइक सवार उसमें टकरा गए। जिनको जिला चिकित्सालय भेजा गया। जहां जेब में मिले पहचान पत्र के अनुसार फरदीन पुत्र मोहम्मद इसरार (22) निवासी लीची बाग चमेली बगिया थाना किला जनपद बरेली को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि उसका दोस्त मोसीन पुत्र अनीस घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही दोनों के परिवार वाले जिला अस्पताल पहुंच गए। मृतक फरदीन के पिता इसरार ने बताया कि उसका पुत्र अपने दोस्त के साथ लखनऊ में फेरी लगाने का काम करता हैं और ईद पर मोसीन के साथ बाइक से घर आ रहा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## कोर्ट की सख्ती के चलते पुलिस ने बदायूं जनपद से किया आरोपी गिरफ्तार

**तिलहर-शाहजहांपुर।** लूट, मारपीट व जान से मारने की धमकी मामले में वांछित चार आरोपियों में से पुलिस ने एक कोर्ट से जारी गैर जमानती वारंट के चलते एक आरोपी को बदायूं जनपद के अलापुर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। गौरतलब है कि नगर के मोहल्ला दातागंज निवासी सरला देवी पत्नी राजेंद्र कुमार गुप्ता ने करीब 16 वर्ष पूर्व कोर्ट में नौ लोगों के खिलाफ इस्तगासा दायर किया था। उक्त मामले में पांच आरोपी कोर्ट पेशी पर जाते रहे। जिनमें से एक की विगत वर्ष मौत हो चुकी है। जबकि अन्य चार आरोपियों के पेशी पर न पहुंचने पर कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हो गए। जिनकी गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट ने कोतवाली पुलिस के साथ सख्ती कर जवाब तलबी कर दी। इसी क्रम में धारा 452 / 323 / 504 / 506 (2) / 394 मामले में वांछित आरोपी नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी वेदप्रकाश को बुधवार अपरान्ह करीब पौने चार बजे सर्विलांस के जरिए बदायूं के अलापुर कस्बे स्थित भांजे के घर से पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीन अन्य वांछितों की पुलिस सरगर्मी से तलाश में ताबड़तोड़ दविश दे रही है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर धारा 498 ए, 304 व 3/4 पॉस्को एक्ट भी दर्ज है। गिरफ्तार करने बाली टीम में मौजमपुर चौकी इंचार्ज एसआई प्रमोद कुमार, कांस्टेबिल तुषान्त चौधरी, अरूण कुमार तथा महिला कांस्टेबिल विनीता राघव शामिल रहीं।

### अधिकारियों के साथ अभियान की रूपरेखा पर चर्चा




**शाहजहांपुर।** विकास भवन सभागार में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल आयोजन हेतु अंतरविभागीय बैठक का आयोजन किया गया।सीडीओ ने बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अभियान की रूपरेखा, कार्ययोजना एवं समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई तथा प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान सभी विभागों को आपसी सहयोग एवं जन–जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल देने के निर्देश भी प्रदान किए गए, ताकि अभियान को सफल बनाते हुए आमजन को अधिकतम लाभ पहुंचाया जा सके। बैठक में सीएमओ,डीडीओ, डीपीआरओ आदि मौजूद रहे।

## कटरा व खुटार में होटल-ढ़ाबों से घरेलू गैस सिलेंडर किए गए जब्त

- प्रतिष्ठानों पर घरेलू एलपीजी प्रयोग करने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा दिए निर्देशों के क्रम में जनसामान्य से प्राप्त गैस सम्बन्धी प्राप्त होने वाली शिकायतों का निराकरण कराए जाने के उद्देश्य से डीएसओ प्रवर्तन टीम गठित कर निरन्तर भ्रमणशील रहकर प्रवर्तन कार्य करने के निर्देश दिए गए। जिसके क्रम में तहसील कलान क्षेत्र के अन्तर्गत परौर रोड पर ग्राम कौही, परौर, मिर्जापुर में गोपालपुर ढाई में पूर्ति निरीक्षक कलान द्वारा निरीक्षण किया गया। तहसील सदर क्षेत्रान्तर्गत बरेली मोड़ हाईवे पर स्थित अपना फैमिली रेस्टौरेण्ट ढाबा, महाकाली रेस्टौरेण्ट ढ़ाबा का पूर्ति निरीक्षक सदर द्वारा निरीक्षण किया गया। नगर निगम क्षेत्र में मारूती स्वीट्स सदर बाजार, बालाजी फास्ट फूड, बजरंगी फूड प्लाजा, रामू होटल निकट कचहरी, यादव टी स्टॉल निकट कचहरी, केपी रेस्टरां, दीक्षित जलपान गृह निकट सेठ इन्कलेव, मिस्टर इडली निकट कचहरी का निरीक्षण पूर्ति निरीक्षक नगर निगम द्वारा किया गया। तहसील तिलहर क्षेत्रान्तर्गत कटरा नगर में पूर्ति निरीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। जहां गुप्ता जी का फैमिली ढ़ाबा एण्ड गुप्ता होटल निकट मीरानपुर कटरा से 14.2 किग्रा के 2 भरे घरेलू गैस सिलेण्डर एवं भारत ढ़ाबा निकट मीरानपुर कटरा से 14.2 किग्रा का 1 भरा घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त कर मैसर्स सावित्री इण्डेन गैस एजेन्सी मीरानपुर कटरा की अभिरक्षा में दिया गया। तहसील पुवायां क्षेत्रान्तर्गत नगर खुटार में अमन इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान, घर से 14.2 किग्रा के 18 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गये जिनको मैसर्स शिव एचपी गैस एजेन्सी खुटार की सुपुर्दगी में दिया गया। साथ ही अमन निवासी खुटार द्वारा घरेलू गैस के दुरूपयोग व कालाबाजारी किए जाने के क्रम में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा के अन्तर्गत थाना खुटार में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। जानकारी देते हुए डीएसओ चमन शर्मा ने कहा कि सभी प्रतिष्ठानों एवं आमजनमानस से अपील है कि यदि कोई व्यक्ति, प्रतिष्ठान द्वारा घरेलू एलपीजी का उपयोग रिफिलिंग या कालाबाजारी करता पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध कठोर धाराओं में कार्यवाही की जाएगी।

# प्रकृति में नव चेतना और नव उल्लास का पर्व है नव संवत्सर: केशव चंद्र मिश्र

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ब्राह्मण समाज द्वारा परशुराम धाम शाहजहांपुर में नव संवत्सर 2083 विक्रमी समारोह उल्लास पूर्वक मनाया गया। समारोह का शुभारंभ यज्ञाचार्य पंडित मुन्ना लाल मिश्र ने देव पूजन के साथ लोक कल्याण की भावना से यज्ञ हवन पंचांग पूजन और और नवीन धर्म ध्वजा धारण के साथ हुआ। तत्पश्चात नव संवत्सर गोष्ठी का आयोजन हुआ।

गोष्ठी का शुभारंभ ईश प्रार्थना से हुआ सभी ने देश और समाज में समृद्धि हो इस भाव से प्रार्थना की। पंडित मुन्ना लाल मिश्र जी ने नव संवत्सर के शुभ फल और प्रभाव का वाचन गोष्ठी में किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए संरक्षक पंडित केशव चंद्र मिश्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन धर्म सबसे महान है और उसको पुष्ट रखना हम ब्राह्मणों का परम धर्म है हमारी संस्कृति पर्व की संस्कृति है सभी पर्व हमें जीवन को उल्लास पूर्वक जीने की ऊर्जा प्रदान करते हैं, बात आज के समारोह पर्व अर्थात नव संवत्सर की की जाए तो नव संवत्सर हमारा अलौकिक और अद्वितीय पर्व है सनातन नव वर्ष नव संवत्सर प्रकृति में में सर्वांग नव चेतना और नव उल्लास भर देता है जिसका शुभारंभ ही मां भगवती दुर्गा की शक्ति पूजा के साथ चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से होता है ये ऐसा पावन अवसर होता है जब प्रकृति के कण कण में नव शक्ति और नव जीवन सर्वत्र दर्शनीय होता है मौसम सर्वदा मानव जीवन को सुखद बनाता है इस लिए हम सभी को अपना नव वर्ष अर्थात विक्रमी नव संवत्सर समारोह पूर्वक मनाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष डॉ विजय पाठक जी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि ब्राह्मण सनातन धर्म के प्रचार और प्रसार पर भी सजग रहे हम अपने सनातन मूल्यों और संस्कारों को भी अपनी भावी पीढ़ी में स्थानांतरण करते है इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने सनातन पर्वो से भी अपनी भावी पीढ़ी को जोड़े जिसमें हमारा ये नव संवत्सर पर्व बहुत ही महत्वपूर्ण पर्व है इसको उल्लास पूर्वक मनाया जाय और जन जन में हम इसको प्रसारित करें।संरक्षक डॉ सत्य प्रकाश मिश्र जी ने कहा कि हमारी संस्कृति जीवंत संस्कृति है पर्व हमें अपने जीवन को रसमय और खुशहाल बनाने की प्रेरणा देते हैं।जिलाध्यक्ष श्री ज्ञानेश बाजपेई जी ने कहा कि की हमारी सनातन संस्कृति सहिष्णुता कि पोषक है हम मानवता को सर्वोपरि मानते हैं, हमारा नव संवत्सर पर्व भी हमको शक्ति के साथ समन्वय और सहजता का संदेश देता है। डॉ. केके शुक्ल के संचालन में हुए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रताप नारायण अवस्थी, सत्यदेव द्विवेदी, रजनीश शुक्ल, आरेंद्र मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता रवि मिश्र, राकेश कुमार पांडेय, अमित शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अजय अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख कांट श्रीदत्त शुक्ल, अशोक मिश्र , राधा रमण मिश्र, आलोक मिश्र, हरि शरण बाजपेई, रवि मिश्र बंटू, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री,चंद्र भूषण शुक्ल, श्री हर चरण मिश्र, एसएन शुक्ल, नवनीत त्रिपाठी, गौरव मिश्रा, आशुतोष शुक्ल, बलिंद्र सिंह, सर्वेश मिश्र, मन मोहन त्रिपाठी आदि गणमान्य जन उपस्थिति रहे सभी ने एक दूसरे को नव संवत्सर को बधाई देते हुए सभी के लिए सुखद भविष्य की कामना की। अंत में आए हुए सभी महानुभावों का आभार जिला अध्यक्ष ज्ञानेश बाजपेई ने किया।

# चुनावी दुराग्रह के तबादले

चुनाव होने हैं, शीर्ष अधिकारियों की अग्नि-परीक्षा नहीं होनी है। अधिकारी भाजपाई या तृणमूल के बंधक नहीं होते। वे कानून और संविधान के प्रति जवाबदेह होते हैं। कोई अपवाद हो सकता है कि 'काली भेड़' साबित हो। उसे दंडित किया जा सकता है। उसका तबादला किसी 'काले पानी' की तरफ किया जा सकता है, लेकिन पश्चिम बंगाल में जिस तरह वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस के तबादले किए गए हैं, वे न तो न्यायसंगत हैं और न ही निरपेक्ष हैं। चुनाव आयोग ने अपराह्न 4 बजे चुनावों की तारीखें घोषित की हैं और गहरी रात, अर्थात् आधी रात, में बंगाल के मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक, कानून-व्यवस्था के प्रमुख, कोलकाता के पुलिस आयुक्त आदि के एक साथ तबादले कर दिए गए। हम मानते हैं कि संविधान का अनुच्छेद 324 चुनाव आयोग को व्यापक शक्तियां देता है, लेकिन ये तबादले राजनीतिक मंशा और दुराग्रह से किए गए हैं। यह भी सर्वोच्च अदालत का फैसला है कि ऐसे शीर्ष अधिकारियों के तबादले दो साल से पहले नहीं किए जा सकते। ये अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में वरिष्ठतम होते हैं और संघ लोक सेवा आयोग इनकी अनुशंसा करता है। कोई राजनीतिक बॉस इनका नियोक्ता नहीं है। सवाल यह भी है कि चुनाव आयोग को कैसे पता कि ये अधिकारी निष्पक्ष चुनाव और हिंसामुक्त माहौल में चुनाव नहीं करा सकते अथवा ये सभी अधिकारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के वफादार हैं? आयोग ने एक ही झटके में बंगाल की शीर्ष नौकरशाही को हिला कर रख दिया। क्या रोजमर्रा का प्रशासन चुनाव आयोग चलाएगा? यदि बंगाल में प्रशासनिक बदलाव किया गया है, तो तमिलनाडु और केरलम में ऐसा क्यों नहीं किया गया? असम में दिखावे को पांच जिलों के एसएसपी बदले गए हैं। संदेह होता है कि चुनाव आयोग किसी की 'कठपुतली' बनकर काम कर रहा है। भारत के लिए यह विडंबना और दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि हमारा चुनाव आयोग वैश्विक स्तर पर एक उदाहरण रहा है और विभिन्न देशों के प्रतिनिधि हमारे चुनावों के दौरान 'पर्यवेक्षक' की भूमिका में होते हैं।

बेशक बंगाल में राजनीतिक हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। पहले वामपंथी गांव-गांव, कस्बा-दर-शहर हत्याएं कराते थे। अब 2011 से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का राजनीतिक काडर हत्याएं कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी सार्वजनिक मंच से इन राजनीतिक हिंसाओं का उल्लेख कर चुके हैं। लोकसभा चुनाव में 7 ऐसी हत्याएं की गईं और 740 लोग घायल हुए। उनमें से जिंदा बचने वालों का कोई अधिकृत आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। घर तक जला दिए गए। हत्या के बाद शवों को पेड़ से लटकाया जाता रहा। केरलम में तो हिंसा का ऐसा बर्बर रूप है कि विरोधी पक्ष के सक्रिय कार्यकर्ताओं और नेताओं की टांगें तक तोड़ कर उन्हें अपाहिज बना दिया जाता है। कोई भी नौकरशाह इस राजनीतिक हिंसा को रोक नहीं सकता। चुनाव आयोग मुगालते में होगा! तमिलनाडु में भी द्रविड़ बनाम हिंदू और गैर-द्रविड़ के दरमियान उग्रता, क्रूरता के कई उदाहरण सामने आते रहे हैं। उन राज्यों के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक सरीखे शीर्षतम नौकरशाहों को क्यों नहीं बदला गया? सिर्फ इतना ही नहीं, लोकसभा चुनाव, 2024 से पहले गुजरात, उप्र, बिहार, हिमाचल, झारखंड, उत्तराखंड आदि राज्यों में सिर्फ गृह सचिव बदले गए थे। हिमाचल और झारखंड को छोड़ कर शेष राज्यों में भाजपा-एनडीए सरकार थी और आज भी है। जब महाराष्ट्र, हरियाणा, उप्र, मप्र आदि में विधानसभा चुनाव थे और विपक्षी कांग्रेस ने कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को बदलने की मांग की थी, तो चुनाव आयोग ने खारिज क्यों कर दिया था? इन राज्यों में भी भाजपा-एनडीए सरकारें थीं और आज भी हैं। साफ लग रहा है कि चुनाव आयोग का व्यवहार पक्षपातपूर्ण रहा है। दरअसल संवैधानिक संस्था के मायने ये नहीं हैं कि आयोग निरंकुशता और स्वच्छंदता से काम करे, फैसले ले।

# कहां गुम हो गया वो भारत

*सर्वमित्रा सुरजन*



**सरकार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत कई लोगों की हत्या पर प्रतिक्रिया देने में कई दिन लग गए। बल्कि नरेन्द्र मोदी ने तो अब तक खामेनेई की मौत पर शोक का एक शब्द भी नहीं कहा है। ईरान पर इजरायल और अमेरिका ने रमजान के मौके पर ही युद्ध छेड़ा था, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने उस पर भी कुछ नहीं कहा। मंगलवार को ईरान की सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी की हत्या की गई, मोदी फिर भी चुप रहे। दूसरी तरफ उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की और उन्हें ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही यूएई में युद्ध में मारे गए नागरिकों के लिए शोकसंवेदना प्रकट कर हमलों को गलत बताया। हालांकि आम नागरिकों की जान ईरान में भी जा रही है और फिलीस्तीन में भी। बल्कि युद्ध पीड़ित इन देशों में ईद की सारी खुशियां बारूदी गंध की चपेट में आ चुकी हैं। अपनों की कब्र खोदते हुए लोग किस तरह ईद की मुबारकबाद का आदान-प्रदान कर सकते हैं। इस बेहद बुरे दौर में अगर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विदेश नीति में चयनित संवेदनशीलता नहीं दिखाते और भारत के पुराने रसूख का इस्तेमाल करके हर तरह के युद्ध को रुकवाने की पहल करते, तब तो वाकई ईद की खुशियां दिल से जाहिर होतीं। बहरहाल, सरकार तो अपने दायित्व से पूरी तरह चूक गई है, लेकिन समाज भी क्या खुद को राजनीति के मंच की तरह इस्तेमाल होने देगा, ये भारत की आम जनता को सोचना होगा।**

मिल के होती थी कभी ईद भी दीवाली भी, अब ये हालत है कि डर डर के गले मिलते हैं। न मालूम ये पंक्तियां किसने लिखी हैं, लेकिन आज के माहौल में यह बिल्कुल सटीक बैठती हैं। हालांकि ईद के मुबारक मौके पर ऐसी पंक्तियां साझा करते हुए दुख भी हो रहा है, लेकिन हकीकत से मुंह चुरा कर हम कहां जाएंगे। त्योहार शब्द के साथ खुशी शब्द चस्पां हुआ करती थी, लेकिन बीते 12 सालों में अब त्योहार की परिभाषा और मायने भी बदले जा चुके हैं। जिन के पास धन-संपत्ति है, समाज में ताकत है, उनके लिए सारे त्योहार खुशियां लेकर आते हैं। लेकिन साधारण लोगों के लिए परेशानियां और तनाव त्योहार के सहउत्पाद (बायप्रोडक्ट) की तरह साथ चले आते हैं। उस पर भी अगर अल्पसंख्यकों के त्योहारों का वक्त आए, तो तनाव की रेखा कुछ ज्यादा गहरी और लंबी हो जाती है। बहुसंख्यक हिंदुओं को मोदी शासनकाल में यही पाठ पढ़ा दिया गया है कि अपने त्योहार की खुशी भी आप तभी सही तरीके से मनाएंगे, जब अल्पसंख्यकों को परेशान करेंगे। इसलिए होली हो या दीवाली, रामनवमी हो या हनुमान जयंती, मुसलमानों और ईसाइयों को चिढ़ाना कुछ लोगों ने अपना सच्चा धर्म बना लिया है। मंदिर में भजन-कीर्तन की जगह मस्जिदों या चर्चों के सामने ढोल बजाकर गाने-बजाने से ही भगवान सुनेंगे, ऐसा इन्हें लगता है। और जब मौका ईद या क्रिसमस का आए, तो अल्पसंख्यकों को उनकी हदों में रहकर त्योहार मनाने की चेतावनी दी जाती है, मानो ये देश उनका नहीं है।

अभी क्रिसमस पर ही देश ने देखा है कि प्रधानमंत्री मोदी तो दिल्ली में चर्च जाकर बधाई दे रहे हैं, लेकिन मोदी को आदर्श मानने वाले लोगों ने देश के कई हिस्सों में चर्च में तोड़-फोड़ की या चर्च परिसर में बैठकर हनुमानचालीसा का पाठ किया। हैरानी की बात ये है कि ऐसा करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की खबर भी पूरी नहीं आती है। दिखाने को एकाध एफआईआर दर्ज हो भी जाए, तो आगे उन्हें सजा मिली या नहीं, ये कभी पता नहीं चलता। बाकी अल्पसंख्यकों को तो बिना कसूर के भी सजा देने का काम पुलिस से पहले उन्मादी भीड़ कर ही लेती है। कभी गो मांस के शक में, कभी गोतस्करी के शक में जो भीड़ द्वारा हत्याएं की गई हैं, वो इसका उदाहरण है। भीड़ तो उन्माद से संचालित हो जाती है, मगर ज्यादा दुख ये देखकर होता है कि अब अक्सर प्रशासन भी इसी तरह का उन्मादी व्यवहार दिखाने लगा है। कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश में कुछ मुसलमानों को महज इसलिए कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा क्योंकि वे खाली घर में नमाज पढ़ रहे थे। कई बार खुले में नमाज पढ़ने को लेकर भी मुसलमानों को चेतावनी दी जा चुकी है। जबकि पांच वक्त की नमाज के पाबंद लोग अगर घर पर या मस्जिद के पास न हुए, तो किसी खाली जगह को देखकर कुछ मिनटों की नमाज पढ़ लें तो उसमें कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। जब एयरपोर्ट पर गरबा हो सकता है, या क्लबों में भजन हो सकते हैं, तो नमाज क्यों नहीं पढ़ी जा सकती। लेकिन धर्म को खतरा बताकर जिस तरह लोगों के दिल-दिमाग पर ताले लगा दिए गए हैं, उसके बाद किसी भी समझदारी की उम्मीद करना बेमानी हो चुका है। हाल ही में उत्तर प्रदेश के संभल में मस्जिद में नमाजियों की संख्या 20 तक सीमित करने का आदेश प्रशासन ने दिया। यहां अच्छी बात यह रही कि इस आदेश को रद्द करते हुए जिलाधिकारी और एसपी को कड़ी फटकार लगाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य का कर्तव्य है, और अगर अधिकारी इसे नहीं संभाल सकते तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए या ट्रांसफर करवा लेना चाहिए।

काश कि अदालतें ऐसी ही सख्ती धर्मांधता को बढ़ावा देने वाले तमाम प्रकरणों पर ले तब शायद समाज का माहौल थोड़ा सुधरे। क्योंकि समाज में नफरत किस कदर फैल चुकी है, इसके कुछ भयावह उदाहरण रमजान में ही देखने मिले। पुणे में रोजा तोड़ रहे मुस्लिम युवकों के एक समूह पर भीड़ ने हमला किया, जिसमें कम से कम पांच लोग घायल हो गए। बिहार के मधुबनी जिले में एक मुस्लिम महिला, रोशन खातून को कथित तौर पर एक स्थानीय नेता से शिकायत करने के बाद भीड़ ने खंभे से बांधकर पीटा, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। आरोप है कि उसे पानी मांगने पर पेशाब पीने के लिए मजबूर किया गया। इस खबर को सुनकर ही दिल भीतर तक दहल गया कि आखिर दूसरे धर्म से नफरत करने में क्या अब हिंदुओं को रक्तपिपासु राक्षसों में तब्दील कर दिया गया है। एक घटना पंजाब के लुधियाना से सामने आई, जहां एक निजी विश्वविद्यालय में कश्मीरी मुस्लिम छात्रों ने शिकायत की कि उन्हें सहरी के लिए बासीध्ठंडा खाना और इफ्तारी के लिए खजूर की जगह केला दिया गया। विरोध करने पर उन्हें कथित तौर पर धमकाया गया। वाराणसी में गंगा नदी में नाव पर इफ्तार करने के दौरान चिकन बिरयानी खाने और हड्डियां नदी में डालने की शिकायत पर पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि इस मामले में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद, बनारस के संयुक्त सचिव एसएम यासीन का कहना है कि कुछ जाहिल नाव पर रोजा इफ्तार कर रहे थे। इस्लाम में इसके लिए कहीं जगह नहीं है।

इफ्तार एक शुद्ध धार्मिक कार्य है। यह कोई सैर या पिकनिक नहीं है। इफ्तार के बाद तुरंत मगरिब की नमाज जरूरी है। इन जाहिलों को इनके घरवालों ने क्या सिखाया है? इस्लाम को बदनाम करने का मौका दिया है। इस कृत्य की जितनी भी निंदा की जाए कम है। गंगा नदी पर इफ्तार के इस प्रकरण पर अब पुलिस जांच कर रही है और दोषियों को कानून के हिसाब से ही सजा मिलनी भी चाहिए। लेकिन इसे सांप्रदायिक उन्माद फैलाने के मौके की तरह इस्तेमाल करना गलत होगा। जिस तरह से एस एम यासीन ने इस घटना की निंदा की है, वैसा ही व्यवहार तमाम हिंदू धर्मगुरुओं से भी अपेक्षित है कि वे अपने ओहदे का इस्तेमाल धर्म की सही सीख देने में करें और धर्म की आड़ लेकर जो लोग कानून हाथ में लेते हैं और अल्पसंख्यकों को धमकाते हैं, उनकी निंदा करें। वैसे इस मामले में सबसे बड़ी अपेक्षा तो सरकार से ही है, क्योंकि देश चलाने का जिम्मा उसी पर है। मगर मोदी सरकार कम से कम इस मामले में पूरी तरह पथभ्रष्ट है। भारत में सांप्रदायिक नफरत के आंतरिक मामले हों या विदेशों की घटनाएं, सरकार बड़े सुविधाजनक तरीके से अपना पक्ष चुन रही है, जो ठीक नहीं है। अफगानिस्तान के एक नशामुक्ति वाले अस्पताल पर पाकिस्तान ने हमला किया, जिसमें कम से कम 4 सौ लोग मारे गए। इस घटना पर कुछ ही घंटों में मोदी सरकार ने प्रतिक्रिया दी और इसे अफगानिस्तान की संप्रभुता पर हमला बताया। अस्पताल पर हमले को युद्धविरोधी काम कहा और साथ ही याद दिलाया कि रमजान के पवित्र माह में यह हिंसा की गई है। लेकिन इसी मोदी सरकार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत कई लोगों की हत्या पर प्रतिक्रिया देने में कई दिन लग गए। बल्कि नरेन्द्र मोदी ने तो अब तक खामेनेई की मौत पर शोक का एक शब्द भी नहीं कहा है। ईरान पर इजरायल और अमेरिका ने रमजान के मौके पर ही युद्ध छेड़ा था, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने उस पर भी कुछ नहीं कहा। मंगलवार को ईरान की सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी की हत्या की गई, मोदी फिर भी चुप रहे। दूसरी तरफ उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की और उन्हें ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही यूएई में युद्ध में मारे गए नागरिकों के लिए शोकसंवेदना प्रकट कर हमलों को गलत बताया। हालांकि आम नागरिकों की जान ईरान में भी जा रही है और फिलीस्तीन में भी। बल्कि युद्ध पीड़ित इन देशों में ईद की सारी खुशियां बारूदी गंध की चपेट में आ चुकी हैं। अपनों की कब्र खोदते हुए लोग किस तरह ईद की मुबारकबाद का आदान-प्रदान कर सकते हैं। इस बेहद बुरे दौर में अगर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विदेश नीति में चयनित संवेदनशीलता नहीं दिखाते और भारत के पुराने रसूख का इस्तेमाल करके हर तरह के युद्ध को रुकवाने की पहल करते, तब तो वाकई ईद की खुशियां दिल से जाहिर होतीं।

बहरहाल, सरकार तो अपने दायित्व से पूरी तरह चूक गई है, लेकिन समाज भी क्या खुद को राजनीति के मंच की तरह इस्तेमाल होने देगा, ये भारत की आम जनता को सोचना होगा। कुछ साल पहले तक ईद और दीवाली दोनों की खुशियां एक जैसी देश भर में पसरी होती थीं और नागरिकों के बीच आपसी हेलमेल खुलकर नजर आता था। अब वो भारत कहां गुम हो गया है, ये समाज को सोचना होगा।

विचार

# कांग्रेस को रवैया बदलने की जरूरत

असम चुनाव से कुछ पहले भाजपा ने कांग्रेस को तोड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। असम से कांग्रेस के लोकसभा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि यह फैसला उनके लिए बेहद कठिन था क्योंकि उन्हें कांग्रेस पार्टी के अंदर कई मुद्दों पर लगातार अपमान का सामना करना पड़ रहा था। इस अपमान का बदला श्री बोरदोलोई ने अब भाजपा की सदस्यता लेकर पूरा किया है। इससे पहले भूपेन बोरा भी इसी तरह की नाखुशी संगठन से जताकर अलग हुए थे और फौरन ही भाजपा के खेमे में चले गए।

आखिर चुनावों से पहले ही मान-अपमान का ख्याल दल बदल करने वाले नेताओं को कैसे आता है, यह सवाल अब तक अनुत्तरित है। ऐसा नहीं है कि केवल कांग्रेस में ही दल बदल का सिलसिला चलता है, कमोबेश सभी पार्टियां इसका शिकार हैं। लेकिन खास बात ये है कि जिस राज्य में कांग्रेस मजबूती से भाजपा को चुनौती देती है, वहां इस तरह की फूट ज्यादा दिखाई देती है। इस समय असम ऐसा ही एक राज्य है, जहां इस बार भाजपा के सामने सत्ता बचाने की चुनौती है।

गौरव गोगोई को असम कांग्रेस का अध्यक्ष बनाकर आलाकमान ने एक बड़ा दांव चला और गोगोई के तेवर जैसे संसद में भाजपा के लिए तीखे रहते हैं, असम में भी हिमंता बिस्वासरमा के सामने वैसे ही तीखे बने हुए हैं। बिस्वासरमा ने गौरव गोगोई को पाकिस्तान का एजेंट बताने जैसे गंभीर आरोप तक लगाए हैं, मगर इनसे पीछे हटने की बजाए गौरव गोगोई सामने आकर बिस्वासरमा को चुनौती दिए जा रहे हैं। बीते दिनों जिस तरह प्रियंका गांधी ने असम में धुआंधार बैठकें कर राज्य इकाई को मजबूत करने की कोशिश की और अब टिकट वितरण का काम जमीनी रिपोर्ट के आधार पर शुरु हुआ है, उसमें भी नजर आ रहा है कि कांग्रेस से इस बार भाजपा को कड़ी टक्कर मिलने वाली है। भाजपा के लिए एंटी इनक्मबेंसी भी एक बड़ी चुनौती है। इन चुनौतियां का सामना करने के लिए भाजपा के पास सबसे सुविधाजनक तरीका यही है कि कांग्रेस में फूट डलवाई जाए। प्रद्युत बोरदोलोई और राज्य कांग्रेस के उपाध्यक्ष नवज्योति तालुकदार का पार्टी छोड़ना इसका प्रमाण है।

प्रद्युत बोरदोलोई ने अपने इस्तीफे के बारे में कहा कि मैंने अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों में से एक को छोड़ दिया है और इसके लिए मैं खुश नहीं हूं। लेकिन मैंने यह निर्णय इसलिए लिया क्योंकि कांग्रेस पार्टी, विशेष रूप से असम कांग्रेस के भीतर, मुझसे संपर्क करने वाले लोग मुझे बार-बार अपमानित कर रहे थे। कांग्रेस नेतृत्व भी मेरे प्रति सहानुभूति नहीं दिखा रहा था।

गौरतलब है कि बोरदोलोई 1998 से 2016 तक चार बार विधायक रहे। 2001 से 2015 के बीच असम की कांग्रेस सरकार में महत्वपूर्ण मंत्री पद भी संभाले। और फिर नौगांव से दो बार सांसद रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें आलाकमान से शिकायत है। उनका कहना है कि उनके संसदीय क्षेत्र से एक कांग्रेस विधायक आसिफ नजर के करीबी ने बीते पंचायत चुनाव के दौरान उन पर हमला करवाया था। अब उनका सवाल है कि एक अपराधी को टिकट कैसे दे सकते हैं। बोरदोलोई का कहना है कि जब 13 मार्च को दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में असम चुनाव के लिए स्क्रीनिंग कमिटी के सदस्य सांसद इमरान मसूद ने उनके आरोपों को श्झूठाश् करार दिया और गोगोई चुप रहे। इससे उनके श्आत्म-सम्मानश् को ठेस पहुंची। आत्मसम्मान की आड़ लेकर बोरदोलोई ने कांग्रेस छोड़ी



और अब शायद सम्मान की तलाश में भाजपा चले गए हैं। वहीं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नवज्योति तालुकदार ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में नवज्योति तालुकदार ने पार्टी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। यहां भी सवाल वही है कि आखिर अपनी ही पार्टी की कार्यप्रणाली ऐन चुनाव के पहले तालुकदार को नागवार क्यों गुजरने लगी। दरअसल दलबदल के लिए एक पुख्ता बहाना चाहिए ही होता है, तो अपमान का फैक्टर इसमें सबसे कारगर साबित होता है, क्योंकि इसमें जनता की सहानुभूति मिल जाती है। हालांकि असल में इसमें जनता का अपमान होता है, जिसने इससे पहले आपके काम और विचारधारा के लिए आपको अपना प्रतिनिधि बनाया, लेकिन आपने अपनी विचारधारा ऐसे बदली जैसे कोई वस्त्र बदलता है। वैसे यहां थोड़ी गलती कांग्रेस की भी है, आखिर उसे बगावत के बारे में तभी कैसे पता चलता है जब कोई खेल कर चुका होता है। मध्यप्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भी कांग्रेस उम्मीद लगाए बैठे हुई थी कि वे पार्टी को नहीं छोड़ेंगे, लेकिन सिंधिया ने अपने साथ 22 और विधायकों को तोड़ लिया और कांग्रेस को खबर भी नहीं हुई। ऐसी बेखबरी के साथ राजनीति तो नहीं की जा सकती, खासकर तब जब सामने भाजपा जैसा प्रतिद्वंद्वी मौजूद हो, जो साम, दाम, दंड, भेद सबका इस्तेमाल करके चुनाव जीतने में यकीन रखे।

विधानसभा से पहले राज्यसभा में भी भाजपा का यही खेल बिहार, ओडिशा और हरियाणा में नजर आया। इन तीन राज्यों में कांग्रेस के कुल 11 विधायकों ने पार्टी के निर्देशों की अवहेलना की है। हरियाणा में कांग्रेस के 5 विधायकों ने पार्टी के खिलाफ जाकर वोट किया। ओडिशा में 3 विधायकों ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया। जिससे कांग्रेस-बीजेडी समर्थक उम्मीदवार की हार हुई। और बिहार में कांग्रेस के 3 विधायकों ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा ही नहीं लिया। हरियाणा में तो जैसे तैसे करके कांग्रेस ने अपनी सीट बचा ली मगर बाकी राज्यों में अपनी कमजोरी ही दिखाई है। कांग्रेस के कुछ कद्दावर नेताओं का कहना है कि सत्ता पक्ष यानी भाजपा की तरफ से मिलने वाले धनबल (प्रलोभन) के प्रभाव को बेअसर करना आसान नहीं है, क्योंकि इसके साथ ही सत्ताधारी दल की धमकियों का डर भी जुड़ा होता है।

इस बात में कोई दो राय नहीं है, लेकिन जब कारण पता चल गया है तो उसका हल भी उसी तरीके से ढूंढना होगा कि यह कारण ही खत्म हो जाए। हरियाणा और महाराष्ट्र चुनावों के वक्त से कांग्रेस के भीतर गुटबाजी पर चिंता जताई जा रही थी, लेकिन कांग्रेस ने बात न सुनने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए लोकतांत्रिक मिजाज दिखाते हुए सख्ती नहीं अपनाई। अब शायद उसे इस रवैये को बदलने की जरूरत है।


साहित्य



परिक्रमा

**उत्पल डेका**

बात थामती है
समय की जड़
जिस खिड़की पर सूरज बैठता है
उसकी छुअन से जिंदा होती है
अधपकी बात
कौन किसे मात देता है
समय के विवर्तन में
कौन करता है संग्राम
किसका अधिकार
कौन करता है संधि या छल
सब कुछ है आपेक्षिक
गंवाता है कौन रिश्ता
करता है कौन विनिमय
बोझिल सांस को संभालकर
कौन सजाता है खुद को चित्र की तरह
किसके लिए नग्न रातें
छोड़ देती हैं राह?
किसके लिए यह छाया-रोशनी
कौन किसका रकीब
हमारे उर्वर मन में
किसके लिए है यह तन्हाई
मृत्यु के उस पार दुख नहीं रहता।



# राशिफल

**मेषः-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

**वृषभ :-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्रिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव।

**धनुः-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकरः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी।

**मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही न करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

# ईरान युद्ध में नाटो से अलग-थलग पड़े ट्रंप की परीक्षा की घड़ी

*नित्य चक्रवर्ती*

अब तक, यह एक हवाई युद्ध रहा है, जिसमें कुछ ही अमेरिकी जानें गई हैं। घायलों की संख्या भी लगभग 200 ही है। लेकिन अगर ट्रंप जमीनी सैनिकों का इस्तेमाल करते हैं, तो मरने वालों की संख्या हजारों में होगी। नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनावों के इस साल में, यह ट्रंप के लिए एक राजनीतिक आपदा साबित होगी। रुझान पहले से ही दिख रहे हैं। बुधवार को, अमेरिका-इजरायल गठबंधन के ईरान के खिलाफ युद्ध के 18वें दिन, ट्रंप को एक साथ दो बुरी खबरें मिलीं। इन खबरों ने उन्हें इस बात पर सोचने पर मजबूर कर दिया कि ईरान को अमेरिकी ताकत के आगे झुकाने के लिए उन्हें अपनी अगली रणनीति कैसे बनानी चाहिए।

पहली खबर यह थी कि यूरोपीय सरकारों ने ट्रंप के उस अनुरोध का जवाब देने से इनकार कर दिया है, जिसमें उन्होंने तेल टैंकरों के सुरक्षित मार्ग के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में अपने युद्धपोत भेजने की मांग की थी। दूसरी खबर यह थी कि ईरान अब होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को तभी गुजरने दे रहा है, जब वे भुगतान डॉलर में नहीं, बल्कि चीनी युआन में करें। इसका मतलब है कि चीन और ईरान के बीच कोई समझौता हो गया है, हालांकि उसकी शर्तें अभी पता नहीं चली हैं। लेकिन इसका कुल नतीजा यह निकला है कि चीन, तेहरान के पूरे समर्थन के साथ, ईरान द्वारा की गई होर्मुज नाकेबंदी का फायदा उठा रहा है और पैसे कमा रहा है। ट्रंप के लिए, यह खबर इससे बुरे समय पर नहीं आ सकती थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट को मनाया कि वे चीनी व्यापार मंत्री ही लिफांग के साथ एक बैठक तय करें, ताकि इस साल अप्रैल में बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ होने वाली उनकी बैठक के लिए जमीन तैयार की जा सके। ईरान युद्ध के माहौल के बीच चीन ने हिचकिचाते हुए ऐसी बैठक के लिए सहमति दी। यह बैठक रविवार को पेरिस में शुरू हुई और सोमवार को भी जारी रही। व्हाइट हाउस ने अपनी तरफ से 31 मार्च से 2 अप्रैल तक शिखर सम्मेलन की तारीखें तय कर दी थीं, लेकिन चीन की तरफ से इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई थी। असल में, ट्रंप पेरिस बैठक का इस्तेमाल एक चारे के तौर पर करना चाहते थे, ताकि चीन को अपने पाले में रखा जा सके। वे यह संकेत देना चाहते थे कि वे चीनी राष्ट्रपति के साथ बैठक करने के लिए इतने उत्सुक हैं कि वे उस ऐतिहासिक व्यापार समझौते और अन्य विवादित मुद्दों पर आपसी समझ को अंतिम रूप देना चाहते हैं। लेकिन ट्रंप की यह चाल कामयाब नहीं हुई। अब वे गुस्से से आग-बबूला हैं। उन्होंने घोषणा की है कि चीन का प्रस्तावित दौरा टाल दिया जाएगा, हालांकि व्हाइट हाउस के सूत्रों का कहना है कि शिखर सम्मेलन अप्रैल के अंत तक हो जाना चाहिए।

ट्रंप ने चीन से भी होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाज भेजने का वही अनुरोध किया था, लेकिन चीन ने भी यूरोपीय देशों की तरह ही इस अनुरोध को ठुकरा दिया। इस तरह, दोनों ही पक्षों ने ट्रंप की बात मानने से इनकार कर दिया। जहां तक यूरोप की प्रतिक्रिया का सवाल है, वह ट्रंप के लिए इतनी परेशान करने वाली थी कि उन्होंने कहा कि यूरोप का यह रुख नाटो के लिए बहुत बुरा है। इस बात के काफी संकेत थे कि वह नाटो के इन यूरोपीय सदस्यों के खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे। जर्मनी की प्रतिक्रिया ट्रंप के लिए सबसे ज्यादा चिंताजनक थी। जर्मनी ने किसी भी सैन्य गतिविधि में हिस्सा लेने से साफ इनकार कर दिया, जिसमें जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के प्रयास भी शामिल थे।

चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा, हस्तक्षेप करना है या नहीं, इस पर कभी कोई संयुक्त फैसला नहीं हुआ था। इसीलिए यह सवाल ही नहीं उठता कि जर्मनी के सैन्य रूप से योगदान देगा। हम ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा, इस ईरानी शासन का अंत होना ही चाहिए, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि पिछले वर्षों और दशकों में हमने जो अनुभव हासिल किया है, उसके आधार पर, बमबारी करके उसे घुटने टेकने पर मजबूर करने जैसा तरीका, पूरी संभावना है कि सही तरीका नहीं है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने कहा, यह हमारा युद्ध नहीं है, हमने इसे शुरू नहीं किया है। डोनाल्ड ट्रंप होर्मुज जलडमरूमध्य में यूरोपीय युद्धपोतों से ऐसी क्या उम्मीद करते हैं, जिसे शक्तिशाली अमेरिकी नौसेना अकेले नहीं संभाल सकती? यही वह सवाल है जो मैं खुद से पूछ रहा हूं। ब्रिटेन, फ्रांस और इटली ने भी जर्मन राष्ट्रपति के विचारों का समर्थन किया और यह साफ कर दिया कि वे ट्रंप के अनुरोध के अनुसार होर्मुज जलडमरूमध्य में युद्धपोत भेजने की स्थिति में नहीं हैं।

तो अब ट्रंप यहां से आगे क्या करेंगे? पेंटागन ने इस महीने की शुरुआत में अपनी रिपोर्ट में कहा था कि ईरान में इस युद्ध को इस साल सितंबर तक जारी रखने की क्षमता है और यह अमेरिका के लिए बहुत महंगा साबित होगा। ट्रंप को पेंटागन पर भरोसा नहीं था। वह ईरान को आत्मसमर्पण कराने के लिए ज्यादा से ज्यादा पंद्रह दिन का समय बता रहे थे। अब, 18वें दिन भी, ऐसा कोई संकेत नहीं दिख रहा है। ट्रंप तेल और परमाणु ठिकानों पर कब्जा करने के लिए मरीन सहित बड़ी संख्या में सैनिकों का इस्तेमाल करके युद्ध को अगले स्तर पर ले जा सकते हैं। अगर वह सफल भी हो जाते हैं, तो भी इस कदम के खतरनाक परिणाम होंगे। अब तक, यह एक हवाई युद्ध रहा है, जिसमें कुछ ही अमेरिकी जानें गई हैं। घायलों की संख्या भी लगभग 200 ही है। लेकिन अगर ट्रंप जमीनी सैनिकों का इस्तेमाल करते हैं, तो मरने वालों की संख्या हजारों में होगी। नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनावों के इस साल में, यह ट्रंप के लिए एक राजनीतिक आपदा साबित होगी। रुझान पहले से ही दिख रहे हैं कि डेमोक्रेट्स जीत रहे हैं। अमेरिकी सैनिकों की मौत अमेरिकी मतदाताओं के लिए बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। रिपब्लिकन पार्टी भी यह जोखिम नहीं उठा सकती। ट्रम्प के लिए, यह परीक्षा की घड़ी है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### तीन सौ ग्राम हीरोइन के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**हरदोई।** पिहानी पुलिस ने एक आरोपी कों मादक पदार्थ हीरोइन के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा जनपद में अवैध नशीले पदार्थ के निर्माण/बिक्री/परिवहन करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना पिहानी के उप निरीक्षक सूर्य मणि यादव और पुलिस बल द्वारा सियाराम पुत्र कढ़िले आरख निवासी ग्राम जमालपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर जनपद सीतापुर को 301 ग्राम अवैध हेरोईन व एक मोटर साइकिल (घटना में प्रयुक्त) सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना पिहानी पर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।गिरफ्तार आरोपी पर जनपद के विभिन्न थानों में एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी कों जेल भेज दिया है।

### तृतीय श्री शतचंडी महा यज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा एवं कलश यात्रा निकाली गई



**बेनीगंज/हरदोई।** जनपद हरदोई के प्रताप नगर चौराहा क्षेत्र के ग्राम झरोईया में राधा कृष्ण मंदिर परिसर में गुरुवार को अपने निर्धारित समय पर कलश यात्रा निकाली गई। यह जानकारी कार्यक्रम के मुख्य यजमान एवं आयोजक अमित शुक्ला उर्फ गुड्डू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी तृतीय श्री सत् चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर गांव सहित आसपास क्षेत्र के भक्तों में खुशी की लहर दौड़ दिखाई पड़ी।उन्होंने यह भी कहा कि प्रभु की विशेष कृपा से यह धार्मिक कार्यक्रम करवाने का हर वर्ष मुझे अवसर मिल रहा है। हम सब लोगों के लिए गौरव की बात है। राधा कृष्ण मंदिर परिसर पर तृतीय श्री सत् चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जो कि दिनांक 19 मार्च दिन गुरुवार से 25 मार्च दिन बुधवार तक चलेगा। कार्यक्रम समापन के पश्चात 26 मार्च दिन गुरुवार को दोपहर के बाद कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जनपद सीतापुर से पधारे यज्ञ आचार्य पंडित बृजेश मिश्रा द्वारा मंत्रोंच्चारण के साथ कलश यात्रा गांव से नैमिषारण्य स्थित देव देवेश्वर धाम तक निकाली गई। सत चंडी महायज्ञ का कार्यक्रम शुभारंभ किया गया।वही सीतापुर जनपद के महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत का कथा का गुणगान किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा का समय दिन में 12:00 बजे से 300 तक एवं द्वितीय बेला में शाम 7:00 बजे से रात्रि 11:00 तक किया जाएगा। आयोजक अमित शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला ने सभी भक्तजनों, ग्राम वासी एवं क्षेत्रवासियो से निवेदन करते हुए कहा है कि धार्मिक कार्यक्रम में अवश्य आए और प्रभु का गुणगान के साथ रसपान एवं श्रीमद्भागवत का रसास्वादन कर अपने जीवन को कृतार्थ करें।

### तड़के से ही गुजायमान हो उठे मां के शक्तिपीठ

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** भोर होते ही आभा मंडल मां के जयकारों से गुजायमान हो उठा। सभी शक्ति पीठों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमडी हुई थी गुरुवार से शुरू हुए चैत्र नवरात्र पर्व पर मां के गगन भेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठे। कस्बे के पंचमठी, मां गायत्री, पाथामाई, विंध्यवासिनी मंदिर, बांक के मौहर देवी, विदोखर मेंदनी के पाथामाई मंदिर, विदोखर पुरई के काली माता मंदिर, इंगोहटा के त्रिशक्ति मंदिर, देवगांव के कामाख्या मंदिर में तड़के से ही देवी भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने पूजन दर्शन करके मां के गगनभेदी जयकारे लगाए। सभी शक्तिपीठों में साफ सफाई बिजली पानी के पुख्ता इंतजाम कराए गए हैं।

### आठ साल की बच्ची आरिफा मंसूरी ने रखे पूरे एक माह के रोजे



**पनवाड़ी/महोबा।** पवित्र (पाक) माह ऐ रमजान की शुरुबात से ही मुस्लिम समाज मे बहुत ही खुशी के साथ इबादत और रोजे के साथ साथ संयम और धार्मिक उल्लास का माहौल बन गया चारों तरफ पूरे देश मे मुस्लिम समाज मे मस्जिदों मे बड़ी तादाद मे लोंगो मे नमाज रोजे, तरावीह पड़ी जाने लगी औरतों, बच्चों मे भी रमजान माह की खुशी देखने को मिल रही है इसी क्रम मे आपको बता दें की महोबा जिले के क़स्बा पनवाड़ी मे ऑल इण्डिया मंसूरी समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष अजीज मंसूरी की पोती (नातिन ) आरिफा मंसूरी ने अपने भाई सिराज मंसूरी, शोएब, और दानिश के साथ मात्र आठ साल की उम्र मे पूरे माह के रोजा रखे जिसको देखकर पूरे परिवार एवं रिस्तेदारो मे खुशी और बच्ची के हौसला की शवाशी, दुआ दे रहे है पहले रमजान शुरू होते ही अपनी दादी, भाई को हट कर के कहना मुझे सहरी मे जल्दी जगा देना उस बच्ची ने पूरे माह के रोजे पूरे किये बच्ची ने आज उनतीश वें रोजे को अपनी दादी सहित पूरे परिवार के साथ इफ्तारी कर रोजा खोला पूरे परिवार ने बच्ची को गले लगाकर मुबारकबाद दी एवं दुआ (आर्शीवाद )देकर उत्साह बढ़ाया बच्ची ने सहरी से इफ्तारी तक संयम रखा और धार्मिक परम्पराओ का पालन करते हुए इबादत मे भाग लिया परिजनों का कहना है की बच्चे धार्मिक संस्कार परिवार के वातावरण से विकसित होते है और रमजान जैसे पवित्र मे महीने मे जोड़ना उनके चरित्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है इस पवित्र माह मे छोटे –बड़े लोग रोजा, नमाज और दुआओं मे जुटे हुए है बच्ची ने परिवार साथ देश की अमन चैन एवं भाईचारे की दुआ मांगी।

### चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस पर डीएम-एसपी ने किया शक्तिपीठों का निरीक्षण

**उरई (जालौन)।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रथम दिवस ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने जनपद के प्रमुख शक्तिपीठों, बैरागढ़ स्थित शक्तिपीठ, मां रक्तदंतिका एवं अक्षरा माता मंदिर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसरों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक–चौबंद रखी जाएं, ताकि किसी को भी असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से साफ-सफाई, शौचालय व्यवस्था, प्रकाश एवं पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मंदिरों में विधिवत पूजा–अर्चना कर मां के चरणों में माथा टेककर जनपदवासियों की सुख–समृद्धि एवं शांति की कामना की। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं, जिससे नवरात्र पर्व को श्रद्धा, उल्लास एवं सुव्यवस्था के साथ संपन्न कराया जा रहा है।

### अज्ञात चोरों द्वारा नकदी समेत लाखों का माल किया पार, पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को दिया शिकायती पत्र

**बेनीगंज/हरदोई।** जनपद हरदोई के कोतवाली बेनीगंज क्षेत्र अंतर्गत महडउरा गांव निवासी पीड़ित संजय पुत्र प्रहलाद ने स्थानीय कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात लगभग 12:00 बजे के बाद अज्ञात चोरों के द्वारा मेरे घर में कमरे में रखें तीन बक्सा उठाकर गांव के पड़ोस लगभग डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर गेहू के खेत में उठाकर डाले। जिसमें रखा कीमती जेवरात लगभग कीमत चार से 5 लाख रुपए एवं अठारह हजार से 20000 नगद रखे हुए थे। जो कि गायब हैं और कपड़े बरामद मौके से हुए हैं। सूचना पर पहुंची प्रताप नगर पुलिस चौकी प्रभारी दीपक कुमार ने मौके का निरीक्षण कर टूटे पड़े बक्से और ताले सहित कपड़ों को उठाकर उसके घर रखवा दिया हैं। संजय पुत्र प्रहलाद की शादी 10 मार्च 26 को हुई थी जिसमें एक बक्से में उसकी माता कलावती का जेवरात और कपड़े रखे हुए थे।दूसरे और तीसरे बक्से में संजय और उसकी पत्नी के जेवरात और नगद राशि रखी हुए थी।जेवरातों में झुमकी, कानों के कुंडल, गले का हार, मंगलसूत्र,बिछुआ आदि जेवरात रखे थे।जिसको अज्ञात चोरों ने साफ कर दिया।इतनी बड़ी चोरी होने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग तरह–तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। पुलिस पर भी सवालिया निशान लगना शुरू हो गया है।जहां रात को पिकट ड्यूटी एवं सतर्कता बरतने के दिशा निर्देश दिए जाते हैं। वहीं चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि एक ही मकान में तीन–तीन बक्से उठाकर पड़ोस में ही तोड़कर सारा सामान पार कर दिया। इस संबंध में चौकी प्रभारी प्रताप नगर दीपक कुमार ने बताया सुबह सूचना मिलते ही मौके पर गया था। जांच की जा रही है। शीघ्र ही खुलासा कर अभियुक्त की गिरफ्तारी की जाएगी साथ ही पुलिस की और सतर्कता बढ़ा दी जायेगी जिससे कि क्षेत्र में ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

# सनातन नववर्ष के स्वागत में निकली प्रभात फेरी

- पाली नगर में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

**पाली/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



हिंदू नववर्ष के अवसर पर पाली कस्बे में गुरुवार सुबह भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। श्रीराम नाम संकीर्तन समिति पाली के तत्वावधान में आयोजित इस प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों ने भाग लिया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 7 बजे श्रद्धालु माता पंथवारी देवी मंदिर परिसर में एकत्रित हुए, जहां से प्रभात फेरी की शुरुआत की गई। प्रभात फेरी नगर के विभिन्न गली-मोहल्लों से होकर निकली, इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्रीराम के जयकारों और संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने भगवा व पीले वस्त्र धारण कर, माथे पर तिलक लगाकर सनातन नववर्ष का स्वागत किया। जगह-जगह लोगों ने प्रभात फेरी का स्वागत किया और पुष्प वर्षा भी की। प्रभात फेरी नगर भ्रमण के बाद करीब 10 बजे पुनः माता पंथवारी देवी मंदिर परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नवरात्र के प्रथम दिन उच्च शिक्षा मंत्री ने संकटा देवी मंदिर पहुंचकर की पूजा अर्चना



**हरदोई/शाहाबाद।** चैत नवरात्र के पहले दिन प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिबारी अपनी 155 विधान सभा क्षेत्र शाहाबाद के पौराणिक देवस्थान संकटा देबी के दरबार में पहुंची वहां उन्होने काफी देर तक पूजा अर्चना की और संत समाज को फल और दक्षिणा भेट की। मंत्री जी के अचानक संकटा देवी देव स्थान पहुंचने से संत समाज मे खुशी की लहर देखी गई। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पाण्डेय उर्फ पिंटू पाण्डेय, भाजपा नगर उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता, भाजपा नगर महामंत्री सुभाष सिंह, कुलदीप श्रीवास्तव, अंकित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई 15वें वित्त आयोग की बैठक

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता मे विवेकानंद सभागार में 5वें वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड फंड) में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष प्राप्त प्रस्तावों की स्वीकृति के सम्बन्ध मे बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर निकायों में 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि का उपयोग स्थानीय नागरिकों के हित में पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से किया जाए। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रस्तावों में से कुछ को छोड़कर शेष प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौराहों को डेवलप किया जाये, एक अच्छा वेन्डिगं जोन बनाया जाये तथा हर नगर पालिका मे मोबाइल ट्वायलेट की व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि नगर पालिका हरदोई मे अम्बेडकर पार्क मे कलरफुल फाउन्टेन लगाया जाये। उन्होंने नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों और अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे निरंतर सहयोग एवं समर्पण के साथ कार्य करें ताकि सभी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया जा सके। अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष हरदोई, पिहानी, गोपामऊ, सभी ईओं, सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई, चार दिनों में 28 उपभोक्ताओं पर मुकदमा दर्ज

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



अधिशाषी अभियंता भजन लाल ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा चलाए जा रहे बिजली चोरी विरोधी अभियान के तहत 15 मार्च से 19 मार्च तक शाहाबाद डिविजन संबंधित विद्युत उपकेंद्र की टीम ने क्षेत्र के अलग अलग गांव में सघन जांच अभियान चलाया, अभियान का नेतृत्व उपखंड अधिकारी अवर अभियंता ने किया। जांच के दौरान टीम ने चार दिनों में 28 लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपभोग करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। बताया गया कि ये लोग बिना वैध कनेक्शन के सीधे लाइन से बिजली चोरी कर रहे थे। टीम ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इस कार्रवाई से गांव में हड़कंप मच गया और अन्य लोगों में भी खौफ का माहौल देखा गया। विभागीय अधिशाषी अभियंता भजन लाल ने साफ चेतावनी दी है कि बिजली चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।आगे अधिशाषी अभियंता ने बताया कि विभाग को लगातार बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर यह अभियान चलाया गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।अधिशाषी अभियंता भजन लाल ने साफ साफ कहा कि बिजली चोरों के विरुद्ध अभियान लगातार चलता रहेगा।

## हाईवे व मुख्य मार्गों की झाड़ियों की कटाई/छटाई का कार्य एक सप्ताह में करायें: सीडीओ

- ई रिक्शें निर्धारित रूट पर ही चलवायें एवं उल्लघंन करने वालों पर कार्रवाई: सान्या छाबड़ा
- ओवर लोड व ओवर हाईट सामान लेकर चलने वाले वाहनों के पंजीयन निरस्त करें: सीडीओ

**हरदोई।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार में आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि हाईवे एवं मुख्य मार्गो की झाड़ियों की कड़ाई/छटाई का कार्य संबंधित विभाग अपने-अपने मार्गो पर एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। ई रिक्शों को तय रूट पर चलाने के संबंध में सीडीओ ने यातायात निरीक्षक को निर्देश दिये कि ई रिक्शों को निर्धारित रूट पर ही चलवायें तथा उल्लघंन करने वाले चालकों पर कार्यवाही करें। मुख्य विकास अधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिये अभियान चलाकर प्रतिदिन सौ ई रिक्शों पर वार कोड लगवाना सुनिश्चित करें और ओवर लोड एवं ओवर हाईट सामान लेकर चलने वाले ट्रक, टैक्टर/ट्राली व अन्य वाहनों का चालान करने के साथ ही वाहन का पंजीयन निरस्त करें तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु दुर्घटना बाहुल स्थानों पर साईनेज लगवायें। बैठक में सीडीओ ने उपस्थित बस एसोसियन पदाधिकारियों से कहा कि जनपद में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन के तहत गांवों से ब्लाक व तहसील स्तर पर 15 से 28 सीटर बसे 10 वर्ष के अनुबंध पर चलायी जायेगी, ग्राम परिवहन के तहत बस चलाने के इच्छुक बस मालिक 28 मार्च 2026 तक परिवहन कार्यालय में आवेदन करें। बैठक में एआरटीओ, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी, एआरएम रोडवेज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## खनन माफियाओं पर बेनीगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- मिट्टी भरे टैक्टर-ट्रॉली को मय चालक किया गिरफ्तार



**बेनीगंज/हरदोई।** जनपद हरदोई के कोतवाली बेनीगंज में इन दिनों बगैर विभागीय आदेश के ही धुआंधार मिट्टी खनन चरम सीमा पर हो रहा था, फिर क्या ग्रामीणों की मौखिक शिकायत पर स्थानीय पुलिस सतर्कता दिखाते हुए गुरुवार की सुबह ही सिकंदरपुर रोड पर एक मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली धर दबोच लिया।मिट्टी खनन माफियाओं पर बेनीगंज पुलिस की बड़ी कार्यवाही, नवागत इंस्पेक्टर ने दिखाई सतर्कता। कोतवाली बेनीगंज से महज 03 किलोमीटर दूर विक्री सरदार झाला के नजदीक धरती का सीना चीर रहे खनन माफियाओं पर त्वरित कार्यवाही करते हुए इंस्पेक्टर मार्तंड प्रताप सिंह ने मिटटी भरी ट्रैक्टर ट्राली को मै चालक किया मौके से गिरफ्तार। वहीं दूसरे मिट्टी भरे वाहन की तलाश में जुटी पुलिस। नवागत इंस्पेक्टर के मुताबिक खनन माफियाओं व अपराध में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। इस संबंध में सिपाही सदाकांत मिश्रा ने बताया कि विभागीय खनन परमिशन की जानकारी हमें नहीं है, इंस्पेक्टर साहब को होगी। फ़िलहाल वह व्यक्ति अपने पर्सनल कार्य हेतु मिट्टी की ढुलाई रहा था।

### शराब के नशे में शराब ठेका सेल्समैन को दी धमकी

**जालौन (उरई)।** शराब के नशे में रंगबाजी दिखाते हुए शराब ठेके के सेल्समेन के साथ अभद्रता करने एवं मना करने पर सेल्समैन के साथ मारपीट कर उसे धमकाने की शिकायत पीड़ित सेल्समेन ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफप्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमरा में शराब ठेके पर सेल्समैन मयंक कुमार ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात वह शराब के ठेके पर बैठा था। तभी वहां गांव के ही मोहित, अरविंद व महर किशोर आए और उधार शराब मांगने लगे। जब उसने शराब उधार देने से मना किया तो अभद्रता शुरू कर दी और गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर रंगबाजी दिखाते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव की कोशिश की तो तीनों जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं से मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



चैत्र नवरात्र के पहले दिन नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी, वहीं घरों में भी विधिपूर्वक कलश स्थापना कर देवी का आह्वान किया गया। पूरे नगर में 'जय माता दी' के जयकारों से भक्तिमय माहौल बना रहा। नव संवत्सर और नवरात्र के शुभ अवसर पर नगर के बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, नवदुर्गा मंदिर, कामाख्या मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में भव्य अनुष्ठान आयोजित किए गए। भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा कर सुख, समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने नौ दिन का उपवास रखने का संकल्प लिया और अपने घरों में घट स्थापना कर जवारे बोए। पंडित देवेंद्र दीक्षित ने मां शैलपुत्री के महत्व को बताते हुए कहा कि देवी का यह स्वरूप हिमालयराज हिमांचल की पुत्री के रूप में प्रकट हुआ था, इसलिए इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। माता पार्वती के रूप में इनकी कठोर तपस्या के बाद इन्हें मनोवांछित फल प्राप्त हुआ था। इस कारण भक्त मां शैलपुत्री की आराधना कर अपनी इच्छाओं की पूर्ति की प्रार्थना करते हैं। नवरात्रि के पहले दिन इनकी पूजा करने से साधक के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सभी कष्टों का नाश होता है। भक्तों की भीड़ को देखते हुए नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। महिला श्रद्धालुओं एवं युवतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए महिला चौकी प्रभारी मधु देवी, चौकी प्रभारी मनीष तिवारी के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। मंदिर परिसरों में सुबह से लेकर शाम तक पुलिस द्वारा गश्त की जाती रही।

### ननिहाल जाते समय लेफ्टिनेंट कर्नल का हुआ स्वागत



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** छुट्टी में गांव जाते समय लेफ्टिनेंट कर्नल का ननिहाल जाते समय कस्बे में व्यापार मंडल ने जोरदार स्वागत किया पड़ोसी जनपद बांदा के जसपुरा ब्लॉक के कुम्हरिया डेरा के मजरा परिहारन डेरा निवासी हर्षित सिंह का सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल पद पर चयन हुआ है। ज्वाइनिंग के बाद छुट्टी में गांव लौटकर ननिहाल नंदेहरा जाते समय कस्बे में व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल के चेयरमैन अनुज शिवहरे, धीरू यादव, पुष्पराज सोनी, गुड्डू गुप्ता, राहुल सिंह, मनीष गुप्ता, लक्ष्मण पाल, अंकुर सिंह, लल्लू प्रजापति, राजा गुप्ता आदि मौजूद रहे

## हमीरपुर महोत्सव की तैयारियां को लेकर डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं एसपी डॉ दीक्षा शर्मा द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल चौरा देवी मंदिर प्रांगण का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा टैंटेज, मंच, साज-सज्जा, साउंड व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, प्रवेश और निकास द्वार, ओडीओपी के स्टाल, सुरक्षा एवं विद्युत व्यवस्था, साफ-सफ़ाई, पेयजल, सीसीटीवी, पब्लिक टॉयलेट, प्लेनेटोरियम आदि की तैयारियों से सम्बन्धित व्यवस्थाओं की जानकारी ली गयी।साथ ही कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराने हेतु नामित किए गए नोडल व सह नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि दी गयी जिम्मेदरियों का अच्छे से निर्वहन करें ताकि महोत्सव को यादगार बनाया जा सके।उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व दिये गए हैं वे स्वयं अपनी देख-रेख में सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका हमीरपुर को साफ-सफ़ाई, टॉयलेट, पेयजल, पब्लिक एड्रेस सिस्टम आदि की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। मंच की व्यवस्था हेतु अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग तथा विद्युत, जेनेरेटर एवं साउंड व्यवस्था हेतु अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया। स्टाल एवं झूला आवंटन की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर हमीरपुर तथा उपायुक्त उद्योग को दी गयी। पार्किंग एवं आवगमन की व्यवस्था देखने हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका हमीरपुर एवं यातायात निरीक्षक को निर्देश दिये गए।प्लेनेटोरियम की व्यवस्था देखने के निर्देश डीआईओएस एवं बीएसए को दिये गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं मीडिया कवरेज की जिम्मेदारी जिला सूचना अधिकारी एवं पर्यटन सूचना अधिकारी को प्रदान की गयी निरीक्षण के दौरान सीडीओ अरुण कुमार सिंह, डीएफओ अनिल श्रीवास्तव, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, एएसपी एम के गुप्ता, पर्यटन सूचना अधिकारी चित्रगुप्त सिंह आदि अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### दामाद पर लगाया मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

बेहटा गोकुल थाना छेत्र के ग्राम मवईया निवासी वृद्ध ने एसपी को लिखित तहरीर देकर पुत्री की ससुराल वालों पर मारपीट का आरोप लगाया है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है।

पिडित रमेश चंद्र दीक्षित के अनुसार उसने अपनी पुत्री का विवाह शाहाबाद कोतवाली के ग्राम बरौनिया निवासी विनीत पुत्र सुरेश चंद्र के साथ किया था। विवाह के बाद से ही पुत्री का पति, सास सुशीला और जेठ शशिकांत उसकी पुत्री कों मारते पीटते और घर से भगाते थे। नौ वर्ष से न्यायालय में उसकी पुत्री का गुजारा भत्ता का मुकदमा न्यायालय में विपक्षी के विरुद्ध चल रहा है। 6 मार्च को विपक्षी उसके घर आये और मुकदमे में सुलह की बात कहकर उसे और पुत्री को गाली गलौज किया और डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। उसने डायल 112 पर काल की पुलिस मौके पर आई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। एसपी अशोक कुमार मीणा के आदेश पर बेहटा पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# अच्छी सोच से ही परिवर्तन आता है: डीएफओ देवाशीष

- किसानों से पशुपालन कर देशी खाद से उत्पादन बढ़ाने पर क्षेत्राधिकारी ने दिया जोर और मिशन शक्ति के प्रति जागरूक किया

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**




नगर के एक पैलेस में एफडीएचसी परिवर्तन पीडीएफ परियोजना के अंतर्गत सृजन संस्था द्वारा महिला किसान सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिलावनाधिकारी देवाशीष ने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता है,अच्छी सोच से ही परिवर्तन आता है। उन्होंने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए इसे अच्छी पहल बताया है। महिला किसान सम्मेलन में विशिष्ठ अतिथि क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड ने कहा कि बुंदेलखंड में किसान पशुपालन करता है, जिससे देशी खाद का निर्माण कर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से केमिकल युक्त खाद के प्रयोग नहीं करने की सलाह देते हुए देशी खाद से ही उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। और उपस्थित महिलाओं को उन्होंने मिशन शक्ति के प्रति जागरूक किया। एचडीएफसी बैंक के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक कुमार ने कहा कि हमारी संस्था बुंदेलखंड में 215 करोड़ की लागत से परियोजनाओं में काम कर रही है। इस क्षेत्र के सर्वे के दौरान जल स्त्रोतों के उत्थान के मामले सामने आने पर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की पीड़ा को जो महसूस करेगा, वही सेवा भाव से कार्य कर सकता है। उन्होंने कहा कि खेती के लिए महिला किसानों को तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए गये हैं। माता-पिता के गलत व्यवहार को देखकर बच्चे दुर्व्यवहार करते हैं, जिसे उन्होंने शिक्षित करने पर बल दिया। सृजन संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर धीरज कुमार ने कहा है कि यह संस्था विकासखंड जैतपुर क्षेत्र में 3 वर्षो से एचडीएफसी के सहयोग से कार्य कर रही है। पानी की समस्या को देखते हुए उनके संसाधनों का उद्धार कराया गया है। पुराने कूपों की मरम्मत,चेक डैम आदि जल स्त्रोतों को विकसित करने का कार्य किया गया है।उन्होंने कहा सृजन संस्था द्वारा 225 कुओं को पुनर्जीवित किया जा चुका है। प्राकृतिक खेती की यूनिट की स्थापना, वृक्ष प्लांटेशन तथा विभिन्न प्रकार की सब्जी उत्पादन को बढ़ाते हुए किसानों को बगिया की स्थापना कराई गई है। समाजसेवी अपर्णा नायक, सेवायोजन अधिकारी महोबा, आकांक्षा, राकेश अग्रवाल आदि ने अपने विचार व्यक्त कर महिला किसानों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम का संचालन अनन्या व पूजा यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह , संस्था के पदाधिकारी सहित विकास खण्ड क्षेत्र की विभिन्न ग्रामों से सेंकड़ों की संख्या में समूह की महिला किसान उपस्थित रहीं।

### सूचना

मेरा नाम सीबीएसई इंटरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 5644155 के अंकपत्र में Vaishanavi Sharma गलत लिख गया है। सही नाम Vaishnavi Sharma है, जिसे दर्ज किया जाय। Vaishnavi Sharma D/O राजेश कुमार शर्मा निवासी शर्मा ट्रेडर्स भोलेपुर, फतेहगढ़ फर्रुखाबाद।

# कानून व्यवस्था से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक, सब बदला: सचान

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी का आयोजन सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर रायबरेली में आयोजित किया गया है, जिसमें आज प्रभारी मंत्री जनपद/ मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम, उद्यम खाद्य एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्र उद्योग विभाग उत्तर प्रदेश राकेश सचान द्वारा मेले/प्रदर्शनी स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लगाए गए स्टॉलों का भ्रमण कर अवलोकन किया गया तथा केंद्र सरकार के 11 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के 09 वर्ष की उपलब्धियों एवं जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/ परियोजनाओं/ कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव उपस्थित रहें।



▸ स्टॉलों का भ्रमण कर किया अवलोकन

### प्रभारी मंत्री का अध्यक्ष व सभासदों ने किया जोरदार स्वागत

**महराजगंज समृद्धि न्यूज़।** महराजगंज नगर पहुंचे रायबरेली जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान का चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया जोरदार स्वागत फूल माला पहनाकर प्रभारी मंत्री का अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू एवं सभासदों ने स्वागत और सम्मान किया। प्रभारी मंत्री राकेश सचान नवरात्रि के प्रथम दिन महराजगंज कस्बे में स्थित भाजपा नेता प्रभात साहू की राइस मिल पर पहुंचे प्रभात साहू ने बताया कि प्रभारी मंत्री का स्वागत व सम्मान किया गया तथा उन्होंने पार्टी के नेताओं और सभासदों के साथ बैठक की प्रभारी मंत्री ने कहा कि नगर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी प्रभारी मंत्री ने पदाधिकारीयों को जरूरी दिशा निर्देश दिए प्रभात साहू ने कहा भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता हमेशा जनता के सुख-दुख मे शामिल रहते हैं और पार्टी के कार्यकर्ताओं का भी हाल-चाल लेते रहते हैं । इस मौके पर सभासद धर्मेंद्र वर्मा रामकुमार यादव मुस्ताक राइनी नूरुल हसन विजय धीमान सहित अन्य सभासद एवं भाजपा नेता मौजूद रहे।

### जैदपुर की शिया जामा मस्जिद में तीन दिन की इबादत के बाद फूल-मालाओं से स्वागत

**जैदपुर बाराबंकी।** मुबारक माह रमजान के आखिरी लम्हों में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कस्बा जैदपुर के मोहल्ला छोटी बाजार स्थित शिया जामा मस्जिद में एहतेकाफ का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जन भर से अधिक अकीदतमंदों ने तीन दिन तक मस्जिद में रहकर इबादत, तिलावत और देश-दुनिया में अमन-चैन की दुआएं कीं। सोमवार की भोर तीन दिवसीय एहतेकाफ पूरा होने पर मस्जिद में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर एहतेकाफ में बैठे लोगों का फूल-मालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। एहतेकाफ में शामिल प्रमुख लोगों में मो वहब,अब्बास,शमर अब्बास, मो जामिन,अली अब्बास,मो फरहान, मो हुसैन,मौलवी अहमद रजा,मौलवी सायम हुसैन,मौलवी मो हुसैन,ऊरूज हुसैन, मोहसिन रजा,असद रजा,मो मोहसिन रजा खान और मौलाना बिजाअत हुसैन शामिल रहे।

# दर्शन करने गये किशोर की गोमती नदी में डूबकर मौत

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।



नवरात्र के पहले दिन बेहटा स्थित बाबा टीकाराम धाम में बाबा के दर्शन को आया एक 17 वर्षीय किशोर की नदी मे डूबने से मौत हो गई । घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची हैदरगढ़ व असंदरा पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की।लगभग ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद असंदरा पुलिस ने शव को बरामद कर लिया।

जानकारी के मुताबिक अमेठी जनपद के कमरौली थाना क्षेत्र के कमरौली खास निवासी शिवांग कनौजिया पुत्र रमेश 17 गुरुवार सुबह अपने अन्य साथियों अंकित 16 वर्ष,अमित 12,लकी 13 वर्ष, आलोक 12 वर्ष,राज 15 वर्ष,पुजू 17 वर्ष के साथ बाबा के दर्शन करने आया था। इसी दौरान युवक ने नदी में नहाने की बात कही। बताते हैं कि सभी दोस्त पुल पार करके बाजपुरा घाट की ओर पहुंच गए। साथियों ने बताया कि जब तक वे कपड़े उतारते तब तक शिवांश कपड़े उतारकर नदी में छलांग लगा चुका था। साथियों ने बताया कि बीच नदी में पहुँचा उनका साथी चीखने चिल्लाने लगा लेकिन दोस्तों को लगा कि वह खिलवाड़ कर रहा है, लेकिन जब तक वे लोग समझे और ग्रामीण बचाने दौड़े तब तक शिवांग डूब चुका था।स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर प्रभारी निरीक्षक हैदरगढ़ अभिमन्यु मल्ल एवं थानाध्यक्ष असंदरा अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद स्थानीय गोताखोरों के मदद से बालक की तलाश शुरू की गई लगभग ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव घटनास्थल से लगभग दो सौ मीटर दूर असंदरा थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया गया।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**फतेहपुर बाराबंकी।** कटघरा पुल पर गुरुवार को एक सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी,जिससे वह सड़क पर गिर गया। जानकारी के अनुसार, दोहई निवासी अमित पुत्र सोने लाल झांसा कोल्ड स्टोरेज की ओर जा रहा था।सामने से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि अमित सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया।हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस के माध्यम से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया गया।जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया।ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर अवधेश कौशल ने बताया कि युवक को गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# जैदपुर महोत्सव का चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया शुभारंभ

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



कस्बे के भानमऊ रोड स्थित बायपास रोड पर पहली बार आयोजित किए जा रहे जैदपुर महोत्सव, प्रदर्शनी एवं मेले का भव्य शुभारंभ बुधवार को चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के मौके पर बड़ी संख्या में कस्बे और आसपास के क्षेत्रों से लोग मौजूद रहे।जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। महोत्सव के आयोजक मोहम्मद सल्लू ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन 18 मार्च से शुरू होकर पूरे एक महीने तक चलेगा। इस दौरान मेले में रोजाना विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा। खास बात यह है कि इस महोत्सव में क्राफ्ट बाजार, बच्चों और बड़ों के लिए आकर्षक झूले,चलती ट्रेन वाला झूला, और समुद्री जलपरी जैसे अनोखे कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। महोत्सव स्थल को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया है,जो दूर से ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। दाऊद अलीम ने कहा, जैदपुर में इस तरह का भव्य महोत्सव पहली बार आयोजित हो रहा है, जो हमारे कस्बे के लिए गर्व की बात है।इस आयोजन से न सिर्फ लोगों को मनोरंजन का अवसर मिलेगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों और व्यापारियों को भी अपनी प्रतिभा और उत्पादों को प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा। मैं आयोजकों को इस शानदार पहल के लिए बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि यह महोत्सव आने वाले वर्षों में एक परंपरा बनेगा।महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर अलीम राईन, कलीम अंसारी, सभासद मोहम्मद कासिम, राम सिंह, अल्ताफ अंसारी, निजामुद्दीन शाह, मोहम्मद नसीम शाहरुख, मोहम्मद अकरम, मास्टर मोहम्मद अहमद,मोहम्मद आसिम ,मोहम्मद शादाब खान, मोहम्मद फरजान खान सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सफेद हाथी बनी पानी की टंकी, पानी को तरसे ग्रामीण

बछरावां रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

विकासक्षेत्र के शेखपुर समोधा ग्रामसभा में स्थित पानी की टंकी विगत तीन वर्षों से सफेद हाथी बनी हुई है। लगभग एक करोड़ की लागत से बनी पानी की टंकी का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। जल निगम ने इस पानी टंकी को वर्ष 2016 में ग्राम पंचायत को हैंड ओवर कर दिया तब से आज तक पानी टंकी से दो बूंद पानी भी ग्रामीणों के काम नहीं आया। ऐसे में शेखपुर समोधा ग्राम सभा के लोग शुद्ध पेयजल के लिए भी तरसने लगे। हाल यह है कि तीन वर्ष से पानी की टंकी की एक बूंद भी ग्रामीणों को नही नसीब हुई है। सप्लाई की टोटियों के कंठ सूख चुके हैं। पानी टंकी की मोटर खराब पड़ी है पानी सप्लाई की पाइप जगह-जगह चोक हो चुकी है। इस पानी टंकी का निर्माण वर्ष 2012 में शुरू हुआ था। 2014 में इस पानी टंकी का उद्घाटन किया गया। इस पानी टंकी से ग्राम पंचायत के 15 गांव को सप्लाई दी गई। जिसमें शेखपुर समोधा, महरानी खेड़ा, ठाकुराइन खेड़ा, रामपुर, खालेगांव, टांडा, गाजियापुर, अर्जुन गंज, रूस्तम खेड़ा, लोधवरा, मेहरबान खेड़ा, गोझवा, मनाखेड़ा सहित 15 गांवों की लगभग 10 हजार की आबादी को इस पानी टंकी से जल मिलना था। परंतु यह सरकार का सपना साकार नहीं हो सका। ग्रामीण रोहित, गणेश शंकर, महेश, दिनेश, महेंद्र, ज्ञान यादव, रामू अनारी, राजकुमार समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार तीन वर्ष पहले भी कभी-कभी 10 व 15 मिनट के लिए पानी आ जाया करता था, परंतु तीन वर्षों से तो एक बूंद भी पानी नहीं पहुंचा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामसागर ने बताया कि पानी की टंकी की सप्लाई लाइन कई जगह से जर्जर हो चुकी है । जिसके चलते पानी टंकी में तो भर जाता है, पर कई जगह लीकेज होने से लोगों के घर तक नहीं पहुंच पाता। हाल ही में मोटर खराब हो गई थी। जिसकी जगह पर नई मोटर लगाई गई है, परंतु पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। कई बार शिकायत की गई है, विभाग के अधिकारियों ने मौके का जायजा भी लिया फिर भी मरम्मत का कार्य नहीं हो पाया है। जल निगम जेई सचिन कुमार ने बताया कि पानी टंकी निर्माण के बाद जल निगम द्वारा दो वर्ष सप्लाई कराई गई थी। 2016 में पानी टंकी को ग्राम पंचायत को हैंड ओवर कर दी गई थी। ग्राम पंचायत को यह अधिकार दिया गया था कि जितने भी उपभोक्ता है उनसे ग्राम पंचायत द्वारा 30 प्रति उपभोक्ता वसूल कर पानी टंकी का संचालन कराया जाएगा। परंतु किसी उपभोक्ता ने न तो पैसा दिया न ही पंचायत द्वारा पानी टंकी का संचालन कराया गया। तथा पानी टंकी व पाइपलाइन चोक होने से पानी टंकी चलाना संभव नहीं है। शासन को मरम्मत कार्य कराए जाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, स्वीकृति मिलने के बाद मरम्मत कार्य कराया जाएगा।



▸ 2016 में ग्राम पंचायत को हैंडओवर हो चुकी टंकी: जेई

## खबरें एक नजर में

### पत्रकार प्रेस परिषद ने पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पत्रकार प्रेस परिषद अयोध्या मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह व जिला उपाध्यक्ष समर बहादुर सिंह के द्वारा स्थानीय कोतवाली मुसाफिरखाना में कार्यरत प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह, उप निरीक्षक विनय कुमार दीक्षित, प्रधान लिपिक, प्रोन्नत हुए उप निरीक्षक हरि नाथ यादव को उत्कृष्ट कार्यों व जन समस्याओं के सफलता पूर्वक हल करने, मामलों के निस्तारण में सराहनीय योग दान करने के फल स्वरूप सम्मानित किया गया। प्रेस परिषद ने सम्मान में अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र के साथ पुष्प माला अर्पित कर स्वागत व सम्मानित किया। इस अवसर पर कोतवाली परिसर में कस्बे के व्यापारियों व फरियादियों की भारी भीड़ रही इनमें मुख्यरूप से दिलीप माहेश्वरी व राहुल विद्यार्थी के साथ ही साथ पत्रकार बंधु भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त समाज सेवी नंदकिशोर त्रिपाठी नंदा बाबा, बाबू राम अच्छबर सिंह, श्रवण पाल सिंह, पत्रकार प्रेस परिषद के जिला संगठन मंत्री मुकेश कुमार चौरसिया, उप निरीक्षक सौरभ यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अपने संबोधन में पत्रकार प्रेस परिषद अयोध्या मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह ने कहा कि क्षेत्र में तमाम घटनाए होती रही है सभी घटनाओं का सफलता पूर्वक खुलासा प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह के नेतृत्व में ऐसी कोई भी घटना नहीं रही कि जिसका खुलासा न हुआ हो। मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह ने आगे कहा कि प्रभारी निरीक्षक के कार्य क्षेत्र में सराहनीय है धर्म क्षेत्र में आपकी रुचि सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम में विनय कुमार दीक्षित व प्रधान लिपिक हरि नाथ यादव भी बधाई के पात्र हैं।

### चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत एसपी ने जांची देवी मंदिरों की सुरक्षा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र संग्रामपुर अन्तर्गत मां कालिकन भवानी मन्दिर व थानाक्षेत्र अमेठी अन्तर्गत देवी पाटन मन्दिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया। तदोपरान्त एसपी ने मन्दिर प्रबन्धन समिति के पदाधिकारियों से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### विदेश में नौकरी दिलाने वाला ठग गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र तिलोई के अंतर्गत विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत मोहनगंज पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली है। गिरफ्तार आरोपी का नाम इजहार उर्फ मुंशीर है जो लोगों को विदेश भेजने का झांसा देकर उनसे मोटी रकम वसूलता था। अब तक वह 5 लोगों से करीब 3 लाख 90 हजार रुपये ठग चुका था। आरोपी ने ठगी के लिए फर्जी आधार कार्ड बनवाया और उसी के जरिए पासपोर्ट तैयार कर विदेश भागने की योजना बना रहा था। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी ने दुबई की कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दिए। जब लोगों ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# अधूरे विकास कार्यों की मिशाल बनी पानी की टंकी

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

ब्लॉक बनीकोंडार क्षेत्र अंतर्गत गढ़ी बठौली मजरे कुर्मीयान बठौली में करोड़ों रुपये की लागत से खड़ी की गई पानी की टंकी आज सरकारी लापरवाही, सुस्त व्यवस्था और अधूरे विकास कार्यों की जिंदा मिसाल बनकर खड़ी है। करीब तीन वर्ष पहले बड़े दावों और वादों के साथ शुरू हुई यह हर घर जल परियोजना आज भी अधूरी पड़ी है, और कार्य पूरा न होने के कारण एक बूंद पानी तक ग्रामीणों को नसीब नहीं हो सका है। दूर से देखने पर यह ऊंची टंकी किसी बड़ी उपलब्धि का प्रतीक लगती है, लेकिन हकीकत में यह दिल्ली की कुतुबमीनार की तरह सिर्फ खड़ी एक बेजान ढांचा बनकर रह गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह परियोजना बीरबल की खिचड़ी की तरह बन गई है—न पूरी तरह पकी, न ही किसी के काम की। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब निर्माण कार्य अब तक पूरा ही नहीं हुआ, तो आखिर जिम्मेदार विभाग इतने लंबे समय से क्या कर रहे हैं? करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद न तो काम पूरा हुआ और न ही जलापूर्ति शुरू हो सकी। इससे साफ जाहिर होता है कि योजना सिर्फ कागजों और ठेकेदारों तक सीमित रह गई, जबकि जनता आज भी मूलभूत सुविधा के लिए संघर्ष कर रही है। गांव के लोग आज भी साफ पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।

# मुख्य सड़क पर जलभराव से दुकानदारों की बढ़ी परेशानी, किया प्रदर्शन

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज।

मरकामऊ में मुख्य सड़क पर गंदे पानी के जलभराव से परेशान ग्रामीणों और दुकानदारों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने रामनगर-बदोसराय मुख्य मार्ग पर तख्त रखकर सड़क जाम करने का प्रयास किया, जिससे लगभग 10 मिनट तक आवागमन बाधित रहा।

सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारी पुलिस के पहुंचने से पहले ही सड़क खाली कर चुके थे, लेकिन बाद में उन्होंने अधिकारियों को अपनी समस्याएं बताईं।ग्रामीणों ने बताया कि तीन घरों का गंदा पानी लगातार सड़क पर बहता रहता है, जिससे पूरी सड़क पर कीचड़ और गंदगी जमा रहती है। इससे ग्राहकों और राहगीरों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव के मोहम्मद इलियास और मोहम्मद आलम राइन ने जानकारी दी कि यह समस्या कई महीनों से बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन घरों का पानी सड़क पर आता है, वे लोग मोटर चला देते हैं, जिससे शौचालय का गंदा पानी भी सड़क पर बहने लगता है।ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार ब्लॉक और तहसील में शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक इसका कोई समाधान नहीं निकल पाया है।आपको बता दें कि गुरुवार को मरकामऊ में सब्जी बाजार लगता है, जिसके कारण मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही काफी अधिक थी। इसी दौरान शाम करीब चार बजे दुकानदारों और आसपास के ग्रामीणों ने सड़क पर तख्त और त्रिपाल बिछाकर विरोध प्रदर्शन किया और पानी की समस्या से स्थायी निजात दिलाने की मांग की। उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर अनिल कुमार सरोज के निर्देश पर नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय और कोतवाली बदोसराय के कोतवाल अजित विद्यार्थी सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस समस्या का जल्द ही स्थायी समाधान निकाला जाएगा।



▸ गांव के मोहम्मद इलियास और मोहम्मद आलम राइन ने बताया कई महीनों से बनी हुई है समस्या

# नैमिष मां ललिता देवी का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक ने नवरात्री एवं आमागी ईद के त्यौहार के दृष्टिगत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नैमिषारण्य में मॉ ललिता देवी मंदिर एवं चक्रतीर्थ पहुंचकर व्यवस्थाओं जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मॉ ललिता देवी मंदिर में सी.सी.टी.वी. आदि की जानकारी लेते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते आवश्यक निर्देश संबंधित को दिये। चक्रतीर्थ पहुंचकर पुजारी से वार्ता करते हुये संबंधित को साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आगामी ईद की नमाज के दृष्टिगत तरीनपुर में ईदगाह पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ईदगाह के अन्दर एवं आस-पास साफ-सफाई करायी जाये, यह सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




### संत प्रेमानन्द महाराज के जन्मोत्सव पर 20 मार्च को भव्य शोभा यात्रा आज

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी।** क्षेत्र के सुमेरगंज स्थित श्री बूढ़े हनुमान जी मंदिर परिसर में 20 मार्च को संत श्री प्रज्ञानंद महाराज जी का भव्य जन्मोत्सव एवं संत कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को सायं 4 बजे भव्य शोभा यात्रा के साथ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति रस में सराबोर होंगे। इसके बाद सायं 6 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जहां प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं रात 8 बजे से भव्य संत कीर्तन का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्र के प्रमुख संत एवं भजन मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। आयोजन स्थल पर विशेष सजावट और प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं।

# नवरात्रि के पहले दिन मंदिरो में उमड़ा आस्था का सैलाब

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज।

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन तहसील सिरौली गौसपुर क्षेत्र के देवी मंदिरों और प्रमुख तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। गुरुवार सुबह से ही भक्त प्रसाद चढ़ाने और पूजा-अर्चना करने के लिए कतारों में खड़े दिखाई दिए।क्षेत्र के प्रमुख तीर्थ स्थल कोटवाधाम स्थित बड़े बाबा जगजीवन दास साहब के मंदिर में कई जनपद से श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने यहां प्रसाद चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। इसी प्रकार, महाभारत कालीन पारिजात वृक्ष के दर्शन-पूजन के लिए भी सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंचे। अमरा कटेहरा और अमरादेवी मंदिरों पर भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्त फल, मिष्ठान और पूजा सामग्री लेकर मंदिरों में पहुंचे और प्रसाद चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में पूजा-पाठ करने से मन को शांति मिलती है। उन्होंने बड़े बाबा के दरबार में पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। उनका मानना था कि यहां आने वाले सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



# सचिव का वित्तीय खेल, इसकी टोपी उसके सिर

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

विकासखंड रेउसा की ग्राम पंचायत मल्लापुर में सचिव संतराम पटेल के द्वारा फर्जी भुगतान लगाने और मनमानी तरीके से कार्य किया जा रहा है सचिव के द्वारा लिखा पढ़ी में ग्राम प्रधान कमल कांत के डोंगल से भुगतान कर रहे हैं। और सचिव संतराम पटेल के द्वारा बृजेश कुमार के खाते पर प्रधान मानदेय लगाते हुए नजर आ रहे हैं।

सचिन संतराम पटेल इतनी मनमानी कर रहे हैं की वह सरकार और प्रशासन को लगातार चुनौती भी दे रहे हैं क्योंकि डोंगल किसी का मानदेय किसी पर ग्रामीणों ने बताया की या पिछले 5 साल से लगातार बृजेश कुमार के खाते पर ही मंडे लग रहा है जबकि लिखा पढ़ी में कमल कांत ग्राम प्रधान हैं जो ऑनलाइन सरकार के द्वारा सुविधा भी जारी की गई है उसमें भी कमलाकांत का डोंगल शो कर रहा है। क्या हकीकत में जांच निष्पक्ष हो पाएगी जिससे इस तरीके से फर्जी भुगतान लग रहे सत पर कार्यवाही हो सकेगी सचिन के द्वारा ग्राम पंचायत में आईडी 111613 300 पर प्रशासनिक व्यय का भुगतान लगाया गया जो बिल वाउचर ना अपलोड कर कर फर्जी फोटो अपलोड कर दी गई है जिसपर जो विकासखंड के अधिकारी सही जांच कर पाएंगे तो दोषी सचिव व प्रधान पर कड़ी कार्यवाही भी हो सकेगी जो नोटिस देकर सिर्फ देकर कर का कार्य किया जाएगा तो हकीकत में भ्रष्टाचार्यों को संरक्षण देने का कार्य भी नजर आएगा।

▸ सचिन संतराम पटेल मनमानी कर सरकार व प्रशासन को दे रहे हैं लगातार चुनौती

**क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी**

इस संदर्भ में संबंधित सचिव संतराम पटेल से बात करने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा फोन उठाना उचित नहीं समझ गया इस संदर्भ में जब सहायक विकास अधिकारी रेउसा से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया गया मामला संज्ञान में आया है मामले की जानकारी की जाएगी जो हकीकत में दूसरे प्रधान पर पर मानदेय लगाया गया होगा तो कार्यवाही की जाएगी।

### ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत एसपी ने की चेकिंग



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत बुधवार को देर रात पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान कस्बा गौरीगंज में पुलिस टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई तथा ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत बनाये गये चेकिंग प्वाइंट पर ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये गए। ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत जनपद के समस्त थानों के अन्तर्गत जनपद की सीमा पर व सीमा के अन्दर मुख्यमार्गों, चौराहों, संवेदनशील स्थानों आदि पर चेकिंग प्वाइंट्स बनाकर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सघन चेकिंग की जा रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी और बिना वैध प्रपत्रों के वाहन चलाने वाले, दोषपूर्ण अथवा बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, काली फिल्म लगे वाहनों के विरुद्ध विधिक मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। ऑपरेशन चक्रव्यूह का उद्देश्य जनपद में सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखना व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रामगढ़, विखं गोंदलामऊ,सीतापुर

पत्रांक/निविदा — दिनांक 18.03.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/14वां वित्त/राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्नलिखित कार्यों हेतु रजिस्टर्ड फर्मों एवं विक्रेताओं से उच्च कोटि की गुणवत्ता युक्त सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति करने हेतु सील बंद निविदाएं दिनांक 22.03.2026 को 12:15 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जमा की जाएगी। उसी दिन अपरान्ह 4:15 बजे निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अशोक के मकान से रामपाल के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 1,08,689/- | 2200.00 | 500.00 |

शर्ते- 1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री संबंधित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

पिंकी देवी
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. रामगढ़ वि.ख. गोंदलामऊ
जनपद-सीतापुर।

प्रदीप कुमार
ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्रा.पं. रामगढ़ वि.ख. गोंदलामऊ
जनपद-सीतापुर।

# मां दुर्गा की मूर्ति की कराई गई प्राण प्रतिष्ठा

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बाबा गंगेश्वर नाथ मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में 27 वाँ विशाल दुर्गा महोत्सव हवन पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। इस दौरान चैत के नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन किया गया इसके अलावा मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा भी हुई। नगर के जीटी रोड स्थित पावर हाउस में बाबा गंगेश्वर नाथ मंदिर पर गुरुवार को नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन विधि विधान के अनुसार किया गया इस दौरान श्रद्धालुओं ने विशाल हवन पूजन कार्यक्रम कराया और मां दुर्गा की विशाल मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भी की हवन पूजन के दौरान नगर सहित कई ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु महिला व पुरुष मौजूद रहे हवन पूजन के बाद कार्यक्रम के आयोजकों ने प्रसाद वितरण भी किया बाबा गंगेश्वर नाथ मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारी नीरज मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी बाबा गंगेश्वर नाथ मंदिर स्थित मां दुर्गा की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा की गई है श्रद्धालुओं और भक्तों के सहयोग से 27 वाँ विशाल दुर्गा महोत्सव कार्यक्रम शुरू हो गया है उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन शाम को 8:15 पर विशाल आरती का आयोजन किया जाएगा दिन में महिलाओं द्वारा भक्ति गीत संगीत का कार्यक्रम मंदिर परिसर में प्रत्येक वर्ष किया जाता है ।जो इस वर्ष भी होगा उन्होंने नगर व ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से आह्वान करते हुए कहा कि विशाल आरती कार्यक्रम में पहुंचकर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करें। और प्रसाद ग्रहण करें ।इस मौके पर रविंद्र सक्सेना सुमित सक्सेना पालतू गुप्ता नीतू शर्मा नमन गुप्ता सुल्तान चौरसिया चंदन सक्सेना बाबू शर्मा रामचंद्र शर्मा कन्हैया गुप्ता संगम चौरसिया गजरू चौरसिया अरविंद यादव के अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए पुरुष महिला श्रद्धा मौजूद रहे इसी प्रकार नगर के राम मंदिर जीटी रोड रामगंज मोहल्ला अपसरी रेलवे स्टेशन सहित नगर के अन्य मंदिरों पर भी चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैली पुत्री माता की पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही महिला पुरुष श्रद्धालु मंदिरों में मौजूद रहे ।इस दौरान सैकड़ो महिलाओं पुरुषों ने माता रानी की पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया।

# नवचेतना और साधना का अवसर है नवरात्रि : प्रिया शाक्य

- नारी शक्ति का महा अभियान है मिशन शक्ति

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




नवरात्रि के पावन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने नारी सशक्तीकरण पर अपने विचार साझा किए।

उन्होंने कहा नवरात्रि जहां नवचेतना और साधना का अवसर है वही मिशन शक्ति वास्तव में नारी शक्ति का महा अभियान है। उन्होंने कहा चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर नारी शक्ति के महाअभियान मिशन शक्ति के 6वें चरण की शुरुआत 19 मार्च से हो गई है। यह अभियान बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को आगे बढ़ाएगा। इसकी सभी गतिविधियों, की निगरानी सीएम डैशबोर्ड से की जाएगी। रियल टाइम रिपोर्टिंग भी होगी। इसमें जिला और ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों को नियमित समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा युग बदला, काल बदला, और नारी सशक्त हुई। अब नारी केवल घर की शोभा नहीं, बल्कि समाज की प्रगति की धुरी है। देवी दुर्गा की आराधना का श्लोक सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके... नारी शक्ति का प्रतीक है।

प्रिया के अनुसार, समाज में बदलाव स्पष्ट है। सशस्त्र सेनाओं, खेल, और उच्च पदों पर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी इसका प्रमाण है। गांव-गांव से लड़कियां अपनी प्रतिभा और जज्बे से रुकावटों को पार कर रही हैं। पहले जो परिवार बेटियों को बाहर काम करने से रोकते थे, वे अब उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं। भाजपा सरकार द्वारा पारित महिला शक्ति वंदन अधिनियम, लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देता है, और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किया गया मिशन शक्ति का छठवां चरण नारी सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम हैं।

## स्कूटी की डिग्गी तोड़कर लाखों की नकदी उड़ाने वाले तीन गिरफ्तार

**कन्नौज।** सदर तहसील मुख्यालय पर खड़ी आलू व्यापारी की स्कूटी की डिग्गी तोड़ने के बाद पांच लाख रुपए की रकम को पार कर फरार हुए तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि, जिले के सदर कोतवाली के तेरामल्लू मोचीपुरा गांव निवासी आलू व्यापारी अनिल पुत्र अरुण पांडे ने बीती 10 मार्च को अपने कारोबार के उद्देश्य से बैंक से पांच लाख रुपए की नकदी निकाली थी। नकदी को स्कूटी की डिग्गी में रखने के बाद अचानक जरूरी कार्य आने के कारण अनिल कन्नौज शहर स्थित मुख्य सड़क पर स्थित तहसील मुख्यालय पर रुक गए। यहां उन्होंने निकट ही अपनी स्कूटी को भी खड़ा कर दिया। चंद मिनट के अंदर अपना कार्य निपटाकर जैसे ही अरुण वापस स्कूटी की ओर लौटे तो दंग रह गए। स्कूटी की डिग्गी का ताला तोड़कर लाखों की नकदी को पार किया जा चुका था।

# यज्ञ में आहुतियां डाल समाज कल्याण का दिया संदेश



- श्री खाटू श्याम मंदिर में मनाया गया हिंदू दिवस

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित श्री खाटू श्याम व राधाकृष्ण मंदिर में हिन्दू दिवस के अवसर पर भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी एडवोकेट ने अपनी टीम के साथ यज्ञ में आहुतियां देकर समाज के कल्याण की कामना की। विपिन द्विवेदी ने बताया कि हिन्दू दिवस केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह सृष्टि की संरचना और प्रकृति में हो रहे सकारात्मक बदलाव का भी संकेत देता है। उन्होंने कहा कि इस दिन से नई ऊर्जा, उत्साह और स्फूर्ति का संचार होता है।

बसंत ऋतु के आगमन के साथ यह समय साधना, उपासना और आत्मचिंतन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यज्ञ में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवाओं ने भाग लिया और धर्म के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम के अंत में मंदिर परिसर में भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

इस दौरान पर्यावरण प्रहरी पियूष गुप्ता, आशुतोष दुबे एडवोकेट, रजत त्रिपाठी, रिंकू दीक्षित, वीर सिंह, शिवम त्रिपाठी, श्याम तिवारी, कृष्ण औतार गुप्ता बाबा, मामन गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, प्रधान शिप्रा द्विवेदी, मुस्कान गुप्ता, सुमन पारासर, डॉ.शैल कुमार, रामगोपाल वर्मा, शिवदेवी चौहान, राजेश बाथम, दीपू सविता, अचल तिवारी, मिंटू शुक्ला, विनीत त्रिपाठी एडवोकेट, ललित दुबे एडवोकेट, अनामिका गुप्ता, स्नेहलता, रिंकी तिवारी, उमा शर्मा, अनूप मिश्रा, रामकिशोर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# अल्लाह की इबादत का महीना है रमजान : कासिब मंसूरी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नवीन मंडी के प्रमुख व्यापारी एवं समाजसेवी कासिब मंसूरी उर्फ काशू ने पवित्र महीने रमजान और रोजे की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए सभी को ईद उल फितर की हार्दिक बधाई एवं मुबारकबाद दी।

उन्होंने कहा कि रमजान का महीना अल्लाह की इबादत, रोजेदारी, सदका-खैरात और नेकी के कामों का सबसे बड़ा मौका है। यह महीना हमें सब्र, शुक्र, दूसरों की मदद और खुद को बेहतर बनाने का सबक सिखाता है। रोजा रखकर हम न केवल खुद को नियंत्रित करते हैं, बल्कि गरीबों-मजलूमों के दर्द को भी महसूस करते हैं। ईद उल फितर इस महीने की मेहनत और इबादत का जश्न है, जो खुशी, मिलन और आपसी मोहब्बत का प्रतीक है। कासिब मंसूरी ने सभी से अपील करते हुए। कहा कि ईद के मौके पर एक-दूसरे के साथ मिलजुलकर रहने का संकल्प लें, गरीबों की मदद करें और समाज में अमन-चैन बनाए रखें। उन्होंने ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा अल्लाह हम सबकी दुआएं कबूल करने के साथ खुशहाली अता फरमाए।

# नवरात्री के पहले दिन की मां शैलपुत्री की आराधना

- हवन पूजन के साथ हुई मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नवरात्री के पहले दिन नगर के देवी मंदिरों में मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना की गई। देवी मंदिरों में पूजा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

सौरिख रोड स्थित सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर में भोर होते ही लंबी लाइनें लग गईं और देवी मां के दर्शन के लिए लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। मंदिर के पुजारी पंडित विजय शुक्ला ने बताया श्रद्धालु एक-एक करके आए और देवी के दर्शन सहित उनकी पूजा-अर्चना की। मोहल्ला छपट्टी के जय मां दुर्गा मंदिर में पंडित शिव प्रकाश मिश्रा ने हवन पूजन करके मां की मूर्ति स्थापित कराई। यजमान का दायित्व रिंकू अरोरा व उनकी पत्नी भावना अरोरा ने निभाया।

इस दौरान प्रभा गुप्ता, सीता गुप्ता, मधु गुप्ता, दर्शनी गुप्ता, सुरेखा अरोरा, सरिता अरोरा, अंकित गुप्ता, अंकुर, सुधा वर्मा, जानू गुप्ता, रवि गुप्ता, शिव गुप्ता व शुभ गुप्ता ने हवन में आहुतियां दी। यहां प्रतिदिन सुबह शाम 8 बजे आरती होगी। शक्ति पीठ गमा देवी मंदिर के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 19 मार्च गुरुवार से हो गया है। इस दिन से मंदिर परिसर में 9 दिनों तक विश्व रक्षार्थ मां दुर्गा की साधना नियमित की जाएगी। सुबह शाम 8 बजे आरती होगी।

## आदिशक्ति की आराधना को घरों में विराजीं मातारानी, मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**कन्नौज।** वासंतिक नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार से हो गया। पहले दिन श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से घरों में कलश स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। वहीं जिलेभर के देवी मंदिरों में दर्शन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। लाल फूल, सिंदूर, गुड़, फल और अनाज से मां का भोग लगाकर पूजा की गई। शहर के फूलमती मंदिर, मां काली दुर्गा मंदिर के साथ तिर्वा के सिद्धपीठ मां त्रिपुर सुंदरी अन्नपूर्णा मंदिर, खैरनगर मार्ग स्थित काली मंदिर सहित जिले के प्रमुख देवी स्थलों पर दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। पंडितों के अनुसार इस वर्ष माता रानी का आगमन पालकी पर हुआ है, जो समाज में परिवर्तन और सतर्कता का संकेत माना जाता है। इस दौरान जप-तप, दान-पुण्य और पूजा-अर्चना का विशेष महत्व बताया गया है।

## पूर्व छात्र एवं न्यायाधीश का प्रबंधक ने किया स्वागत

- स्काउट गाइड के छात्रों को किया गया प्रोत्साहित
- भंडारा में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को स्वामी शिवानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ठठिया कन्नौज के संस्थापक स्वर्गीय तेज सिंह कनौजिया की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक ने विद्यालय के पूर्व छात्र एवं मध्य प्रदेश में कार्यरत न्यायाधीश का भव्य स्वागत किया इस दौरान उन्होंने भगवान श्री राम की प्रतिमा अर्पित कर उनका स्वागत किया। स्वामी शिवानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ठठिया कन्नौज के प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र रहे धर्मेंद्र प्रताप सिंह न्यायाधीश का मंच पर भव्य स्वागत किया इस दौरान उन्होंने अंग वस्त्र और भगवान श्री राम की प्रतिमा अर्पित की और उनका आभार प्रकट किया इस दौरान न्यायाधीश धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मैं इस विद्यालय में कक्षा 10 तक परीक्षा ग्रहण की थी उसे समय विद्यालय जर्जर अवस्था में था यह विद्यालय छप्पर और खपरैल में संचालित हो रहा था आज प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने विद्यालय मैं निर्माण कार्य कर विद्यालय का स्वरूप ही बदल दिया है यह कार्य करने पर वह बधाई के पात्र हैं उन्होंने विद्यालय में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं और ठठिया में विद्यालय ने अपना स्थान बना दिया है इससे पहले विद्यालय के प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले स्काउट गाइड के छात्र एवं गाइड शिक्षक का भी स्वागत किया उन्होंने बताया कि कार्यक्रम समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया उन्होंने बताया कि 10 मार्च से 17 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन किया गया था जो हवन पूजन के साथ कथा का समापन किया गया।

# युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नेहरू पीजी कॉलेज में आयोजित गोष्ठी में युवाओं और समाज के सभी वर्गों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नशा व्यवसाय के रूप में भी अपनाया जा रहा है। जिससे राजस्व की प्राप्ति हो तथा दूसरे देशों को साजिश के तहत देश के विकास में बाधा उत्पन्न हो। हमें जागरूक रहना है। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज की शांति एवं विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है। इसलिए सभी नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। प्राचार्य प्रोफेसर जयवीर सिंह ने छात्र छात्राओं से कहा कि इस जागरूकता अभियान मे लोगों को जोड़ने पर बल दिया जाए। ताकि वे समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बन सकें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने नशा मुक्त भारत बनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अंत मे कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर उदय पाल सिंह ने सभी से अपील करते हुए कहा कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और एक स्वस्थ, सशक्त एवं नशामुक्त भारत के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प की कार्यकारिणी भंग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना (गौ रक्षा प्रकल्प) के राष्ट्रीय संयोजक गौ सेवक रंजीत पांडे ने संगठन की जिला कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव से भंग कर दी है। उन्होंने कहा संगठनात्मक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मेरे द्वारा पूर्व में गठित संपूर्ण टीम को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है। आगामी समय में इस विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श कर, संगठन के हित में एक नई टीम का गठन किया जाएगा, जो और अधिक सक्रियता एवं समर्पण के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि संगठन, उसके उद्देश्य तथा गौ सेवा के प्रति मेरी निष्ठा और समर्पण पूर्णतः अटूट है। गौ सेवा हमारे द्वारा लिया गया एक संकल्प है, जिसे मैं निरंतर और आजीवन निभाता रहूँगा। यह भी अवगत कराना चाहता हूं कि मैंने पूर्व में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना (गौ रक्षा प्रकल्प) में राष्ट्रीय संयोजक पद से अपना त्यागपत्र प्रस्तुत किया था।

किन्तु संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय बड़े भाई मनोज शुक्ला महाकाल जी के आदेश को सर्वोपरि मानते हुए मैं अपना त्यागपत्र वापस लेता हूं और पूर्ववत अपने दायित्वों का निर्वहन करता रहूँगा।

# पूर्व खनन मंत्री-सीडीओ ने वर-वधू को दी उपहार में थैली

- 123 हिंदू जोड़ा का आचार्य नें विधि विधान से कराया विवाह

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश सरकार ने जनपद में आज तक 5123 बेटियों की शादी कराई है बेटियां दो कुल का नाम रोशन करती हैं उनकी शिक्षा और सुरक्षा करना प्रत्येक वाहन और समाज के लोगों का दायित्व है इस दौरान उन्होंने वर वधू को उपहार की थैली भी भेंट करके आशीर्वाद दिया।

यह विचार पूर्व खनन मंत्री छिबरामऊ की विधायक अर्चना पांडे ने प्रकट किया सरायप्रयाग के विमला देवी ब्रजमोहन सिंह इंटर कालेज में तालग्राम विकास खण्ड के 56, छिबरामऊ विकास खण्ड के 58, छिबरामऊ नगरपालिका 21, सौरिख के तीन जोड़े सहित 139 जोड़े समारोह में शामिल हुए। जिसमें 123 हिंदू जोड़ा का आचार्य जगदीप दुबे ने विधि-विधान से मंत्रोच्चार से विवाह कराया। 16 मुस्लिम जोड़ा का मौलवी जुनैद ने निकाह कुबूल कराया।

नौ जोड़े समारोह में शामिल नहीं हुए। विधायक अर्चना पाण्डेय ने कहा प्रदेश सरकार ने जनपद में आज तक 5123 बेटियों की शादी करा चुकी है। बेटियां दो कुल की नाम रोशन करती है। सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने बताया सरकार एक जोड़ा पर एक लाख रुपये ख़र्च कर रही है। जिसमें साठ हजार रुपये बेटी के खाते में, 25 हजार रुपये का दान-दहेज, 15 हजार रुपये ख़र्च किया जाता है। विधायक, सीडीओ तथा सभी जनप्रतिनिधि ने वर-वधू को उपहार की थैली दी।

इस मौके पर तालग्राम ब्लाक प्रमुख पति राजीव सिंह उर्फ पुच्ची ठाकुर, हरिबक्श सिंह, रामवीर कठेरिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा, बीडीओ उमाशंकर शाहू, एडीओ समाज कल्याण सुबोध कटियार, अरुण सिंह, अनूप दुबे, हरिनाथ राजपूत सहित कई नेता मौजूद थे।

## साइबर टीम की तत्परता से पीड़ित को लौटे पांच लाख रुपये

**कन्नौज।** साइबर क्राइम थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई से ठगी के शिकार एक बुजुर्ग को बड़ी राहत मिली है। तालग्राम क्षेत्र के नगला नया निवासी शिवरतन सिंह से अज्ञात ठग ने पेंशन फाइल बनाने का झांसा देकर ओटीपी हासिल किया और उनके खाते से 5 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। ठगी का पता चलते ही पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर साइबर टीम ने जांच शुरू की। साक्ष्य जुटाकर कार्रवाई करते हुए पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई। राशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल पर ओटीपी साझा न करें और ठगी होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

# ईदगाहों की सफाई व्यवस्था जांचने निकली ईओ, जताई नाराजगी

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



ईद-उल-फितर त्योहार को लेकर नगर की ईदगाहों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकली ईओ ने व्यवस्था दुरुस्त न होने पर सफाई नायकों पर जमकर नाराजगी जताते हुये तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को समधन नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने गुरुवार को ईद-उल-फितर त्योहार को लेकर नगर की सभी ईदगाहों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया वहीं कुछ जगहों पर गन्दगी मिलने पर सफाई नायक नरेश कुमार व बबलू पर जमकर नाराजगी जताते हुये तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए उन्होंने आगे कहा कि सफाई के साथ सभी ईदगाह परिसर में आसपास चूना डलवाने व पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने को कहा है साथ ही नगर के सभी सभासदों जनप्रतिनिधियों से ईद-उल-फितर त्योहार पर शान्ति व्यवस्था भाईचारे व सदभाव से मनाने की अपील की है।

# धारदार हथियार से हमले में घायल मासूम की मौत, एक माह पुराना विवाद बना वजह

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ठठिया थाना क्षेत्र के बहसार गांव में एक माह पुराने विवाद ने मासूम की जान ले ली। धारदार हथियार से हमले में घायल 8 वर्षीय बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। गांव निवासी शानू के अनुसार करीब एक माह पहले बच्चों के बीच खेल को लेकर विवाद हुआ था, जिसे ग्रामीणों ने शांत करा दिया था। आरोप है कि उसी दौरान विपक्षियों ने परिवार को देख लेने की धमकी दी थी और लगातार दबाव बना रहे थे। मामले की जानकारी पुलिस को भी दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बताया गया कि बुधवार शाम शानू का बेटा असद गांव के बाहर खेल रहा था, तभी आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में असद के गले और हाथ में गंभीर चोटें आईं। लहूलुहान हालत में वह किसी तरह घर पहुंचा, जहां गिर पड़ा। परिजन उसे तुरंत तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

गुरुवार को उपचार के दौरान असद की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों ने अरबाज पुत्र जाबिर और रूही बेगम के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## घर में चल रहा अवैध शराब का कारोबार वीडियो वायरल होने पर हरकत में आया विभाग



**कन्नौज।** जिले में अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब गांवों में घरों के अंदर से ही शराब बिक्री का मामला सामने आया है। ठठिया थाना क्षेत्र के बहसोरा गांव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है। वायरल वीडियो के अनुसार गांव के एक घर में व्यक्ति खुलेआम शराब बेचता नजर आ रहा है। इतना ही नहीं, इस अवैध कारोबार में एक बच्चे के शामिल होने की भी बात सामने आई है, जो शराब ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से इस घर से अवैध शराब की बिक्री की जा रही है और बच्चों से भी यह काम कराया जाता है। इससे गांव के माहौल पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह के कारोबार पर रोक लगाना जरूरी है, ताकि युवाओं और बच्चों को गलत रास्ते पर जाने से बचाया जा सके। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और वायरल वीडियो की जांच की जा रही है।

# गंगा जमुनी तहजीब से मनाएं ईद व नवरात्र का त्योहार

- पीस कमेटी की बैठक में आयोजकों से ली गई जानकारी

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



ईद व नवरात्र के त्योहार को गंगा जमुनी तहजीब कायम कर सौहार्द से मनाए। अराजकतत्वों व शांति व्यवस्था में खलल पैदा करने वालों की सूचना पुलिस को दें। सार्वजनिक धार्मिक आयोजन की सूचना पुलिस को दें। यह बात कोतवाल अजय अवस्थी ने कही।

स्थानीय कोतवाली परिसर में कोतवाल अजय अवस्थी के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ईद पर होनी वाली नमाज व होने वाली भीड़ की जानकारी ली गई। कोतवाल ने बताया कि सभी धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। जो अराकतत्वों पर नजर रखने के साथ शांति व सौहार्द से त्योहार मनाने में सहयोग करेगा। साथ ही नवरात्र पर होने वाले आयोजन व विसर्जन की जानकारी भी आयोजकों से ली गई। इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक सीपी तिवारी, कस्बा प्रभारी दीपक चौधरी, एसआई सुरेंद्र पाल सिंह, राजेंद्र सिंह, राजेश रावत, देवी चरन शाहू, राम कृपाल, दीपक कुमार, शहर काजी हाफिज जुम्मन, नीरज मिश्रा, सुगम दुबे, मुनीर कुरैशी, अभिषेक मिश्रा, अनिल सिसोदिया, अतुल गुप्ता, अरुण कुमार, अजीम सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।

# एसडीओ के आदेश की जेई कर रहा अवहेलना

▸ कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिवदत्त सहित दो कर्मियों को जेई का संरक्षण प्राप्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भ्रष्टाचार में लिप्त विद्युत विभाग के जेई एसडीओ मो0 शमीम के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे है। उनके द्वारा दिये गये एक नहीं कई नोटिसों के बावजूद जेई एसडीओ के आदेश को मानने को तैयार नहीं है।

जानकारी के अनुसार याकूतगंज फीडर से संबंधित जेई अजीत राजपूत के लेनदेन की चर्चा क्षेत्र में जगजाहिर है। जिस गांव में पूछों हर ग्रामीण के जुबान पर एक ही नाम है कि अजीत राजपूत रुपये ले रहे है। कुछ लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत भी की, लेकिन जांच


लापरवाह लाइनमैन शिवदत्त

की बात कहकर मामले को दबा दिया गया। हम लोग शिकायत करते-करते थक गये है। यही नहीं जेई अजीत राजपूत सरकार का भी नाम खराब कर रहे है। वह अपने आपको भाजपा के एक जनप्रतिनिधि का रिश्तेदार बताकर धौंस जमाते है। ऐसा नहीं जेई अजीत राजपूत ग्रामीणों पर धौंस जमा रहे है, वह अपने विभाग के अधिकारियों के आदेशों को भी ठेंगा दिखा रहे है।

इसी क्रम में विद्युत विभाग के उपखण्ड अधिकारी फतेहगढ़ ने ओटीएस की प्रगति कम होने के कारण वर्तमान में पुराने कर्मियों की जगह नये कर्मियों को तैनात करने के संदर्भ में 6 फरवरी 2026 को मै0 आढना इंटरप्राइजेज लि0 को पत्र लिखा। जिसमें दर्शाया कि विद्युत बिल राहत योजना 2025-26 में इस उपखण्ड की प्रगति बहुत ही खराब है। जिसके लिए 8 जनवरी 2026 को सभी कर्मियों को प्रति दिन दस-दस ओटीएस पंजीकृत करने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु 33/11 केवी उपकेंद्र पर तैनात शिवदत्त पुत्र लाखन सिंह याकूतगंज द्वारा 1 फरवरी से 6 फरवरी तक मात्र 9 ओटीएस कराये गये, जबकि पात्र एवं बीसीए के माध्यम से चेतावनी दी जाती रही, लेकिन बावजूद भी विभागीय कार्यों में रुचि नहीं ले रहे है। इसके लिए पुराने कर्मियों में से एक व्यक्ति को लिया जाये। एसडीओ के इस पत्र को दबंग जेई ने ना ही कोई जबाव दिया और न ही किसी प्रकार की कोई कार्यवाही की। उसके बाद 16 मार्च को भी एक और नोटिस दिया गया।

जिसमें लाइनमैन रोहित व शिवदत्त शाक्य ओटीएस योजना के लक्ष्य के अनुसार कार्य न करने पर हटाने के लिए निर्देशित किया गया, लेकिन उसके बावजूद अभी तक नहीं हटाया गया। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जेई का यह खास आदमी है, वसूली वह इसी से करवाते है, इसलिए वह नहीं हटाते है।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माह अप्रैल में आयोजित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में जनपद स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय बैठक का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डीएम ने सभी संबंधित विभागों को निम्न निर्देश दिए कि माह अक्टूबर 2025 में आयोजित संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त न कर पाने वाले विभागों को इस बार अपने लक्ष्य शत प्रतिशत हासिल करने के निर्देश दिए गए। उक्त सभी विभागों को चेतावनी पत्र जारी किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। यदि आगामी अभियान में भी


बैठक लेते डीएम

संबंधित विभागों की उपलब्धियों में अपेक्षित सुधार नहीं पाया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान किए जाने की चेतावनी दी गई। नगर पंचायत कमालगंज एवं कम्पिल को इस बार बेहतर कार्य करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्यों को शत प्रतिशत प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने माइक्रोप्लान आगामी तीन कार्यदिवस के भीतर स्वास्थ्य विभाग को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। डीएम ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम हेतु सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करें तथा जनपद में स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियों को प्राथमिकता दें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के मामले में पति सहित तीन लोगों पर दोष सिद्ध

▸ सजा के बिंदु पर 24 मार्च की तिथि नियत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दहेज हत्या के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष फास्ट ट्रक प्रथम संजय कुमार ने अभियुक्त बबलू उर्फविनोद उर्फप्रमोद, प्रदीप पुत्रगण प्रेमचंद्र, हीरादेवी पत्नी प्रेम चंद्र निवासीगण रायपुर खास कोतवाली कायमगंज को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर 24 मार्च की तिथि नियत की गई है।

विगत नौ वर्षो पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम आतईपुर जदीद निवासी निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मैंने अपनी पुत्री रिंकी की शादी हिन्दू रीति रिवाज से अपनी हैसियत के अनुसार बबलू उर्फविनोद के साथ की थी। मेरी पुत्री के ससुरलीजन अतिरिक्त दहेज की मांग में बीस हजार रुपए, रंगीन टीवी, भैंस की मांग करने लगे। जिसके बारे मेरी पुत्री ने बताया अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर काफी समझाया और विनती की मैं देने में अभी सक्षम नहीं हूं। पुत्री के ससुरलीजन ने कहा था तुम्हारी लड़की को मारकर अपने बेटे की दूसरी शादी कर लूंगा। 10 जून 2007 को पति प्रमोद उर्फ बबलू, देवर प्रदीप, ससुर प्रेमचंद्र, सास हीरादेवी ने हत्या कर दी है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान ससुर प्रेमचंद्र की मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेई की कुशल पैरवी के आधार न्यायाधीश संजय कुमार ने अभियुक्त बबलू उर्फ प्रमोद उर्फ विनोद, प्रदीप, हीरादेवी को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर 24 मार्च की तिथि नियत की गई है।

# पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला खेल कार्यालय द्वारा 18 से 20 मार्च तक ओपन स्टेट आमंत्रण पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन स्व0 ब्रह्मदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में कराया जा रहा है। ओपन स्टेट सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों गौतमबुद्ध नगर, इटावा, एटा, कानपुर, सीतापुर, फिरोजाबाद, मिर्जापुर, मऊ, उन्नाव की 09 टीमें एवं 01 स्थानीय जनपद टीम सहित कुल 10 टीमें प्रतिभाग कर रहीं हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्रीडाधिकारी द्वारा विशिष्ट अतिथि विश्वनाथ प्रताप सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पटुका, पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने टीमों/निर्णायकों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन लीग मैच इटावा (07 पॉइन्ट) बनाम फिरोजाबाद


प्रतियोगिता के दौरान मौजूद खिलाड़ी

(15 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें फिरोजाबाद 8 पॉइन्ट से विजेता बना। एटा (33 पॉइन्ट) बनाम उन्नाव (07 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें एटा 26 पॉइन्ट से विजेता बना। गौतमबुद्ध नगर (21 पॉइन्ट) बनाम सीतापुर (06 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें गौतमबुद्ध नगर 15 पॉइन्ट से विजेता बना। कानपुर (17 पॉइन्ट) बनाम फर्रुखाबाद (08 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें कानपुर 09 पॉइन्ट से विजेता बना। एटा (29 पॉइन्ट) बनाम सीतापुर (15 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें एटा 14 पॉइन्ट से विजेता बना। मऊ (29 पॉइन्ट) बनाम फर्रुखाबाद (18 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें मऊ 11 पॉइन्ट से विजेता बना। गौतमबुद्ध नगर (12 पॉइन्ट) बनाम उन्नाव (08 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें गौतमबुद्ध नगर 24 पॉइन्ट से विजेता बना। कानपुर (08 पॉइन्ट) बनाम फिरोजाबाद (21 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें फिरोजाबाद 13 पॉइन्ट से विजेता बना। मिर्जापुर (26 पॉइन्ट) बनाम उन्नाव (18 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें मिर्जापुर 08 पॉइन्ट से विजेता बना। मऊ (30 पॉइन्ट) बनाम कानपुर (11 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें मऊ 19 पॉइन्ट से विजेता बना। मिर्जापुर (10 पॉइन्ट) बनाम एटा (28 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें एटा 18 पॉइन्ट से विजेता बना। फर्रुखाबाद (09 पॉइन्ट) बनाम फिरोजाबाद (20 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। फिरोजाबाद 11 पॉइन्ट से विजेता बना। मिर्जापुर (19 पॉइन्ट) बनाम सीतापुर (15 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। मिर्जापुर 04 पॉइन्ट से विजेता बना। मऊ 25 पॉइंट बनाम एवोएट 11 पॉइंट के बीच खेला गया। जिसमें मऊ 14 पॉइन्ट से विजेता बना। मैचों में निर्णायक की भूमिका कुलदीप यादव सचिव जिला कबडडी संघ, अवनीश कुमार राय, शराफत अली, पवन गोस्वामी, नरसिंह शर्मा, जितेन्द्र नागर, सरफराज, शीत कुमार, विमलेश कुमार, सुनील पाल, कृष्ण प्रताप सिंह ने निभाई। इस अवसर पर प्रदीप कुमार जायसवाल, सुभाष चन्द्र, प्रदीप यादव, विपिन कुमार, केशव गंगवार, सुशांत गुप्ता, सत्यम मिश्रा, पूनम शर्मा के साथ समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच 20 मार्च को कराये जाने के साथ ही विजेता/उपविजेता एवं निर्णायकों का पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

# भगवान विमलनाथ जैन मंदिर की निकाली गई भव्य वार्षिक रथ यात्रा

▸ अध्यक्ष बने पुष्पराज जैन व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश जैन

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**


भगवान विमलनाथ के वार्षिक रथ यात्रा निकालते भक्तगण


पुष्पराज जैन को सम्मानित करते पदाधिकारी

जैन धर्म के 13वें तीर्थकर भगवान विमलनाथ के चार कल्याणकों की साक्षी रही पावन स्थली कंपिल के भगवान विमलनाथ जैन मंदिर की भव्य वार्षिक रथ यात्रा का आयोजन श्री 1008 विमलनाथ दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के तत्वाधान में गुरुवार को आयोजित किया गया। वार्षिक रथ यात्रा समारोह में प्रातरूकाल से ही धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम शुरु हों गए। इसके बाद चुनाव प्रकिया शांतिपूर्ण सम्पन हुई।

श्री कंपिल जी वार्षिक रथयात्रा समिति के प्रचार मंत्री पं0 कमल कुमार जैन ने कार्यक्रम की जानकारी दी। रथ यात्रा समारोह कार्यक्रमों में प्रातः 07:00 बजे श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजा, श्री विमलनाथ का संगीतमय विधान, ध्वजारोहण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन कर अतिथयों का सम्मान आदि कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इसके बाद सभा की बैठक कर भगवान श्री विमलनाथ की भव्य रथयात्रा बुधवार को मंदिर से निकाली गयी। रथयात्रा में भगवान की प्रतिमा को उठाने के लिए सारथी इंद्र, कुवेर आदि के लिए भक्तगणों ने दान की बोलियां लगायीं। ऊंची बोली पर भक्तों को भगवान की चांदी की पालकी कंधे पर ले जाने का अवसर प्राप्त हुआ। मंदिर से प्रारंभ हुए यात्रा में जैन ध्वजों से सजी हुई गाड़ियों के आगे जैनेश्वर भक्त झूमते हुए चल रहे थे। चांदी की पालकी पर भगवान विमलनाथ की आकर्षक प्रतिमा विराजमान थी। सायंकालीन कार्यक्रम में भक्ति संगीत एवं आरती का कार्यक्रम हुआ। सैकड़ों जैन धर्मालंबियों ने भगवान विमलनाथ के दर्शन कर रथ यात्रा में शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त किया। इसके बाद तीर्थ क्षेत्र कमेटी की चुनाव प्रक्रिया के लिए साधारण अधिवेशन शुरू हुआ। चुनाव अधिकारी सुशील जैन की उपस्थित में सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद के लिए पुष्पराज जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश जैन, महामंत्री सुशील जैन, कोषाध्यक्ष पवन जैन को चुना गया। सभा की अध्यक्षता सुधीर जैन व मंच संचालन कमल कुमार व अनुराग जैन ने किया। कार्यक्रम में दूसर दराज क्षेत्र दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, मैनपुरी, एटा, अलीगंज, कायमगंज, आगरा, अलीगंज से जैन समाज के लोग उपस्थित हुए। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना प्रभारी नितिन चौधरी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। शोभायात्रा के दौरान दिगम्बर जैन कमेटी के अध्यक्ष पुष्पराज जैन, सुशील जैन, पवन कुमार जैन, सर्वेश कुमार जैन, सुधीर जैन, अनुज जैन, राहुल जैन, संजय जैन, अनुराग जैन, आशीष जैन, कुलदीप सैनी, अंकुर जैन आदि लोग मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ओमनी कार ने खोखा में मारी टक्कर चालक फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार से आ रही मारुती कार ने परचून के खोखा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे लकड़ी का खोखा पलट गया और दुकानदार बाल-बाल बच गया। वहीं मौका पाकर कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।


जांच पड़ताल करती पुलिस

कस्बा नवाबगंज के मंझना रोड पर ब्रह्मदेव आश्रम के पास आलोक कुमार पुत्र नरेश चंद्र दीक्षित ने लकड़ी का खोखा रखा है, जिसमें वह परचून का सामान बेंचकर अपना गुजर बसर करते है। गुरुवार को कस्बा मंझना की तरफसे आ रही ओमनी कार ने खोखा में टक्कर मार दी। जिससे खोखा काफी दूर जा गिरा। वहीं कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना से दुकानदार आलोक बाल-बाल बच गये। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंची पीआरबी 2659 के पुलिस ने मौके पर जाकर मामले की जांच पड़ताल की।

# डकैती डालने के मामले में दो पर दोष सिद्ध, सजा 27 मार्च को

▸ खालिद उर्फ रज्जू खान दोष मुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

घर में घुसकर डकैती डालले के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र उर्फ सचान ने अभियुक्त अखिलेश कुमार पुत्र सत्यदेव निवासी फतेहपुर पिरौली मेरापुर, महेश पुत्र रामरूप यादव देवरामपुर कोतवाली को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 27 मार्च की तिथि नियत की है।

विगत 27 वर्ष पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला गढ़ी खाना निवासी तारीक अली खा ने पुलिस को दी गई तहरीर में दर्शाया था कि रात लगभग रात दस बजे अपने घर में मौजूद था। मेरे नौकर घर के बाहर था। नौकर ने आवाज दी और कहा कि कुछ लोग मिलने आए। मैंने घर जैसे ही घर का दरवाजा खोला तो देखा कि छः बदमाश हाथों में तमंचे लिए हुए थे। दरवाजा खोलते हुए ही बदमाश ने फौरन मेरे तमाचा लगा दिया। उससे कहा कि घर का चाबियां दो और बदमाश घर के अंदर घुस गए। नौकर नूर खां को भी लेकर कमरों में लूटपाट शुरू कर दी। एक रिवॉल्वर, वीसीआर ओनिडा, पांच हजार नगद, पचास हजार रुपए के कीमत के जेवर और मां की सोने की चूड़ियां भी उतरवा ली। सभी बदमाशों ने नकाब लगा रखे थे। सामने आने पर पहचान लूंगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर अखिलेश उर्फबबलू, शिववीर, महेश, रज्जू खान के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान शिववीर की मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश ने साक्ष्य के अभाव से खालिद खान उर्फरज्जू खान को दोष मुक्त कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अखिलेश उर्फबबलू, महेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 27 मार्च की तिथि नियत की है।

## अदील खाँ के रोजा इफ्तार में उमड़ी भीड़

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जिला पंचायत वार्ड न0 1 से जिला पंचायत सदस्य पद हेतु प्रत्याशी अदील खाँ ने रोजा इफ्तार कराया और देश में अमन चैन की दुआए माँगी। रमजान के पवित्र महीने के अवसर पर एक भव्य रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमं क्षेत्र के बड़ी संख्या में रोजदारो ने शिरकत कर रोजा खोला। कार्यक्रम मे आपसी भाईचारे और सौहार्द का सुन्दर माहौल देखने को मिला। इफ्तार से पहले सभी रोजदारों ने देश देश और पूरी दुनियाँ में अमन शान्ति तरक्की और खुशहाली के लिए दुआए माँगी। इफ्तार के दौरान सभी लोगों ने एक साथ बैठकर खजूर फल और अन्य व्यजनों के साथ रोजा खोला। इस आयोजन में आए लोगों ने अदील खॉ के इस सराहनीय प्रयास की खूब प्रशसा की। अदील खां और उनकी टीम ने सभी मेहमानों का गर्म जोशी से स्वागत किया और कार्यक्रम में पहुँचने के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्ति विभाग ने छापेमारी कर विभिन्न प्रतिष्ठानों से जब्त किये 11 सिलेंडर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा चलाये गये चेकिंग अभियान के दौरान 11 गैस सिलेंडर विभिन्न प्रतिष्ठानों से घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किये गये है। जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को उन्होंने एक टीम बनायी। जिसमें अनिल कुमार यादव क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी फर्रुखाबाद, नेहा गुप्ता पूर्ति निरीक्षक नगर पालिका, अमित चौधरी पूर्ति निरीक्षक सदर, राजीव कुमार वरिष्ठ सहायक मुख्यालय ने ठंडी सड़क, रेलवे रोड, चौक से बढ़पुर रोड तक स्थित होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर उपयोग किये जा रहे व्यवसायिक सिलेंडरों के उपयोग के संदर्भ में जांच पड़ताल की


जब्त किये गये सिलेंडरों की जानकारी देते पूर्ति निरीक्षक आदि

गई। इसके क्रम में ग्रान्ड सेवर रेस्टोरेन्ट आईटीआई चौराह, होटल अयोध्या आईटीआई चौराह, मोती महल रेस्टोरेन्ट, माडल शाप स्थित रेस्टोरेन्ट, न्यू नीलम रेस्टोरेन्ट, होटल, आनन्द रेस्टोरेन्ट, सीमा बेकरी, ओमसाई बेकरी एवं होटल, गृहस्थी रसोइ सेन्टर, बन्नू मिष्ठान भण्डार, पूविका रेन्टोरेन्ट एवं कैफे, मधुर मिलन रेटस्टोरेन्ट वराम्डा, अनोखे लाल मिष्ठान भण्डार, सौरभ गैस चूल्हा रेलवे रोड एवं सेट लाला अनोखे लाल मिष्ठान भण्डार के प्रतिष्ठान स्थित किचन एवं व्यवसाय गोदामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपरोक्त प्रतिष्ठानो में से कुछ प्रतिष्ठानों पर 11 घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग एवं परिसर में रखा जाना पाया गया। जो दवित पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण का विनियमन आदेश 2000 यथा संशोधित का स्पष्ट उल्लंघन है। तत्क्रम में उक्त बरामद/जब्त किये गये 11 घरेलू गैस सिलेण्डरो को मौके पर जब्त करते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही की जा रही है। समस्त होटल/रेस्टोरेन्ट/मिठाई एव अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया जाता है कि अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान/परिसर में व्यवसायिक सिलेण्डरों का ही उपयोग करना सुनिश्चित करें अन्यथा कि स्थिति में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेंगी।

## एसपी ने उपनिरीक्षक सुधा पाल व एक आरक्षी को किया सस्पेंड

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली के अंदर एक मामले में उपनिरीक्षक व आरक्षी द्वारा रिश्वत लेते हुए का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने उपनिरीक्षक सुधा पाल व एक आरक्षी को सस्पेंड करते मामले की जांच क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद को सौंपी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गाँव रानीपुर गौर निवासी पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसकी नाबालिग भतीजी उम्र 14 वर्ष को गाँव के अर्जुन पुत्र भूरे सिंह अपने तीन साथी सुरजीत पुत्र नरेश सिह व अनिल कुमार पुत्र नरेश सिह तथा लालजी पुत्र जीतू उर्फटिंकू निवासी आजमपुर थाना कम्पिल उपरोक्त मिलकर मेरी भतीजी को बहला फुसला कर भगा ले गये। मेरी भतीजी को रात भर गायब कर उसके साथ मिलकर बारी बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया, परन्तु स्थानीय पुलिस ने सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अभियुक्तगण खुले आम घूम रहे तथा मुझे व मेरे परिवार को धमकी दे रहे है कि साले ज्यादा थाना दरबार करोगे तो तुम्हे व तुम्हारी भतीजी को जान से मार देगे। इसी मामले का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें हल्का इन्चार्ज सुधापाल, चालक दिनेश तिवारी के साथ विवेचना के नाम पर रिश्वत के रुप में सात हजार रुपये लेने की बात कही जा रही है। वीडियो चर्चा आने पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने सुधापाल व एक आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं उपनिरीक्षक मोहित द्विवेदी को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं लाइन से उपनिरीक्षक ज्ञानप्रकाश पाण्डेय, अंकुर भाटी, रामनरेश सिंह, अशोक कुमार को कायमगंज भेजा गया है।

# चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिरों में मां शैलपुत्री की हुई पूजा अर्चना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चैत्र नवदुर्गा के प्रथम दिवस नगर के शक्तिपीठों व देवी मंदिरों में भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दुर्गा देवी के प्रथम रुप शैलपुत्री का पूजन किया। इसके साथ ही चैत्र नवदुर्गा अनुष्ठान शुरु हो गया। लोगों ने उपवास रखकर मां की उपासना की। कुछ लोगों ने प्रतिप्रदा का ही उपवास रखा तो तमाम भक्तों ने नौ दिन तक उपवास रखकर मां की साधना करने का अनुष्ठान शुरु किया। घरों में देवी की स्थापना की गई। हवन यज्ञ हुए कुल मिलाकर कहा जाये तो सारा शहर नव दुर्गा के प्रथम दिन देवीमय दिखायी दिया।

नव दुर्गा के प्रथम दिन देवी शैलपुत्री की पूजा का विधान है। कहते है कि आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की


मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

रचना शुरु की थी। नव दुर्गाओं में यह प्रथम देवी है इनका वाहन वृषभ है, उनके दाहिने हाथ में त्रशूल सुशोभित है। यह रोगों का विनाश करती और सभी मनोकनाओं को पूर्ण करती है। पूजन करने के लिए देवी मंदिरों पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा। पल्ला मठिया, गुरगांव देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, काली देवी मंदिर मऊदरवाजा, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णोदेवी मंदिर, फतेहगढ़ के कालीबाड़ी मंदिर, सैन्य क्षेत्र में स्थापित शक्तिपीठ मंदिर सहित शहर व देहात क्षेत्र में छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किये। मंदिर के आसपास पुलिस बल तैनाम रहा। नगर पालिका की ओर से मंदिरों के आसपास सफाई कार्य कराया गया। लोगों ने घरों पर कलश स्थापित करके हवन यज्ञ में अनुष्ठान की प्रथम आहूति मां शैलपुत्री के नाम पर प्रदान करके नव दुर्गा अनुष्ठान का श्रद्धापूर्वक शुभारम्भ किया।

# लूट का 25 हजार ईनामी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात पुलिस की लूट के 25 हजार ईनामी के साथ मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं एक हेड कांस्टेबल भी घायल हो गया है। जिन्हे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, अमृतपुर थाना क्षेत्र के गाँव करनपुर घाट निवासी राम अपनी बहन मंजूदेवी पत्नी अंकित कुमार को 13 मार्च को अपने साथ लेकर बाइक द्वारा बहन मन्जू की ननन्द शारदा पत्नी सुनील कुमार का आपरेशन होने पर देखने जा रहे थे। अलीगंज रोड गाँव ढमडेरा के पास पहुँचते ही पीछे से आ रहे दो बाइक सवार लुटेरों ने मन्जू की चलती बाइक


मुठभेड़ के दौरान पुलिस हिरासत में आरोपी

के पास आकर कानों से कुन्डल झपटा मारकर छीन लिए और भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक लुटेरा शनी उम्र 28 वर्षीय पुत्र बृज बिहारीलाल निवासी दत्तू नगला थाना कायमगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

दूसरा लुटेरा कुलदीप फरार चल रहा था, उसे पकड़ने के लिए एसओजी प्रभारी सचिन चौधरी, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कस्वा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह, हेड कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल सचिन कुमार के साथ लुटेरे कुलदीप निवासी अलैयापुर थाना पटियाली जनपद कासगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लुटेरे से लूटे गये कुन्डल बरामद के लिए घटना स्थल पर लेकर आई। जहॉ कुन्डल की वरामदगी के दौरान लुटेरे कुलदीप ने पहले से छिपाकर रखे 315 बोर का तमंचे से भागने की नियत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिससे हेड कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी की वांह मे गोली लगने से घायल हो गये। खुद को घिरता देख जान की बिना जानकी परवाह किए कस्वा चौकी इन्चार्ज सोमवीर ने पुलिस टीम के साथ जवाबी फायरिंग की। जिसमे एक गोली कुलदीप के पैर में लगी और वह गिर पड़ा। पुलिस ने तत्काल घेराबन्दी कर कुलदीप को दबोच लिया। घायल हेड कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी, लुटेरे कुलदीप को उपचार के लिए कस्वा चौकी इन्चार्ज कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहा से डाक्टर जितेन्द्र बहादुर ने लोहिया अस्पताल के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना स्थल से लूटे गये कुंडल और हमले में इस्तेमाल तमन्चा 315 बोर बरामद किया। आरोपी पर तीन मुकदमे पहले से ही दर्ज है।

# मेजर एस.डी. सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में सहज योग ध्यान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मेजर एस.डी. सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में स्वास्थवृत्त एवं योग विभाग की ओर से सहज योग ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, डॉक्टरों एवं स्टाफको मानसिक शांति, तनाव मुक्ति तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में सहज योग जनपद की टीम के मोहित गुप्ता (सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर), सीमा चौरसिया (सीनियर गवर्नमेंट टीचर), शिवांगी गुप्ता (स्टूडेंट वॉलेटियर) तथा शिखा (स्टूडेंट वॉलेटियर) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



सहज योग ध्यान कार्यक्रम में भाग लेते प्रशिक्षु



सहज योग टीम को सम्मानित करते कॉलेज स्टाफ

कार्यक्रम के दौरान सहज योग के महत्व के बारे में मोहित गुप्ता ने विस्तार से जानकारी दी तथा ध्यान की विधि को प्रैक्टिकल के माध्यम से भी समझाया। प्रतिभागियों को स्वयं ध्यान का अभ्यास करवाया गया। जिससे उन्हें मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के सभी डॉक्टरों, इंटर्न छात्रों एवं अन्य स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की और इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। कॉलेज प्रशासन ने सहज योग टीम के इस निःस्वार्थ सेवा भाव के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य एवं योग कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। सहज योग टीम को कॉलेज की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान फेडरेशन की टीम जो राष्ट्रीय स्तर पर कराटे प्रतियोगिता में अपने जिले का परचम लहरा चुकी हैं उनको सम्मानित किया गया। तिकोना सब्जी मंडी स्थित पुष्कर कराटे अकादमी में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि किशोर कल्याण बोर्ड की सदस्य सुमन राठौर व विशिष्ठ अतिथि रवि गुप्ता रहे। कराटे एसोसिएशन के सचिव पारस भारद्वाज ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही राष्ट्रीय कराटे टीम के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जनपद का नाम रोशन किया।




कार्यक्रम में सम्मानित होते बच्चे

उसी के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा की इन बच्चों मे बहुत प्रतिभा है, मेरा आशीर्वाद है। आज इन्होने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अकादमी और अपने जिले का नाम रोशन किया है। आगे चलकर यह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कार्य करेंगे। उन्होंने कहा की आज के समय मे सभी बच्चों को कराटे सीखना चाहिए। अपनी सुरक्षा स्वयं करें और अपने माता-पिता को भी सुरक्षित रखें, जरुरत पड़ने पर दूसरों की मदद करें। पारस भारद्वाज व आरती भारद्वाज ने बच्चों की तारीफ की और कहा कि पूरी टीम की मेहनत है और कहा कि जिले से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर रही है।

# आबकारी टीम ने ममापुर में दबिश देकर 220 किलोग्राम लहन किया नष्ट



परिचय-घर के अंदर छापेमारी करती पुलिस



लहन नष्ट करती आबकारी टीम

**घरों में छापेमारी कर 20 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामद**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आबकारी आयुक्त के आदेश एवं जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर आबकारी टीम ने तहसील कायमगंज अंतर्गत स्थित संदिग्ध ग्राम ममापुर में दबिश दी। आबकारी टीम ने घरों में घुसकर तलाशी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान आबकारी टीम को कई लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। वहीं जमीन में दबायी गई कई किलो ग्राम लहन को बरामद कर नष्ट कर दिया गया।

गुरुवार को जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी ने अपनी टीम के साथ अवैध शराब की बिक्री एवं अवैध मद्य निष्कर्षण के दृष्टिगत तहसील कायमगंज अंतर्गत स्थित संदिग्ध ग्राम ममापुर में दबिश कार्यवाही की। आबकारी टीम को दबिश में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा 220 किलोग्राम लहन बरामद की गई। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया तथा आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 02 अभियोग पंजीकृत किए गए।

# नव संवत्सर पर पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में गोष्ठी का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा नव संवत्सर पर श्री पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

बैठक का शुभारंभ संस्कार भारती गीत ध्येय गाकर किया गया। प्रांतीय विधा प्रमुख धरोहर कला अखिलेश पांडेय ने श्री पाण्डेश्वर नाथ मंदिर के इतिहास के बारे में बताया कि पांडेश्वर नाथ फर्रुखाबाद में स्थित श्री पांडेश्वर नाथ मंदिर एक प्राचीन पौराणिक स्थल है। जिसका इतिहास महाभारत काल से जुड़ा है। मान्यता है कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने अपनी माता कुंती की प्रेरणा से, भगवान श्रीकृष्ण की उपस्थिति में यहाँ शिवलिंग की स्थापना की थी। इस पवित्र शिवालय में एक साथ 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन होते हैं। राष्ट्रीय कवि शिव ओम अंबर ने नव संवत्सर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाला हिंदू नववर्ष उस दिव्य क्षण की स्मृति का प्रतीक है, जब सृष्टिकर्ता चतुरानन ब्रह्मा ने इस जगत की रचना का शुभारंभ किया था। इस दृष्टि से यह दिन सृष्टि के नवप्रभात का उत्सव है, जिसमें प्रकृति भी अपने नवीन रूप में उल्लासपूर्वक जाग्रत होती प्रतीत होती है। ऋतु परिवर्तन के साथ जब वसंत का सुहावना स्पर्श धरती को आलोकित करता है। वृक्षों में नवपल्लव फूटते हैं। खेत-खलिहानों में हरितिमा का विस्तार होता है और वातावरण में एक नवीन प्राणशक्ति का संचार होता है, तब यह नवसंवत्सर मानव जीवन में भी नूतन उत्साह, उमंग और आत्मचेतना का संदेश लेकर आता है।




बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी

अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने सभी का धन्यवाद दिया। संचालन सचिव गौरव मिश्रा ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से समेंद शुक्ल, अरविंद दीक्षित, सुबोध शुक्ला, नवीन मिश्र नब्बू, अमन अवस्थी, नरेंद्र नाथ, विशाल श्रीवास्तव, अनुभव सारस्वत, विशाल श्रीवास्तव, नवनीत गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, रामजी बाजपेई, अनुराग पाण्डेय, रवीन्द्र भदौरिया, अखिलेश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# नव संवत्सर पर आर्य समाज ने मनाया स्थापना दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

वैदिक नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं आर्य समाज स्थापना दिवस पर आर्य समाज कमालगंज में भव्य नव संवत्सर महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, उत्साह एवं वैदिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आर्यजन, महिलाएं एवं युवाओं ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक रीति से यज्ञ के साथ हुआ।

जिसे समाज के विद्वान पुरोहित आचार्य संदीप आर्य ने वेद मंत्रों के सस्वर उच्चारण के साथ सम्पन्न कराया। आयोजित वैदिक सत्संग में आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा केवल नववर्ष का प्रारंभ नहीं, बल्कि सृष्टि के नव जागरण का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इसी दिन से सृष्टि की रचना प्रारंभ हुई मानी जाती है, इसलिए यह दिवस भारतीय संस्कृति में अत्यंत पवित्र एवं वैज्ञानिक महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि वैदिक नववर्ष हमें आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि एवं नए संकल्पों के साथ जीवन को श्रेष्ठ दिशा में अग्रसर करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है, सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा मानव जीवन में शांति, संतुलन और सद्भाव की स्थापना होती है। आज के समय में युवाओं को अपने गौरवशाली वैदिक संस्कारों को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशा, कुरीतियों एवं अंधविश्वासों से दूर रहकर वेदों के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। बालिस्टर सिंह आर्य ने युवाओं से राजनीतिक पार्टियों द्वारा फैलाये जा रहे जातिवाद और क्षेत्र वाद से सावधान रहने और आर्य समाज से जुड़ने का आवाह्न किया। कार्यक्रम में रामजीत आर्य, नीतीश राठौर, कुवंरपाल सिंह, आशीष, हिमांशु, सुरभि दीक्षित, राधा, प्रिया आदि उपस्थित रहे।



नव संवत्सर पर यज्ञ में भाग लेते लोग

# नवसंवत्सर पर नगर में धूमधाम से निकाली गई विराट हिन्दू यात्रा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

नवसंवत्सर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में भव्य विराट हिंदू यात्रा का आयोजन किया गया। गंगादरवाजा स्थित शिवाला भवन से शुरू हुई यात्रा में हजारों की संख्या में उत्साही युवा और श्रद्धालु शामिल हुए। जिससे पूरा नगर भक्ति और देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा और ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे ने भारत माता एवं राम दरबार के स्वरूपों की विधि विधान से आरती उतारकर किया। यात्रा में शामिल झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह और छत्रपति शिवाजी के स्वरूपों ने युवाओं में जोश भर दिया। भारत माता की झांकी यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। शिवशक्ति अखाड़ा के युवक-युवतियों ने हैरतअंगेज शस्त्र कला का प्रदर्शन किया। जिसे देखने के लिए सड़कों पर भीड़ उमड़ पड़ी। हाथों में 10 से 12 फीट ऊंचे केसरिया ध्वज लेकर भारत माता की जय और वदे मातरम के जयघोष के साथ यात्रा लगभग 4 किलोमीटर लंबी रही। यह यात्रा गंगादरवाजा मुख्य चौराहा, लोहाई बाजार, श्यामा गेट, बजरिया, काजम खां, तहसील रोड, पुल गालिब, चिलाका, पटवनगली, पृथ्वीदरवाजा और ट्रांसपोर्ट चौराहा होते हुए जटवारा स्थित एक गेस्ट हाउस में पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई। जगह जगह नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शिव गर्जना बैंड की धुनों और देशभक्ति गीतों पर युवा थिरकते नजर आए। कार्यक्रम में शिवशक्ति अखाड़ा परिषद के संस्थापक मधुराम शरण शिवाजी, मुस्कान रघुवंशी, दक्ष चौधरी, अक्कू पंडित, डॉ0 प्रकाश रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष देवेंद्र दुबे, संयोजक प्रभात कश्यप, चेयरमैन डॉ0 शरद गंगवार, आकाश, अरुण दुबे, दीपक राज अरोड़ा, पवन गुप्ता, पिंटू राठौर, सागर गुप्ता, अमर गुप्ता, नगर प्रचारक चंद्रेश, प्रोफेसर कुलदीप आर्य, सुभाष दीक्षित, अजय गुप्ता, संतोष गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



करतब दिखाती नारी शक्ति

## पुराने विवाद को लेकर युवक को मारी गोली, घायल

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। पुरानी रंजिश के चलते दबंग ने शिवा उर्फ चऊंआ ठाकुर को गोली मारकर घायल कर दिया। थाना कमालगंज के ग्राम पहाड़िया निवासी शिशुपाल का पुत्र शिवा उर्फचऊंआ ठाकुर गुरुवार शाम मोहल्ला गंगा गली हनुमान मंदिर के निकट दोस्तों के साथ ठेली पर फिंगर खा रहा था। उसी समय वहां पहुंचे युवक अमन ने तमंचे से शिवा के ऊपर फायर झोंक दिया। सीने के निकट गोली लगने से शिवा लहुलहान होकर वहीं गिर पड़ा। उसे तुरंत ही सीएससी कमालगंज ले जाया गया। डॉक्टर मानसिंह वर्मा ने शिवा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सीओ संजय वर्मा, थानाध्यक्ष ललित कुमार ने अस्पताल जाकर घायल शिवा से पूछताछ की। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।



जांच पड़ताल करते सीओ

## भाजपा पूर्वी नगर मण्डल की कमेटी घोषित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भाजपा के पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष ने अपनी कमेटी की घोषणा की। जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा द्वारा कमेटी का अनुमोदन के बाद पूर्वी मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र आर्य ने अपनी 16 सदस्यीय कमेटी में मण्डल उपाध्यक्ष अभिषेक अग्निहोत्री, अमन कटियार, शोभित सक्सेना, विश्राम सिंह यादव, रोहित शर्मा, कृष्ण मोहन शर्मा को बनाया है। मण्डल महामंत्री अनुभव कनौजिया व ज्ञानेन्द्र कश्यप बने। मण्डल मंत्री की जिम्मेदारी राजकुमार राठौर, आशीष वर्मा, सागर गुप्ता, राजन सिंह, माधुरी दुबे, अनीता कनौजिया को दी गई है। कोषाध्यक्ष का दायित्व सभासद शक्ति सिंह कुशवाहा को मिला।

# भारतीय नववर्ष पर ब्रह्माकुमारी केंद्र पर नारी सम्मान पर हुई चर्चा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद अंगूरीबाग सेवा केंद्र पर भारतीय नव वर्ष में नारी के सम्मान में तन बिगाड़ने वाले और मन बिगाड़ने वालों से परहेज विषय पर चर्चा हुई। बीके शोभा बहन ने कहा कि जहाँ दो युगों से नारी को गिराने का प्रयास किया गया। वहीं कुछ ऐसे महान पुरुषों ने नारियों के सम्मान को ऊंचा उठाया। उनकी आबरू बचाने का प्रयास किया, उनके अधिकारों के लिए दुनिया से भी लड़ गए। गौतम बुद्ध, स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों ने नारी की परिभाषा ही बदल दी। परमपिता परमात्मा ने भी नारी शक्ति को महानायक बनाया, न केवल संपूर्ण अधिकार दिलाया। बल्कि संपूर्ण विश्व के समक्ष ज्ञान गंगा, दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती रूप में प्रत्यक्ष कर दिया। ब्रह्माकुमारी संस्था नारियों द्वारा संचालित होने वाले विश्व की सबसे बड़ी आध्यात्मिक संस्था है, जो न केवल राजयोग सिखाती बल्कि मानव जीवन के हर एक पहलू को स्पर्श करती है, तभी आज महिलाएं विश्व के हर क्षेत्र में अपना तन मन पवित्र बनाकर योगदान दे रहे हैं। बहन मिथलेश ने कहा कि सब लोग यही बोलते दुनिया मतलबी है, यह कोई नहीं कहता मैं भी मतलबी हूं। जिस जमीन के लिए महाभारत हुई थी वह जमीन तो आज भी वही पड़ी है। बस हम अपने संतोष को खो बैठते हैं, तभी हमारा मन और तन दोनों दुष्ट हो जाता है, यदि खुद को पहचाना तो सच्चा सुख शान्ति संतोष का अनुभव हो सकता। फूलमती माता ने कहा कि तन बिगड़ा है, अशुद्ध खानपान से और हमारा मन बिगड़ा है, अशुद्ध विचारों से हम दोनों का परहेज रखें, तो सदा खुश रहेंगे और सदा घर सुख में मंदिर बन जाएगा। संतोष कहा कि नई जितनी पवित्र और शुद्ध विचार रखते उनके भी साथ पुरुष का हाथ और साथ रहता है। जैसे सीता जिंदा मिली राम की ताकत थी, सीता पवित्र मिली रावण की मर्यादा थी और पवित्र सीता पर भी उंगली उठी वह गंदे समाज की सोच थी, इसलिए हमें अपनी सोच को बदलना है। सकारात्मक सोच रखकर हर कार्य करें, तो घर मंदिर बन जाएगा। देवतुल्य बन जाएगा। सुख शांति में बन जाएगा। महिलाओं ने अपनी-अपनी भावनाओं को अपनी ताकत को कायम रखने के लिए संकल्प किया और माँ के चैतन्य स्वरूपों का तिलकलगाकर पूजा आरती की। आध्यात्मिक भजनों का भी समावेश रहा। शोभा बहन ने कहा नारी शक्ति महान नारी शिव शक्ति है।



कार्यक्रम में मौजूद महिलायें

# स्काउट गाइड की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

**संस्था विरोधी लिप्त पाये जाने पर तीन सदस्यीय कमेटी करेगी जांच**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारत स्काउट गाइड की जिला कार्यकारिणी एवं वित्त कार्य समिति की बैठक जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एवं सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मयंक शर्मा की उपस्थिति में प्रार्थना के साथ प्रारंभ हुई। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये, जो एक अप्रैल से लागू होंगे। माध्यमिक विद्यालयों में प्रादेशिक कार्यालय से निर्धारित प्रवेश/प्रथम शुल्क 50 रुपये व द्वितीय सोपान शुल्क 60 रुपये तथा तृतीय सोपान शुल्क 200 रुपये जिला संस्था के खाते में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा प्रति-प्रतिभागी की दर से जमा कराया जाये। किसी भी दशा में प्रशिक्षक व अन्य व्यक्ति को रुपये उपलब्ध न कराया जाये। अंश शुल्क जनपद कार्यालय से 10 किलो मीटर की परिधि में 30 तथा 10 किलो मीटर की अधिक दूरी पर 35 प्रतिशत प्रोत्साहन भत्ता जिला संस्था द्वारा प्रशिक्षक को नियमानुसार अनुमति प्राप्त करके देय होगा। तृतीय सोपान प्राप्त स्काउट गाइड को राज्य पुरुस्कार प्रशिक्षण हेतु आवेदन अप्रैल, मई में पंजीकृत कराकर शीघ्र ही राज्य पुरुस्कार प्रशिक्षण शिविर के आयोजन कराये जाने की सहमति बनी। अप्रैल, मई में सीबीएससी बोर्ड एवं माध्यमिक व यूपी बोर्ड विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन कार्यशाला करायी जायेगी। इसके साथ ही ऐसे शिक्षक, शिक्षिका जिन्होंने बेसिक कोर्स किया है, वह जुलाई, अगस्त में एडवांस कोर्स शिविर के आयोजन का निर्णय लिया गया है। मयंक शर्मा द्वारा जिला संस्था को बताया गया कि सत्र 2025-26 के प्रादेशिक लक्ष्यों को 31 मार्च तक अधिक से अधिक पूरा करने के साथ सर्वोच्चतम पुरुस्कार जनपद के लिए प्रेषित किया। जिला संस्था से जुड़े कुछ व्यक्ति संस्था विरोधी गतिविधियों में लिप्त, प्रचार, प्रसार करने वाले व्यक्ति को तीन सदस्यीय समिति गठित कर संस्था हित में निर्णय लिया जाये। इस मौके पर पुष्कर मिश्रा, चमन शुक्ला, शिवओम द्विवेदी व इंदू मिश्रा, आशीष सिंह, पुष्पा सिंह, राघवेन्द्र मिश्रा, नवाब सिंह, समरेन्द्र शुक्ल, योगेश, राजेश, राम शास्त्री, पुष्पेन्द्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद स्काउट गाइड पदाधिकारी

# ज्योनी मुख्य मार्ग पर जलभराव व कीचड़, ग्रामीणों में रोष

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

ग्राम पंचायत ज्योनी में मुख्य मार्ग पर जलभराव और कीचड़ से ग्रामीणों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों काफी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने इसे विकास कार्यों की कमी बताते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। गांव का मुख्य मार्ग, जो सलेमपुर ढूंढमई से जोड़ता है, वहां नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण गंदगी का अंबार लगा है।

उचित जल निकासी और पुलिया के अभाव में सड़क पर हर समय कीचड़ भरा रहता है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। कीचड़ के कारण कई लोग फिसलकर गिर चुके हैं और चोटिल हुए हैं। सड़क पर जमा गंदे पानी और कचरे से इलाके में भयंकर दुर्गंध फैल रही है, जिससे आसपास के परिवारों का जीना मुहाल हो गया है। ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर सता रहा है। गांव निवासी महेंद्र, प्रमोद, छेदलाल और संतोष सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से तत्काल नालियों की सफाई, जल निकासी के लिए पुलिया का निर्माण और सड़क को कीचड़ मुक्त कर आवागमन सुगम बनाने की मांग की है।



ज्योनी मार्ग पर भरा कीचड़

## खबरें एक नजर में

### लखीमपुर खीरी में स्थायी हेलीपैड निर्माण को मिली रफ्तार, कई ब्लॉकों को मिलेगा लाभ

**लखीमपुर खीरी।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत जनपद लखीमपुर खीरी में स्थायी हेलीपैड निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। शासन का लक्ष्य प्रदेश की सभी तहसीलों और विकास खंडों में हेलीपैड स्थापित कर बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है, जिससे आपातकालीन सेवाएं, आपदा प्रबंधन और वीवीआईपी आवागमन को सुगम बनाया जा सके। इसी क्रम में जिले के विकास खंड पसगवां, मितौली और बेहजम में स्थायी हेलीपैड निर्माण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। पसगवां ब्लॉक में हेलीपैड निर्माण के लिए करीब 75 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है, जबकि मितौली ब्लॉक में यह लागत लगभग 82 लाख रुपये आंकी गई है। वहीं बेहजम ब्लॉक में भी करीब 76 लाख रुपये की लागत से हेलीपैड निर्माण का कार्य प्रस्तावित है और इस दिशा में कार्रवाई जारी है। प्रशासन ने इन परियोजनाओं को लगभग दो माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इन हेलीपैड्स के निर्माण से जिले में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को बड़ा बल मिलेगा। गंभीर मरीजों को एयर एम्बुलेंस के माध्यम से शीघ्र उच्च स्तरीय अस्पतालों तक पहुंचाया जा सकेगा। इसके साथ ही बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों को भी गति मिलेगी, जिससे प्रभावित क्षेत्रों तक समय रहते सहायता पहुंचाई जा सकेगी। अधिकारियों का यह भी कहना है कि हेलीपैड बनने से जिले में वीवीआईपी मूवमेंट अधिक सुव्यवस्थित होगा। अब तक अस्थायी व्यवस्थाओं के कारण कई बार दिक्कतें सामने आती थीं, लेकिन स्थायी हेलीपैड बनने से यह समस्या दूर हो जाएगी। जनपद में इस योजना के लागू होने से न केवल प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी नई दिशा मिलेगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह पहल जिले के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी और भविष्य में आपदा प्रबंधन व स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में इसका सकारात्मक असर देखने को मिल सकता है।

### मितौली क्षेत्र को बड़ी सौगात..., गहियापुरवा में कठिना नदी पर पुल निर्माण को मिली मंजूरी, जल्द शुरू होगा कार्य

**मितौली-खीरी।** विकासखंड मितौली की ग्राम पंचायत खंजन नगर अंतर्गत गहियापुरवा के ग्रामीणों के लिए बहुप्रतीक्षित राहत भरी खबर सामने आई है। वर्षों से आवागमन की समस्या झेल रहे क्षेत्रवासियों को अब जल्द ही बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। गहियापुरवा स्थित कठिना नदी पर पुल निर्माण कार्य को शासन स्तर से मंजूरी मिल गई है और शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इस पुल के निर्माण में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके लगातार प्रयासों के चलते यह प्रस्ताव शासन तक पहुंचा और अंततः स्वीकृति मिल गई। क्षेत्रीय जनता लंबे समय से इस पुल की मांग कर रही थी, क्योंकि बरसात के मौसम में कठिना नदी पार करना जान जोखिम में डालने जैसा हो जाता था। ग्रामीणों ने बताया कि पुल के अभाव में स्कूली बच्चों की पढ़ाई, किसानों की फसल ढुलाई और दैनिक जीवन की गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित होती थीं। कई बार गंभीर रूप से बीमार मरीजों को समय पर अस्पताल तक पहुंचाना भी चुनौती बन जाता था। ऐसे में पुल निर्माण की मंजूरी की खबर से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने जुगुल किशोर के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें गरीब, शोषित और पीड़ितों का मसीहा बताया और आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि उन्होंने हमेशा क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता दी और उनके समाधान के लिए सक्रियता से काम किया। पुल निर्माण के बाद न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि मितौली क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई गति मिलेगी। व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी, जिससे क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।

### सीए एसोसिएशन का सफल आयोजन, एजीएम में खातों को मिली स्वीकृति



**लखीमपुर खीरी।** शहर के सरना होटल में सीए एसोसिएशन द्वारा कमेटी ऑन बैंक ऑडिट के तत्वावधान में एक सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑडिट से जुड़े विभिन्न अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने पेशे से जुड़ी जटिलताओं, चुनौतियों और बदलते नियमों पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बैंक ऑडिट की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने पर जोर दिया। साथ ही नई गाइडलाइंस और तकनीकी बदलावों को अपनाने की आवश्यकता बताई गई, ताकि पेशेवर गुणवत्ता को और बेहतर किया जा सके। इसी क्रम में सीपीई चैप्टर की वार्षिक आम सभा (एजीएम) भी आयोजित की गई। एजीएम में वर्ष भर के आय-व्यय से संबंधित खातों (बुक्स ऑफ अकाउंट्स) को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। सभा में आगामी वर्ष की कार्ययोजना, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सदस्यों के हित में प्रस्तावित गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। एजीएम के दौरान संगठन के नए पदाधिकारियों का चयन भी संपन्न हुआ। इसमें सीए विजय गुप्ता को पुनः संयोजक (कन्वीनर) चुना गया, जबकि सीए छैल बिहारी को निर्विरोध उप संयोजक (डिप्टी कन्वीनर) नियुक्त किया गया। पदाधिकारियों के चयन के बाद सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में सीए सोमेश बरतरिया, शगुन, महेंद्र, अनुज समेत बड़ी संख्या में सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की और अपने सुझाव प्रस्तुत किए। सभा के अंत में वर्तमान उप संयोजक अमित गुप्ता ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी के सहयोग की सराहना की।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाः जनप्रतिनिधियों ने नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद, मंगलमय जीवन की कामना की



**मिर्जापुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) विकास खण्ड-सीटी के अन्तर्गत ग्राम-चन्दईपुर (खेल का मैदान) में आयोजित कराया गया, जिसमें जनपद के विकास खण्ड-सीटी, कोन, मझवां, पहाड़ी, नरायनपुर, नगरपालिका मीरजापुर एवं नगरपंचायत कछवां के अनुसूचित जाति के 175, अनुसूचित जनजाति के 2, अन्य पिछड़ावर्ग के 81, सामान्य वर्ग के 3 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 4 अर्थात कुल 265 जोड़ों का सामूहिक विवाह सकुशल सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्या, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद श्याम सुन्दर केसरी, ब्लाक प्रमुख मझवां, कोन, सीटी, पहाड़ी, अध्यक्ष नगरपंचायत कछवां, एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, परियोजना निदेशक मीरजापुर, उपनिदेशक, समाज कल्याण, विन्ध्याचल मण्डल,, खण्ड विकास अधिकारी-सीटी, कोन, मझवां, पहाड़ी, नरायनपुर, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका मीरजापुर एवं कछवां एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, मीरजापुर उपस्थित रहकर नव दम्पतियों को अपना आषीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

### यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 9347 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**मिर्जापुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन बुधवार से औपचारिक रूप से शुरू हो गया। पहले दिन के मूल्यांकन में उप प्रधान परीक्षकों ने कोठार से रैंडम उत्तरपुस्तिकाओं का बंडल लेकर कर दस-दस आदर्श कॉपियों का मूल्यांकन कर परीक्षकों को दिखाया। साथ ही परीक्षकों को यूपी बोर्ड के मूल्यांकन के नियम के बारे में जानकारी दी गई। मूल्यांकित आदर्श उत्तर पुस्तिकाओं को परीक्षकों को दिखा कर उसी के अनुसार कुछ कॉपियों का मूल्यांकन भी कराया गया। हालांकि पहले दिन उप प्रधान परीक्षकों और परीक्षकों की उपस्थिति कम रही। राजस्थान में हाईस्कूल, बीएलजे हाईस्कूल, इंटर मिश्रित और राजकीय इंटरमीडिएट कालेज मूल्यांकन केंद्र के कुल 165 टेबलों के सापेक्ष 141 टेबलों का संचालन हुआ। जबकि 24 उप प्रधान परीक्षक अनुपस्थित रहे। इसी तरह तीनों मूल्यांकन केंद्रों के लिए आवंटित 1632 परीक्षकों में 1039 परीक्षक उपस्थित रहे। जबकि 539 परीक्षक पहले ही दिन अनुपस्थित रहे। उधर तीनों मूल्यांकन केंद्रों को मिलाकर कुल लगभग 9347 उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकित की गई। इनमें हाईस्कूल की 5012 और इंटरमीडिएट की 4335 शामिल हैं। उत्तरपुस्तिकाओं के पारदर्शी नियम संगत तरीके से जांचने के लिए सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। उधर यूपी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय से आए पर्यवेक्षकों ने मूल्याकंन की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मूल्यांकन केंद्रों पर चल रहे मूल्यांकन कार्य का जिला एवं राज्य कंट्रोल रूम से मानिटरिंग की जा रही है। कार्य पूरा किया गया। तीनों केंद्रों को मिलाकर कुल इ-पेपर राजकीय इंटर कालेज में इंटर की कुल 1735, बीएलजे में हाईस्कूल 331 और इंटर के 2600, राजस्थान इंटर कालेज में हाईस्कूल की कुल 4681 उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकित की गईं। तीन लाख 15 हजार 501 उत्तरपुस्तिकाएं आवंटितमाध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज ने नगर के तीनों जीआईसी, बीएलजे और राजस्थान इंटर कालेज के मूल्यांकन केंद्रों पर 18 से एक अप्रैल तक यानी 16 दिनों में तीन लाख 15 हजार 501 उत्तरपुस्तिकाओं को मूल्यांकन के लिए आवंटित की गई है।

# ईद-उल-फितर व नवरात्र को लेकर भीरा थाना में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



आगामी ईद-उल-फितर और चैत्र नवरात्र के मद्देनज़र भीरा थाना परिसर में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी रोहित दुबे ने की। बैठक में क्षेत्र के धर्मगुरुओं, गणमान्य नागरिकों और पुलिस अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। थाना प्रभारी ने उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराते हुए त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सहयोग की अपील की।

बैठक के दौरान पुलिस और धर्मगुरुओं के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला। सभी उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में आपसी भाईचारा, शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी रोहित दुबे ने स्पष्ट रूप से कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या असामाजिक गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस पूरी तरह सतर्क है और क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन की ओर से आमजन से अपील की गई है कि किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## नव संवत्सर व चैत्र नवरात्र का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**लखीमपुर-खीरी।** विद्याभारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका मिश्राना में गुरुवार को भारतीय नव संवत्सर एवं वासंतिक नवरात्र के शुभारंभ का कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना से हुई। प्रधानाचार्या हीरा सिंह ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 का प्रारंभ हुआ है, जो इस वर्ष अधिकमास के कारण 13 महीनों का रहेगा। उन्होंने नव संवत्सर के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे भारतीय परंपरा का आधार बताया। कार्यक्रम संयोजिका पूनम सिंह ने बताया कि इसी दिन सृष्टि की रचना प्रारंभ होने की मान्यता है और भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी तिथि से जुड़ा है। साथ ही सम्राट विक्रमादित्य द्वारा विक्रम संवत का प्रारंभ, महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा आर्य समाज की स्थापना तथा भगवान झूलेलाल की जयंती भी इसी दिन मानी जाती है। इस अवसर पर शिशु वाटिका के बच्चों ने जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग, कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार सिंह, सीएमओ संतोष गुप्ता व अन्य अधिकारियों को नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन शांतिमंत्र के साथ हुआ।

## हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के बेहतर उपचार हेतु चिकित्सकों को दिया गया प्रशिक्षण

**लखीमपुर खीरी।** मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से सीएमओ कार्यालय सभागार में उच्च जोखिम युक्त गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) के उपचार एवं प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने की।



सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान और उचित उपचार बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से चिकित्सा अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें एचआरपी चिन्हीकरण, समय पर उपचार, समुचित प्रबंधन और रेफरल सेवाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान एनीमिया की पहचान, संतुलित आहार, प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) और सुरक्षित संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। जटिल मामलों को समय पर उच्च स्तरीय अस्पतालों में रेफर करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। यह प्रशिक्षण राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों डॉ. यामिनी बादल, डॉ. अर्चना कुमारी और डॉ. प्रमोद वर्मा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा, डॉ. आरएम गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित सिंह, डीपीएम अनिल यादव, डीएमएचसी लल्ला सिंह, अंशुमान पांडे व डॉ. पुनीत सिंह पाल सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। अंत में प्रतिभागियों से प्रशिक्षण को जमीनी स्तर पर लागू करने की अपील की गई।

## चैत्र नवरात्र में कैला माता मंदिर बना आस्था का केंद्र, उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

▸ गोला-अलीगंज मार्ग पर स्थित मंदिर में हर मुराद होती है पूरी, सालभर चलते रहते हैं धार्मिक आयोजन

**बिजुआ, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र में यूं तो माता के अनेक मंदिर स्थित हैं, लेकिन गोला-अलीगंज मार्ग के मध्य उल्ल नदी के किनारे स्थित कैला माता एवं चामुंडा देवी मंदिर की अपनी अलग ही पहचान है। चैत्र नवरात्र के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है।

सन 2009 में स्वर्गीय शांति देवी द्वारा निर्मित इस मंदिर में मां कैला देवी, मां चामुंडा देवी, बजरंगबली और गणेश जी सहित कई देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं। स्थापना के बाद से ही मंदिर की महिमा दूर-दूर तक फैलती चली गई। क्षेत्र में मां कैला देवी और चामुंडा देवी का यह एकमात्र प्रमुख मंदिर होने के कारण यहां श्रद्धालुओं की विशेष आस्था जुड़ी हुई है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है। इसी आस्था के चलते दूर-दराज से भक्त यहां पहुंचते हैं और मन्नत पूरी होने पर भंडारा, अन्नप्राशन और मुंडन जैसे धार्मिक आयोजन कराते हैं। मंदिर परिसर में सालभर सुंदरकांड पाठ और अन्य धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं।

नवरात्र के दौरान मंदिर में भव्य जागरण का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। सुबह-शाम नियमित आरती, प्रसाद वितरण और पूजा-अर्चना का क्रम निरंतर चलता रहता है। मंदिर में दो पुजारी स्थायी रूप से सेवा में लगे रहते हैं, जो सभी धार्मिक आयोजनों का संचालन करते हैं। मंदिर की आस्था का आलम यह है कि मार्ग से गुजरने वाले राहगीर भी यहां रुककर माता के दर्शन कर शीश नवाने के बाद ही आगे बढ़ते हैं। नवरात्र के पावन अवसर पर यह मंदिर क्षेत्र का प्रमुख आस्था केंद्र बन जाता है, जहां श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

### चैत्र नवरात्र की प्रतिपदा मां शीतला के दरबार में उमड़े भक्त

**चुनार (मिर्जापुर)।** वासंतिक नवरात्र के प्रतिपदा तिथि पर गुरुवार को क्षेत्र के अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता मंदिर में मां के दर्शन-पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भोर में मंगला आरती से पहले ही भक्तों की लंबी लाइन लग गई। मंगला आरती के बाद आम भक्तों के लिए मातारानी के कपाट खोल दिया गाया। हाथ में नारियल, चुनरी, गुड़हल के लाल फूलों की माला लिए जय माता दी के जयकारा लगाते गर्भगृह में पहुंचकर विविध पुष्प मलाओं से सजे मां की शैलपुत्री स्वरूप के दर्शन कर निहाल हो गए। भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स तैनात रही।

## नकहा ब्लॉक में शिलापट्ट तोड़े जाने पर बवाल, दोबारा लगाया गया शिलापट्ट

▸ तीन दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो घेराव की चेतावनी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नकहा विकास खंड परिसर में शिलापट्ट तोड़े जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र के प्रधानों और जनप्रतिनिधियों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। विरोध के बीच प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए गुरुवार को मौके पर दोबारा शिलापट्ट स्थापित करा दिया।

जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पूर्व ब्लॉक परिसर में भूमि पूजन के दौरान शिलापट्ट लगाया गया था, जिसे अराजक तत्वों ने तोड़कर हटा दिया। इस घटना से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई। प्रधान संघ अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने खंड विकास




अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके नाम सार्वजनिक किए जाएं। साथ ही तत्काल नए शिलापट्ट की स्थापना और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ी संख्या में ग्रामीण ब्लॉक परिसर का घेराव करेंगे। मामले की सूचना थाना खीरी पुलिस को भी दी गई है। इसे सुनियोजित घटना बताते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। उधर, प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर नया शिलापट्ट लगवा दिया है, लेकिन जनप्रतिनिधियों का कहना है कि केवल शिलापट्ट लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि दोषियों की पहचान कर दंडित करना भी जरूरी है। थाना प्रभारी निराला तिवारी ने बताया कि मामले में तहरीर मिल गई है और जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सुशील कुमार वर्मा, संदीप वर्मा, दिलीप कुमार, किशोरी लाल, महबूब अली, राजकुमार और सर्वेश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

### यूओ कान्वेंट स्कूल के 12 बच्चे का जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के कोटा शिव प्रताप सिंह गांव स्थित यूओ कांवेट स्कूल के बारह छात्र छात्राओ का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर विद्यालय व अभिभावको में खुशी की लहर दौड़ पड़ी यूओ कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक ओमकार पाण्डेय ने बताया की जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में विद्यालय के छात्र बुद्धिमान, दीपक, लव गुप्ता, मनीष गुप्ता, अनुप्रिया सिंह पटेल, निधि पाल, दीपेश, सतीश गुप्ता, शिवम कुमार, अनन्या सिंह, विनय गुप्ता, नेहा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है विद्यालय के छात्र छात्राओ का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में होने पर प्रबंधक ने अपने सभी शिक्षकों आदि को धन्यवाद दिया है।

### 3011 निःशुल्क राहत बचाव लाइफ जैकेट का विधायक अनुराग सिंह ने किया वितरण



**चुनार (मिर्जापुर)।** तहसील सभागार में राजस्व एवं आपदा विभाग द्वारा राहत बचाव हेतु नविको को निःशुल्क 3011 लाइफ जैकेट का वितरण चुनार विधायक अनुराग सिंह ने किया, विधायक ने कहां की नविको को लाइफ जैकेट वितरण से गंगा में किसी को डूबने से बचाने में बहुत ही सहुलित होगी, इस दौरान चुनार तहसील के नविको की संख्या काफी रही। इस दौरान लाइव जैकेट पाने वाले भोलू, मंगोलू, मंगला प्रसाद, दयाशंकर भारत, छागुर,दीपक कुमार राकेश साहनी विजय शंकर रहे। कार्यक्रम में उपस्थित उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, तहसीलदार देवेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह भाजपा नगर अध्यक्ष मंगरु साहनी, विजय बहादुर सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, अनिल कुमार, कार्यक्रम का संचालन उत्तम कुमार ने किया।

## बीएचयू ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान दूसरे भाई की भी टूटी सांसें

**राजगढ़(मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव के पास बुधवार की शाम को अज्ञात वाहन के धक्के से घायल बाइक सवार भाइयों में दूसरे भाई की भी बुधवार की रात बीएचयू ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान सांसें थम गई। इससे पहले एक भाई की बुधवार को ही मौत हो गई थी। एक साथ सगे भाइयों की मौत से परिवार का चिराग बुझ गया। दो जवान भाइयों की मौत के गम में पूरे गांव में चूल्हे नहीं जले। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। एक साथ दो जवान बेटों की अर्थी उठते देख हर किसी की आंखें नम हो गई। मां गीता देवी रोते-रोते बेसुध हो जा रही हैं। थाना क्षेत्र के राजगढ़ बाजार निवासी शिव गोविंद उर्फ बमबम लगभग चालीस वर्ष पहले अपना पैतृक घर करमा सोनभद्र से छोड़कर अपने ससुराल राजगढ़ में मकान बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। शिवगोविंद को बेटों 35 वर्षीय सुनील केशरी और 30 वर्षीय सचिन केशरी थे। पड़ोसी सोनभद्र जनपद के करमा बाजार स्थित अपने दो कमरे के मकान में सुनील और सचिन कपड़े की दुकान चलाते थे। रोज सुबह दोनो भाई एक ही बाइक से कपड़े की दुकान करमा आजे जाते थे। रोज की तरह बुधवार की शाम को लगभग 7:15 बजे दुकान बंद करने के बाद एक ही बाइक से दोनों भाई अपने घर राजगढ़ आ रहे थे। मिर्जापुर-सोनभद्र मार्ग पर विशुनपूरा गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दोनों भाइयों को धक्का मार कर मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से दोनों भाइयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंदराजगढ़ भेजवाया, जहां चिकित्सक ने परीक्षण कर छोटे भाई सचिन को मृत घोषित कर दिया। जबकि, बड़े पुत्र सुनील की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर वाराणसी के बीएचयू रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान सुनील भी मौत हो गई। मृतक सुनील को 5 वर्षीय और 8 वर्षीय दो पुत्रियां हैं। जबकि सचिन की शादी के लिए शुक्रवार को परिजन लड़की देखने के लिए जाने वाले थे। दोनो भाइयों की मौत से घर का चिराग बुझ गया। राजगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि अज्ञात वाहन के धक्के से घायल बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई।

## डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गई। आयुष्मान कार्ड योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र परिवारो सहित विशेषकर 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नागरिको का आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। स्वास्थ्य अधिकारियो को हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) वाले मामलो में कड़ी निगरानी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने हेतु प्रयास किए जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर मानक के अनुसार दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं स्टाक रजिस्टर को अपडेट रखने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में आशा कार्यकत्रियो व एएनएम के कार्यों की भी बिन्दुवार समीक्षा की गई तथा निर्देशित किया गया कि खराब प्रदर्शन करने वाले कार्यकत्रियोध्कार्मिको को चिन्हित करते हुए प्रगति बढ़ाई जाए अथवा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाए। आईपीडी की समीक्षा में मेडिकल कालेज, चील्ह व विजयपुर में आईपी कम होने पर सम्बन्धित अधिकारी बढ़ाने का निर्देश दिया गया। एम्बुलेंस 102 व 108 की समीक्षा में मरीजो को सही गंतव्य तक न पहुंचाने वाले एम्बुलेंस कर्मियो पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि सभी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में मूवमेंट रजिस्टर बनाए जाए एवं एम्बुलेंस से आने जाने वाले मरीजो का लेखा जोखा रखा जाए तथा एम्बुलेंस किस मरीज को कितने समय लेने जा रही है उसकी भी सूचना दे। उन्होंने कहा कि गम्भीर हालत में आने वाले मरीजो जिनकी स्क्रीनिंग करानी है यदि उनसे संक्रमण फैलने की आशंका है तो उनके आस पास के मरीजो की स्क्रीनिंग कराते हुए उपचार करें। राष्ट्रीय अंधता व दृष्टिहीनता कार्यक्रम की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सभी सामुदायिकध्प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो के प्रभारी चिकितसाधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे मरीज जिनकी दृष्टि में कोई समस्या है उन मरीजो को तत्काल आई सर्जन को रेफर करे ताकि ऐसे मरीज समय रहते अपनी समुचित जांच करा सकें। बैठक में पीपी परियोजनाओं, इएनसी रजिस्ट्रेशन, कुष्ठ रोग, क्षय रोग, मंत्र एप पर बर्थ डोज की समीक्षा, जननी सुरक्षा भुगतान, मातृ मृत्यु आडिट, टीकाकरण, एफआरयू की समीक्षा, आरसीएच स्टेटस, फैमिली प्लानिंग, एसएनसीयू, जिला महिला चिकित्सालय, एम्बुलेंस 108 व 102 की पहुंच टाइमिंग, विभिन्न चिकित्सालयो में ओपीडी में मरीजो की संख्या, आभा प्रगति रिपोर्ट, राष्ट्रीय कुष्ठ उनमूलन कार्यक्रम सहित अन्य सभी बिन्दुओं की समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सीएल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### रोजा इफ्तार का आयोजन



**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी द्वारा पवित्र रमजान के महीने में बाग कुंजन गिरी रोजा इफ्तारका आयोजन किया गया। इस आयोजन में सभी धर्मों और वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आपसी भाईचारे, एकता और सौहार्द का संदेश दिया। जिला अध्यक्ष श्री चौधरी ने इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों, बुजुर्गों और साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकजुटता को मजबूत करना ही समाजवादी विचारधारा की पहचान है कार्यक्रम मे सैफअंसारी,रवि सोनकर, अशोक सिंह मुन्ना, झल्लू यादव, विजय पटेल, राणा प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।